निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, मंगलवार 10 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 264 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



हजारीबाग में ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार तस्कर

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गुमला।** जिले के कामडरा प्रखंड में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज मामले की छानबीन कर रही है। पहली घटना कामडरा-बेरो मुख्य पथ पर अरहरा मोड़ के पास हुई। यहां एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो किशोरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बसिया सरईडीह निवासी रंजीत किंडो के 16 वर्षीय पुत्र फिलमोन किंडो और तुरुन्डु डूमरटोली निवासी अनमोल तोपनो के 14 वर्षीय पुत्र आलोक टोपनो के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दोनों मृतक बसिया कॉलेज में इंटर की परीक्षा दे रहे थे और इसी कारण आलोक टोपनो के घर टुंरुडु डूमरटोली में रह रहे थे। वे बकसपुर से लौट रहे थे तभी मोड कोटबों पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दोनों किशोरों को स्थानीय लोगों की मदद से कामडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना कामडरा प्रखंड के पोकला गेट रेलवे क्रॉसिंग के पास हुई। यहां एक ब्रेकर पर असंतुलित होकर ऑटो के पलट जाने से 17 वर्षीय बीकू साहू की मौत हो गई। बताया गया कि बसिया थाना क्षेत्र के कुलूसेरा का एक परिवार और कुछ महिलाएं गनालोया में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ऑटो से लौट रहे थे। पोकला गेट रेलवे फाटक के पास ब्रेकर पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में रिजु साहू के पुत्र बीकू साहू की जान चली गई जबकि अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं।

राज्यसभा तक पहुंची झारखंड की संथाल और उरांव जनजाति की अस्मिता की आवाज

# संथाल और उरांव जनजाति की धरोहरों को संरक्षित करे सरकार : दीपक प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दिल्ली/रांची। झारखंड की संथाल और उरांव जनजाति की अपनी एक अलग पहचान है। अब उनकी अस्मिता की आवाज दिल्ली तक पहुंच गई है। झारखंड से भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने दोनों जनजातियों के धरोहरों को संरक्षित करने का मुद्दा संसद में उठाया है। उन्होंने एक सांस्कृतिक कॉरिडोर विकसित करने की मांग की है। संसद में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि उरांव और संथाल जनजाति की संस्कृति प्राचीनतम है। इनके धरोहरों को संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से मांग की कि झारखंड और बिहार की सीमाओं में फैले ऐतिहासिक स्थलों रोहतासगढ़, मुड़मा और मरांग बुरु को जोड़कर एक विशिष्ट सांस्कृतिक कॉरिडोर विकसित किया जाए। राज्सभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि आदिवासियों को संरक्षित करने के लिए उनकी विरासत को सहेजना होगा। उन्होंने काव्य पंक्तियों के जरिए आदिवासियों के



गौरव का बखान किया। कहा कि जहां पुरखों की खुशबू है, जहां आस्था का डेरा है, वो रोहतासगढ़, वो मुड़मा, वो मारंग बुरु, पहचान का सवेरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार का रोहतासगढ़ उरांव समाज के शौर्य और उनके पूर्वजों की अमिट स्मृतियों का केंद्र है। वहीं, रांची के मांडर में मौजूद 'मुड़मा स्थल' न केवल धार्मिक शक्ति खूंटा का प्रतीक है, बल्कि यह उस 'पड़हा शासन व्यवस्था' की जननी है, जिसने आदिवासी समाज को सदियों से एक सूत्र में पिरोए रखा है। उन्होंने कहा कि पारसनाथ में मौजूद 'मरांग बुरु' संथाल आदिवासियों से सर्वोच्च देवता है। यह केवल एक पर्वत नहीं बल्कि आदिवासियों के अस्तित्व की पहचान है। उन्होंने अफसोस व्यक्त करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर की धरोहरें आज भी सड़क, बिजली, पेयजल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहीं हैं। राज्यसभा सांसद ने सरकार से आग्रह किया है कि मुड़मा, मरांगबुरू और रोहतासगढ़ को जोड़कर एक विशिष्ट कॉरिडोर का निर्माण किया जाय ताकि देश ही नहीं बल्कि दुनिया भी भारत की आदिवासी सभ्यता, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से रूबरू हो सके।

## तैमारा घाटी के पास धू-धू कर जला ट्रक

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** रांची-टाटा मार्ग पर तैमारा घाटी के पास सोमवार को एक ट्रक में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा वाहन धू-धू कर जल गया। जानकारी के अनुसार ट्रक जमशेदपुर से रांची की ओर आ रहा था। घटना के समय ट्रक चालक और खलासी भोजन करने के लिए तैमारा घाटी स्थित एक लाइन होटल के पास उतरे थे। इसी दौरान ट्रक के केबिन से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन लपटें लगातार बढ़ती रहीं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। प्रशासन और अग्निशमन विभाग को भी सूचना दे दी गई है। राहत की बात यह है कि चालक और खलासी सुरक्षित हैं। अग्निशमन विभाग आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटा हुआ है।

### संक्षिप्त समाचार

## चाकूबाजी में टोटो चालक की मौत

**साहिबगंज(नबिटा ब्यूरो)।** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत कल्याणचक स्टेशन परिसर में सोमवार को मामूली कहासुनी के बाद हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर आगजनी भी की। आक्रोशित आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मृतक की पहचान दलाही निवासी मंतोष कुमार के रूप में की गई।

## ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** नशे के खिलाफ हजारीबाग पुलिस सख्त है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्राउन शुगर का गोरखधंधा चल रहा है। इस सूचना के आलोक में टीम गठित कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से लगभग 40 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह आरोपी शहर में ब्राउन शुगर सप्लाई करता था। पुलिस उस नेटवर्क की तलाश कर रही है ताकि अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी हो सके। जिले के बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र में पुलिस ने 38.80 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। ब्राउन शुगर की कीमत 4 लाख रुपये आंकी गई है। साथ ही आरोपी के पास से 10100 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# राजकीय इटखोरी महोत्सव 19 फरवरी से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल इटखोरी में 19 से 21 फरवरी तक तीन दिवसीय राजकीय महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आस्था, संस्कृति और रोमांच के इस संगम के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। डीसी कीर्तिश्री ने सोमवार को समाहरणालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान महोत्सव को भव्य रूप देने के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया। इस वर्ष महोत्सव में आध्यात्मिकता के साथ आधुनिकता और साहसिक खेलों का भी समावेश होगा। डीसी ने महोत्सव के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक न होने के स्पष्ट निर्देश दिए। डीसी ने मंदिर से मुख्य सड़क तक की मरम्मत, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई और दर्शक दीर्घा में बैठने की व्यवस्था समय पर पूरी करने का आदेश दिया। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए मोबाइल और स्थायी शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याएं इस बार विशेष होंगी। इनमें बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर और देश के विभिन्न हिस्सों से आए लोक कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण भव्य ड्रोन शो होगा, जो पहली बार चतरा के आसमान को रोशन करेगा। रोमांच के शौकीनों के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। 19 और 20 फरवरी को बक्सा डैम में आम जनता के लिए निःशुल्क वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा उपलब्ध होगी। बैठक में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा और अनुमंडल पदाधिकारियों सहित जिले के तमाम वरीय अधिकारी उपस्थित थे।




## नाबालिग लड़के और लड़की ने फांसी लगा की आत्महत्या

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र में एक ही रात नाबालिग लड़के और लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाएं अलग-अलग गांवों तेतरियाडीह और बेहराडीह की है। मृतकों की पहचान तेतरियाडीह निवासी 17 वर्षीय साहिल कुमार और बेहराडीह निवासी 15 वर्षीय प्रियांशी कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों ने अपने-अपने घरों में फांसी लगाकर जान दी। फिलहाल आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस दोनों मामलों के बीच किसी संभावित संबंध की भी जांच कर रही है। हालांकि अभी तक ऐसा कोई ठोस तथ्य सामने नहीं आया है। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही डोमचांच पुलिस दोनों गांवों में पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है। परिजनों से पूछताछ के साथ-साथ आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## 48 नगर निकायों के 38 वार्डों में निर्विरोध चुने गए प्रत्याशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** शहर की सरकार बनाने में इस बार युवा जमकर भागीदारी निभा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव मैदान में खड़े प्रत्याशी प्रचार अभियान में जुटे हैं। आंकड़ों के मुताबिक इस चुनाव में 5,957 प्रत्याशी वार्ड पार्षद के लिए किस्मत आजमा रहे हैं, वहीं 598 महापौर/अध्यक्ष के लिए चुनाव मैदान में हैं। इन प्रत्याशियों में 60% युवा हैं। पिछले चुनाव में इस तरह का रूझान युवाओं का नहीं देखा गया था। पढ़े-लिखे युवाओं की शहरी निकाय चुनाव में बढ़ती संख्या पर राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में शिक्षित युवाओं की रुचि बढ़ना अच्छी बात है। शहरी निकाय चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नॉमिनेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के 48 नगर निकायों में ऐसे 38 वार्ड सामने आए हैं, यहां एक ही नामांकन अंतिम रुप से पाया गया। इस वजह से 38 वार्ड पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। झारखंड के जिन नगर निकायों में निर्विरोध निर्वाचन हुआ है उसमें आदित्यपुर में 2, साहिबगंज 5, दुमका में 2, रामगढ़ 1, चक्रधरपुर में 3, कपाली में 2, जुगसलाई में 5, राजमहल में 2, चाकुलिया में 3, मेदिनीनगर में 3, हुसैनाबाद में 1, सरायकेला में 1, मिहिजाम में 3, जामताड़ा में 2, गोड्डा में 1 और चतरा में 2 शामिल हैं। इस तरह कुल 38 वार्ड पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद के अनुसार इन 38 वार्डों में अब मतदान नहीं होगा। निर्विरोध निर्वाचित हुए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका है, शेष जगहों पर चुनाव के लिए तैयारी पूरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान कराया जाएगा। इसके लिए आयोग द्वारा जिला प्रशासन की तैयारी पर निगरानी रखी जा रही है।



# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए एमडीए अभियान आज से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए-26) अभियान का आयोजन 10 से 25 फरवरी तक किया जाएगा। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर अभियान की विस्तृत जानकारी दी और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। सिविल सर्जन ने बताया कि यह अभियान रांची जिले के कांके, सोनाहातू और तमाड़ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कुल 5,57,970 लक्षित जनसंख्या को फाइलेरिया रोधी दवाएं डीईसी और अल्बेंडाजोल का सेवन कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों और अत्यंत गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। अभियान के पहले दिन 10 फरवरी को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक भवनों में बूथ लगाकर लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इसके बाद 11 से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर शेष लक्षित आबादी को दवा का सेवन कराएंगे। इसके लिए जिले में कुल 619 बूथ बनाए गए हैं, जहां 1238 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर तैनात किए गए हैं। अभियान की निगरानी के लिए 106 सुपरवाइजरों की भी व्यवस्था की गई है। सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है ताकि शत-प्रतिशत लक्षित आबादी दवा का सेवन करे। इसके लिए विभिन्न विभागों से भी सहयोग लिया जा रहा है और लोगों को दवा सेवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक वेक्टर जनित बीमारी है, जो गंदे पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है। यह बीमारी जानलेवा नहीं होती, लेकिन इससे शरीर में स्थायी विकृति और दिव्यांगता हो सकती है। इसलिए एमडीए अभियान के दौरान सभी पात्र व्यक्तियों के लिए दवा का सेवन करना आवश्यक है। सिविल सर्जन ने बताया कि दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करें और स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों को दवा अवश्य खिलाएं। इस अवसर पर मलेरिया पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।



# एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में वसंत मेला संपन्न





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा।** वसुंधरा लेडीज क्लब, एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा द्वारा अध्यक्ष ज्योत्सना त्रिपाठी के नेतृत्व में दो दिवसीय 'वसंत मेला' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह आयोजन झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और सामुदायिक एकता को समर्पित एक रंगारंग एवं उत्साहपूर्ण उत्सव के रूप में सामने आया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रुपाली सिन्हा, अध्यक्ष वसुधा लेडीज क्लब एवं दक्षिण दीपनजली महिला समिति की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं की सक्रिय सहभागिता और सामाजिक सौहार्द को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मेले में कई गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें रेनू सहगल (अध्यक्ष, स्वर्णरेखा महिला समिति, एनटीपीसी पतरातू), धनंजय शेखड़े (परियोजना प्रमुख, चट्टी बरियातू), के. चंद्रशेखर (परियोजना प्रमुख, केरंडारी), आलोक कुमार त्रिपाठी (परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा) सहित नॉर्थ करणपुरा परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। वसंत मेले के दौरान झारखंड की लोक संस्कृति, पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प, स्थानीय व्यंजन तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की आकर्षक झलक देखने को मिली। कर्मचारियों, उनके परिवारजनों एवं आगंतुकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने मेले को विशेष रूप से जीवंत बना दिया। महिला कल्याण से जुड़े स्टॉल और क्षेत्रीय विशेषताओं को प्रदर्शित करने वाले स्टॉल मेले का प्रमुख आकर्षण रहे। दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिवस गायन, नृत्य एवं मिमिक्री जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विभिन्न खाद्य एवं हस्तशिल्प स्टॉल लगाए गए, जिससे उत्सव का माहौल बना रहा। द्वितीय दिवस में इन-हाउस गायन एवं नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रैंड हाउजी एवं लकी लॉटरी ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसके साथ वसंत मेला का विधिवत समापन हुआ। आयोजन ने कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के बीच आपसी संवाद, सांस्कृतिक जुड़ाव और सामुदायिक एकता को और मजबूत किया।

# जेवरात लूटकांड के विरोध में बंद रहा हजारीबाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव में जेवरात दुकान में दिनदहाड़े हुई लूट की घटना के बाद स्वर्ण व्यापारियों में भारी आक्रोश है। अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और दुकानों की सुरक्षा की मांग को लेकर सोमवार को बड़कागांव बाजार पूरी तरह बंद रहा। स्वर्ण व्यापारी संघ के आह्वान पर ज्वेलर्स सहित अन्य कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। जानकारी के अनुसार 7 फरवरी को बड़कागांव दैनिक बाजार स्थित नंदिनी ज्वेलर्स की दुकान खोलने के दौरान संचालक प्रभु सोनी के हाथ से बाइक सवार तीन अपराधियों ने लगभग 22 लाख रुपये मूल्य के जेवरात लूट लिए। लूट के बाद अपराधियों ने गोलीबारी की और मौके से फरार हो गए। घटना के दौरान अपराधियों को पकड़ने का प्रयास कर रहे एक ग्रामीण सुधीर सोनी को गोली लग गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं इस वारदात में व्यापारी भी घायल हुए थे। दिनदहाड़े लूट और गोलीबारी की घटना से पूरे इलाके में भय का माहौल बन गया है। लूटकांड के विरोध में रविवार को भी बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय की सभी ज्वेलर्स और बर्तन की दुकानें बंद रहीं। इस दौरान कुल 4० से अधिक दुकानों पर ताले लटके रहे जिससे व्यापारिक गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं।

मीडिया से बातचीत में बड़कागांव स्वर्णकार समाज के प्रखंड अध्यक्ष राम सेवक सोनी ने कहा कि स्वर्णकार समाज आज गांव, शहर, राज्य और देश में कहीं भी सुरक्षित नहीं है। अपराधियों द्वारा लगातार इस समाज को निशाना बनाए जाने से कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि दिनदहाड़े लूट और गोलीबारी प्रशासन की विफलता को दर्शाती है और इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और लूट में शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# डीसी ने हस्तशिल्प केंद्र का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** अग्नि प्रभावित और भू-धंसान क्षेत्र में बसे परिवार को बेलगड़िया टाउनशिप में बसाने की कवायद जारी है। हजारों लोगों को बेलगड़िया टाउनशिप में बसाया भी जा चुका है। रोजगार को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बेलगड़िया टाउनशिप की महिलाएं अब अपने हुनर से पहचान बनाएंगी। आने वाले समय में बांस और जूट जैसे पारंपरिक संसाधनों से रोजगार का रास्ता खुलेगा। इलाके में लोगों को रोजगार की दिशा में जोड़ने के लिए सोमवार को बेलगड़िया टाउनशिप के फेज-5 में झारशिल्प केंद्र की शुरुआत की गई। डीसी आदित्य रंजन ने दीप प्रज्ज्वलन कर झारशिल्प केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र एसीआईसी आइआइटी (आइएसएम) फाउंडेशन का एक्सटेंशन सेंटर है, जहां महिलाओं को बांस और जूट से जुड़े हस्तशिल्प का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूत कदमः डीसी**

उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं न सिर्फ नया हुनर सीखेंगी, बल्कि अपने पैरों पर खड़ी भी हो सकेंगी। उन्होंने महिलाओं से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और इसका पूरा लाभ उठाने की अपील की। झारशिल्प केंद्र की खास बात यह है कि यहां केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि तैयार उत्पादों को बाजार से जोड़ने की भी व्यवस्था होगी।

आइआइटी आईएसएम के उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग और बिक्री की जानकारी दी जाएगी। जिससे कि उनकी मेहनत को सही दाम मिल सके। आइआइटी (आइएसएम) फाउंडेशन की सीइओ डॉ आकांक्षा सिन्हा ने कहा कि यह केंद्र महिलाओं के लिए लंबे समय तक लाभ देने वाला साबित होगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## ऑटो पलटने से एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गुमला(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र में गुमला-पालकोट सड़क पर बहेराटोली के पास अनियंत्रित ऑटो पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार सहित तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक पी.सी. भगत की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। इलाज के दौरान रामेश्वर बैठा की मौत हो गई। अन्य घायलों को मामूली चोटें आई हैं। मृतक रामेश्वर बैठा पालकोट वन क्षेत्र में वाचर का काम करते थे।

# जेपीएससी कार्यालय के बाहर अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर सोमवार को सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करते नजर आए। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों की मुख्य मांग वर्ष 2024 की वैकेंसी में संशोधन और आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान नियमों के कारण बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार प्रतियोगिता से बाहर हो रहे हैं, जो न्यायसंगत नहीं है। प्रदर्शन में शामिल अभ्यर्थियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर अपनी मांगों को रखा। अभ्यर्थियों का कहना है कि विभिन्न कारणों से बीते वर्षों में परीक्षाएं समय पर आयोजित नहीं हो सकीं जिससे कई अभ्यर्थी आयु सीमा पार कर चुके हैं। ऐसे में 2०24 की वैकेंसी में आयु सीमा में विशेष छूट दी जानी चाहिए ताकि सभी पात्र उम्मीदवारों को समान अवसर मिल सके। प्रदर्शन में शामिल अभ्यर्थियों का यह भी आरोप है कि वैकेंसी से जुड़े नियमों और शर्तों में समय-समय पर बदलाव किए गए लेकिन उम्मीदवारों के हित में ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण संशोधन की मांग को लेकर उन्हें सड़कों पर उतरना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वे केवल अपनी जायज मांगों को आयोग और सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को देखते हुए जेपीएससी कार्यालय के बाहर प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर तैनात रहे ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो। हालांकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे अपने आंदोलन को और व्यापक रूप दे सकते हैं। वहीं प्रशासन का कहना है कि अभ्यर्थियों की मांगों को संबंधित विभाग और आयोग तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही नियमों के दायरे में रहकर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। फिलहाल जेपीएससी कार्यालय के बाहर अभ्यर्थियों का यह प्रदर्शन राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ले आया है। अब सभी की निगाहें आयोग और राज्य सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं कि वे अभ्यर्थियों की मांगों को लेकर क्या फैसला लेते हैं।

# 12 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकरपुर रेलवे ओवर ब्रिज के समीप ओबरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी में संलिप्त एक महिला और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि थानाध्यक्ष नीतीश कुमार को सूचना मिली थी कि वाहन पर सवार होकर गांजा तस्कर ओबरा की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही ओबरा पुलिस दल-बल के साथ शंकरपुर रेलवे ओवर ब्रिज के पास पहुंची और वाहन जांच अभियान शुरू किया। जांच के दौरान ओवर ब्रिज से उतरकर एक महिला और एक पुरुष संदिग्ध अवस्था में इधर-उधर जाने लगे, जिसे देखकर पुलिस ने शक के आधार पर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उनकी पहचान 30 वर्षीय नीरज कुमार उर्फ पांडू तथा 35 वर्षीय रीता देवी, पति मंतोष राम, ग्राम गमहारी, थाना ओबरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 12.445 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में सामने आया कि रीता देवी पूर्व में भी 31 किलोग्राम गांजा के साथ जेल जा चुकी है। अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि जनवरी 2025 में दाउदनगर के प्रमोद चौक से गांजा के मामले में जेल भेजे गए थे। बरामदगी को ओबरा पुलिस की बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में गांजा की बरामदगी पुलिस की सक्रियता को दर्शाती है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया और आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है।

## सोन दियारा में पुलिस की छापेमारी, तीन शराब भट्टी ध्वस्त, 225 लीटर शराब बरामद



**ओबरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ओबरा थाना क्षेत्र के महादेवा गांव स्थित सोन दियारा में रविवार को पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें तीन अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने किया। पुलिस के अनुसार सोन दियारा के टीला क्षेत्र में चलाए गए अभियान के दौरान अवैध रूप से संचालित तीन शराब भट्टी को नष्ट किया गया तथा करीब तीन हजार लीटर महुआ जावा को विनष्ट किया गया। इस दौरान 75 लीटर शराब लदी एक अपाचे मोटरसाइकिल, दस गैलन में रखी करीब 150 लीटर देशी महुआ शराब, कुल मिलाकर 225 लीटर शराब बरामद की गई। इसके साथ ही शराब निर्माण में प्रयुक्त छह छोटे-बड़े आकार के एल्युमिनियम के तसला भी जब्त किए गए। पुलिस की भनक लगते ही शराब कारोबार में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि अवैध शराब निर्माण में शामिल लोगों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब निर्माण, परिवहन और खरीद-बिक्री के खिलाफ लगातार छापेमारी अभियान जारी रहेगा और किसी भी स्थिति में अवैध कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# कैथी से मरवतपुर होते भैया मखरा पोकठा सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

**ग्रामीणों ने विभाग के एसडीओ को घेरा**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा प्रखंड अंतर्गत कैथी से मरवतपुर, भैया मखरा होते हुए पोकठा जाने वाली सड़क के कालीकरण कार्य में घोर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने ग्रामीण कार्य विभाग के प्रति आक्रोश जताया और मौके पर पहुंचे विभाग के एसडीओ को घेर लिया। बताया गया कि क्रमांक संख्या 6 एवं क्रमांक संख्या 53 के अंतर्गत लगभग 5 किलोमीटर 553 की लंबाई में 321 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप है। ग्रामीणों और शिक्षक नेता कमलेश कुमार विकल , राहुल राज, अर्जुन शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, लवकुश शर्मा, बबलू मेहता सहित अन्य लोगों का कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण सड़क निर्माण की यह स्थिति उत्पन्न हुई है। आरोप है कि आगे से कालीकरण का कार्य किया जा रहा है, जबकि पीछे किए गए कार्य में सड़क उखड़ने और खराब होने की स्थिति सामने आ रही है। इस संबंध में शिक्षक नेता कमलेश कुमार विकल द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ रंजीत कुमार को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही दाउदनगर अनुमंडल के ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ रंजीत कुमार तथा विभाग के कनीय अभियंता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने एसडीओ को घेरकर पूरे मामले की जांच की मांग की। जांच के दौरान सड़क कालीकरण कार्य में अनियमितता की बात सामने आई। मौके पर एसडीओ रंजीत कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए बताया कि प्लांट में तकनीकी खराबी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां लेयर में घटिया अलकतरा का प्रयोग हुआ है, वहां उसे हटाकर पुनः मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराया जाएगा।ग्रामीणों ने विभाग पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि आगे भी इसी तरह कार्य किया गया तो क्षेत्र के ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए विरोध करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क

# प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चे चयनित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रेरणा अनुभवात्मक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय बारुण में किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन नवोदय विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार सिंह, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के प्राचार्य विनय कुमार गुप्ता, प्रोजेक्ट कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय देव के अध्यापक ओम प्रकाश सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से किया। नवोदय विद्यालय बारुण के प्राचार्य ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय स्तर से चयनित दो - दो बच्चों का जिला स्तर पर कई गतिविधियों और साक्षात्कार के माध्यम से अंतिम रूप से चयन किया जाएगा। जिसके पश्चात अंतिम रूप से चयनित दो बच्चों को गुजरात के बड़नगर भेजा जाएगा। जहां उन्हें प्रधानमंत्री श्री मोदी का स्कूल और अन्य दर्शनीय व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। यह सात दिवसीय भ्रमण का कार्यक्रम होगा। प्रथम चरण में एक विद्यालय से अधिकतम दो विद्यार्थियों को ही भाग लेने का प्रावधान था। उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और दोनों बच्चे प्रथम चरण को पार कर साक्षात्कार के लिए चयनित हो गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने हर्ष वयक्त करते हुए कहा कि प्रेरणा उत्सव कार्यक्रम में वर्ग नवम् के मीठी कुमारी ने कविता लेखन और संदीप कुमार ने चित्रकला में चयनित होकर विद्यालय और प्रखंड का नाम रौशन किया है। विद्यालय के शिक्षक प्रशांत कुमार तिवारी के नेतृत्व में टीम तैयार कर भेजा गया था। यह विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण है।

## उमगा पहाड़ पर है 200 से अधिक प्रजाति के औषधीय पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर स्थित उमगा पहाड़ औषधीय पौधों से भरा है। बता दें कि पहाड़ पर 200 से अधिक औषधीय पौधों की पहचान की गई है जो विभिन्न रोगों के लिए कारगर है। दक्षिण भारत एवं हिमालय में पाए जाने वाले पौधे की प्रजाति भी पहाड़ पर है। पिकटोरिया पौधा दक्षिण भारत के जंगलों में पाया जाता है जो इस पहाड़ पर देखा गया है। इस पौधे का बीज दर्द की दवा में उपयोग होता है। इस पौधे की बीज को हाथी भी पसंद करते हैं। पहाड़ पर मुसलीकंद, बिदारीकंद, गुड़मार, अष्टगंध, श्रृंगारहार, सतावर, गोखुल, कोरैया समेत विभिन्न प्रजाति के पौधे उगे हैं। उमगा मंदिर के पुजारी दिलीप पाठक ने बताया कि पहाड़ पर कई प्रजाति के औषधीय पौधे हैं।

# मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 133 विद्यार्थियों का चयन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया जिसमें देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया और विभिन्न इंजीनियरिंग शाखाओं के छात्रों का चयन किया। इस प्लेसमेंट अभियान में क्यू-स्पाइडर, याज़ाकि इंडिया लिमिटेड, हाई-टेक नेक्स्ट टेलिकॉम प्राइवेट लिमिटेड, इकोस्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड जैसी नामी कंपनियों ने सहभागिता की और बड़ी संख्या में छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अब तक महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के 32, असैनिक अभियंत्रण विभाग के 23, विद्युत विभाग के 21, इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के 23 एवं यांत्रिकी विभाग के 14 छात्र-छात्राओं सहित महाविद्यालय के कुल 113 छात्रों को अब तक कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से जॉब प्राप्त हो चुका है। उपयुक्त सभी चयनित छात्रों को 3-5 लाख के सालाना पैकेज पर जॉब ऑफर हुई है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत मणि ने कहा कि यह मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव हमारे छात्रों की मेहनत, प्राध्यापकों का मार्गदर्शन तथा संस्थान की तकनीक आधारित शैक्षणिक नीति का प्रतिफल है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र प्रतिष्ठित कंपनियों में चयनित होकर राज्य और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। भविष्य में भी हम उद्योग-संस्थान सहयोग को और सशक्त करते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्राचार्य में महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल को भी इस आयोजन के लिए बधाई दी। महाविद्यालय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. अविनाश कुमार एवं डेप्युटी टीपीओ प्रो आनन्द राज ने भी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। साथ ही प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो अविनाश कुमार ने बताया कि मार्च में कई अन्य बड़ी कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आने वाली है। इस अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज प्रो चंदन कुमार, सिविल विभाग//*ष्णकांत चौबे सहित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर प्रो धर्मेंद्र कुमार, प्रो. निधि कुमारी, प्रो. अमित केशरी, प्रो अमरजीत कुमार, डॉ शीलू कुमारी सहित अन्य सदस्यों ने चयनित छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-405, दिनांक 05.02.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.)/पूर्व रेलवे, मालदा, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** (I) ''2025-26 के एम एंड पी कार्यक्रम में पीसीएमई पावर में विवेचित धुलियानगंगा, बड़हरवा और जमालपुर में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (एचएबीडी)'' के संबंध में विद्युत कार्य। (II) ''मालदा में शेड के साथ सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेद मशीन की साइट में विद्युत आपूर्ति का प्रावधान''। **निविदा मूल्य:** रु. 10,69,135.78, **बयाना राशि:** रु. 21,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 13.02.2026 से 27.02.2026 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइटः www.ireps.gov.in एवं सूचना पटः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता(सा.)/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट www.ireps.gov.in में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। उपर्युक्त निविदा के लिए किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-317/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जमशेदपुर का दौरा करने वाली हैं। यहां राष्ट्रपति जगन्नाथ मंदिर का शिलान्यास करेंगी। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसको लेकर जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सभी व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। आगामी 26 फरवरी 2026 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जमशेदपुर के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान कदमा मरीन ड्राइव में बनने वाले महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर की आधारशिला रखेंगी। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारी के संदर्भ मे उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि यह राष्ट्रपति का जमशेदपुर का दूसरा दौरा होगा। इससे पहले 29 दिसंबर 2025 को जमशेदपुर आई थीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन मार्ग से लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा तक, सभी तैयारियां चरणबद्ध तरीके से की जा रही हैं। वहीं, जिला के एसएसपी पीयूष पांडेय ने कहा कि राष्ट्रपति के आगमन से लेकर उनके वापस जाने तक सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रहेगी और पुलिस प्रशासन हर स्तर पर तैनात रहेगा। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासनिक और सुरक्षा स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और जिला के एसएसपी पीयूष पांडेय ने तमाम वरीय अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का भौतिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान जगन्नाथ मंदिर और आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चैरेटिबल सेंटर ट्रस्ट के ट्रस्टी एसके बेहरा मौजूद रहे।

# रामगढ़ नगर परिषद के कई वार्डों में है बुनियादी सुविधाओं का

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद कार्यालय से महज एक किलोमीटर दूर वार्ड संख्या 28 और 32 आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं। हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद का दफ्तर पास होने के बावजूद इन दोनों वार्डों के कई मोहल्लों में पक्की सड़क, नाली, पेयजल और नियमित साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं अब तक मुहैया नहीं हो पाई हैं।

**घरों तक जाने के लिए पक्के रास्ते नहीं**

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 10 वर्षों से सिर्फ आश्वासन मिलते रहे लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है। स्थानीय महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के मोहाली चांदी वार्ड नंबर 28 की महिलाओं और पुरुषों ने कहा कि उनके घर तक आने का पक्का रास्ता नहीं है। बारिश के दिनों में काफी परेशानी होती है, पुल बना दिया है लेकिन पुल से हम लोगों के गांव घरों तक सड़क आज तक नहीं बन पाई है और ना ही पूरे गांव में नाली का निर्माण हुआ है।

**पानी की टंकी में पानी नहीं**

खुले तौर पर नाली का पानी या तो सड़क पर या फिर खेतों में बहकर पहुंच रहा है जबकि 25 से 30 परिवार इस मोहल्ले में रहते हैं लेकिन आज भी यह मोहल्ला ग्रामीण परिवेश की याद दिलाता है। जानकारी का अभाव और जागरूकता की कमी साफ झलक रही है। इस टोले में जल मीनार बनाई गई थी लेकिन वह काम नहीं कर रही है।

**साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं**

स्थानीय महिला पूनम देवी बताती हैं 'नगर परिषद का दफ्तर पास है लेकिन हमारी तकलीफ किसी को नजर नहीं आती। बारिश में सड़क की जगह कीचड़ से गुजरना पड़ता है, डस्टबिन नहीं है, साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है'। वहीं गोकुल ने कहा, 'नाली नहीं होने से गंदा पानी घरों के सामने जमा रहता है। उन्होंने कहा कि यहां पानी की काफी किल्लत है। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे तो किए जाते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद यहां कोई आता तक नहीं है।

**हम लोगों की कोई सुनने वाला नहींः ग्रामीण**

वार्ड नंबर 28 के असना टोला की महिलाओं ने भी बताया कि पानी की सप्लाई अनियमित है। कई बार मीलों दूर से पानी लाना पड़ता है। शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बद्रीनारायण साहा डीएवी पब्लिक स्कूल में 'ब्लेसिंग सेरेमनी' एवं 'बाल-वाटिका' का उद्घाटन

**गिरिडीह (नबिटास)।** सिरसिया स्थित बद्री नारायण साहा डी ए वी पब्लिक स्कूल में 'ब्लेसिंग सेरेमनी' एवं बाल-वाटिका इई डीपी का विधिवत एवं भव्य उद्घाटन माननीय नगर विकास एवं आवास मंत्री सुदिव्य कुमार 'सोनू' के कर कमल द्वारा किया गया। माननीय मंत्री के आगमन पर विद्यालय के प्राचार्य सचिन गर्ग ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर हृदय से स्वागत किया कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी के वैदिक परंपरा के अनुरूप हवन यज्ञ के साथ किया गया, जिसमें माननीय मंत्री, प्राचार्य महोदय, शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'ब्लेसिंग सेरमनी' का भी आयोजन किया गया था जिसमें मंत्री प्राचार्य शिक्षकगण एवं अभिभावकगण ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य, सफलता एवं उत्तम परिणाम के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया मंत्री सुदिव्य कुमार 'सोनू' ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण एवं अधिकाधिक वृक्ष लगाने का आवाहन किया इसके पश्चात दीप प्रज्जवलित कर बाल वाटिका का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार 'सोनू' जी ने कहा कि "प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास की आधारशिला होती है। छात्र रूपी कच्चे घड़े को शिक्षक रूपी गुरु आकार देने का कार्य करता है। बाल वाटिका-बाल वाटिका के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में संस्कार युक्त एवं पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस शैक्षणिक पहल के लिए शुभकामनाएं दी और विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर की भूरि-भूरि प्रशंसा की।" विद्यालय प्राचार्य सचिन गर्ग ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं बल्कि सुरक्षित और आनंददायक वातावरण में बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है, बाल वाटिका इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल शिक्षा एवं शीघ्र ही पूरा बाल वाटिका इईडीपी सेक्शन वातानुकूलित करने के लिए हम प्रयासरत है। विद्यालय में सभी कक्षाओं के प्रवेश हेतु आवेदन पत्र एडमिशन फॉर्म नर्सरी से कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के लिए बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल, ब्लॉक रोड सिरसिया में ही मिलेंगे। मौके पर प्रिंसिपल जज, गिरिडीह श्री धनंजय कुमार डॉ विकासलाल, राजू खान एवं विशिष्ट गणमान्य अतिथि शिक्षकगण एवं भारी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### झारखंड नगर निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को समर्थन देगी रालोजपा : राजकुमार राज

**रांची (नबिटास)।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) संगठनात्मक रूप से एक नए चरण में प्रवेश करने जा रही है। पार्टी जल्द ही अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया पूरी करेगी। इसकी औपचारिक जानकारी रालोजपा के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दी।रालोजपा की आज आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम राजनीतिक और संगठनात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए का अभिन्न हिस्सा बनी रहेगी और गठबंधन की नीतियों व कार्यक्रमों के प्रति पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी बैठक में झारखंड में हो रहे नगर निकाय चुनाव को लेकर भी बड़ा फैसला लिया गया। राजकुमार राज ने घोषणा की कि राज्य के सभी नगर निकाय क्षेत्रों में रालोजपा, भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों को पूर्ण समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय एनडीए की एकजुटता और मजबूती को दर्शाता है उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी के इस फैसले की जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को दे दी गई है और गठबंधन के भीतर बेहतर समन्वय के साथ चुनावी रणनीति पर काम किया जाएगा राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि रालोजपा के इस कदम से झारखंड की राजनीति में एनडीए को और मजबूती मिलेगी, खासकर नगर निकाय चुनाव में गठबंधन को सीधा लाभ मिल सकता है।

### दसवीं की बोर्ड परीक्षा में गणित और विज्ञान में कैसे प्राप्त करें अच्छे अंक

**गिरिडीह (नबिटास)।** आगामी 15 फरवरी से कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं, ऐसे में विद्यार्थियों को बिना किसी तनाव के पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंध निदेशक जोरावर सिंह सलूजा ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों को गणित और विज्ञान विषय में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए उन्होंने कहा कि गणित और विज्ञान ऐसे विषय हैं, जिनमें यदि कांसेप्ट स्पष्ट हो तो निश्चित रूप से बेहतर अंक प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों को अपने सब्जेक्ट नोट्स को आधार बनाकर नियमित रूप से रिवीजन करना चाहिए सलूजा ने बताया कि विज्ञान रटने का विषय नहीं है, बल्कि इसके हर टॉपिक के पीछे एक लॉजिक होता है। विद्यार्थियों को उस लॉजिक को समझने का प्रयास करना चाहिए वहीं गणित में सफलता के लिए प्रतिदिन 1 से 2 घंटे अभ्यास जरूरी है, जबकि विज्ञान में डायग्राम और फॉमूर्लों को लिख-लिखकर याद करना लाभदायक होता है।

# ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार, 38.80 ग्राम नशीला पदार्थ और 10 हजार से अधिक नकद बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** झारखंड पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र से एक ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से करीब 38.80 ग्राम ब्राउन शुगर और 10,100 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 09 फरवरी 2026 को पुलिस को सूचना मिली थी कि सिमरा रेस्ट हाउस, पेट्रोल पंप के पीछे ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर श्री अमित आनंद के नेतृत्व में और पुलिस उपाधीक्षक (परिक्ष्यमान) श्री प्रशांत कुमार की मौजूदगी में छापामारी दल का गठन किया गया।



छापेमारी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 38.80 ग्राम ब्राउन शुगर और 10,100 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ईचाक से ब्राउन शुगर खरीदकर लाता था और शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुड़िया बनाकर 300 से 500 रुपये में बेचता था। इस संबंध में सदर (बड़ा बाजार) थाना कांड संख्या 46/26 दिनांक 09.02.2026 के तहत धारा 21(बी)/22(बी)/29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त आरोपियों की पहचान कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो. एजाज (उम्र करीब 30 वर्ष), पिता मो. उस्मान, निवासी यासिन गली, खिरगांव, थाना सदर बड़ा बाजार, हजारीबाग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। छापामारी दल में एसडीपीओ सदर श्री अमित आनंद, डीएसपी (परिक्ष्यमान) श्री प्रशांत कुमार, पु.अ.नि. पंकज कुमार, पु.अ.नि. गौतम उरांव सहित थाना शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# वार्ड 16 में पानी की समस्या बनी सबसे बड़ी चुनौती बबलू कुरैशी उर्फ जमील अहमद ने बताया रोडमैप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** वार्ड संख्या 16 में पेयजल की गंभीर समस्या इन दिनों जनता के लिए सबसे बड़ी परेशानी बनी हुई है। इसको लेकर वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी बबलू कुरैशी उर्फ जमील अहमद (चुनाव चिन्ह — बल्ला छाप) ने क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। स्थानीय लोगों ने बताया कि वार्ड में पानी की आपूर्ति अनियमित है, कई मोहल्लों में नल से पानी नहीं पहुंचता, और लोगों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है।



गर्मी के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। इस पर बबलू कुरैशी उर्फ जमील अहमद ने कहा कि यदि जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया, तो वार्ड 16 में सबसे पहले पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने नियमित जल आपूर्ति, खराब पाइपलाइनों की मरम्मत, नए हैंडपंप/जल स्रोतों की व्यवस्था और जल भंडारण की बेहतर योजना लागू करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि जनता की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान करना है। पानी जैसी बुनियादी जरूरत को प्राथमिकता देकर वे वार्ड 16 को एक बेहतर और सुविधाजनक वार्ड बनाने के लिए लगातार काम करेंगे।

# भाकपा माले प्रखंड कमेटी गाण्डेय के अगुवाई में सम्मेलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गाण्डेय प्रखंड अंतर्गत पंचायत पंडरी के ग्राम न ईयासिंधा में भाकपा-माले के लाल झंडे तले संथाल परगना के देवधर, दुमका जामताड़ा एवं गिरिडीह जिला से आए हुए आदिम जनजाति भोक्ता माल पहाड़िया, पूजहर गंजु आदि जनजातियों के महिला, पुरुष प्रतिनिधियों के भारी उपस्थिति में केन्द्रीय आदिम जनजाति माल पहाड़िया का एक दिवसीय सम्मेलन करने के लिए झारखंड सरकार ने सभी उपायुक्तों को निर्देश जारी किया गया है. बावजूद जाति प्रमाण पत्र में जारी करने अंचलाधिकारी, सम्बन्धित अधिकारियों के द्वारा बखेड़ा खड़ा कर परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भोक्ता, पहाड़िया, पूजहर, गंजु आदि काल से झारखंड के जंगल, पहाड़ों में जीवन बसर करते आ रहे हैं। वन अधिकार कानून के रहते हुए भी जंगलों, पहाड़ों




सम्पन्न हुई ! कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक कॉमरेड राजकुमार यादव एवं अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कामरेड पुरन महतो उपस्थित हुए! कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरन महतो, बहादुर भोक्ता, कैलाश भोक्ता एवं संचालन गाण्डेय विधान सभा प्रभारी कामरेड शंकर पाण्डेय ने किया! बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए धनवार के पूर्व विधायक कामरेड राजकुमार यादव ने कहा कि झारखंड में खरवार, भोक्ता, पूजहर, गंजु आदि जनजातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा लम्बे लड़ाई के बाद भारत सरकार ने 2022 में गजट प्रकाशित कर अधिसूचित कर दिया है तथा इसे झारखंड के सभी जिलों में लागू से बेदखली का खतरा आज सबसे ज्यादा इन्हीं जन जातियों के समक्ष खड़ी है। भाजपा आरएसएस के पूंजीपरस्त नीतियों के वजह से प्राकृतिक संसाधनों के रूट खसोट के कारण विस्थापन का दंश झेल रहे हैं, एक तरफ जहां केन्द्र सरकार के जनविरोधी नीतियों से इनकी ज़िन्दगी प्रभावित हुई हैं वहीं दूसरी तरफ झारखंड में आदिम जनजातियों की श्रेणी की अहर्ता रखने के बाद भी आदिम जन जाति का दर्जा नहीं मिलने के कारण मिलने वाली तमाम तरह के सुविधाओं से वंचित कर रखा है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि पेंशन, राशन, आवास, शिक्षा, चिकित्सा मईया सम्मान योजना के लाभ से वंचित भोक्ता समाज के लोग संगठित होकर होली के बाद सरकार को मोमरेडम दें।

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड अंतर्गत जोरदाग गांव के पास शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का वाहन अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि वाहन के एक साथ दो टायर ब्लास्ट होने से गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के समय वाहन में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित अन्य लोग सवार थे। दुर्घटना में सभी को आंशिक चोटें आई हैं, हालांकि राहत की बात यह है कि सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए पलटी हुई गाड़ी को सीधा किया। ग्रामीणों की सूझबूझ से सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

# सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** उद्यान विभाग, गिरिडीह द्वारा पचम्बा स्थित कृषि फार्म हाउस के प्रशिक्षण भवन में आयोजित सात दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम के पंचम दिवस का सफलतापूर्वक संचालन किया गया प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक योगिया उरांव द्वारा प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन की वैज्ञानिक विधियों, शहद उत्पादन प्रक्रिया तथा शहद के पोषण एवं औषधीय गुणों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।



उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर महिलाओं के लिए आजीविका सृजन का प्रभावी माध्यम है, जिससे वे स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी कार्यक्रम के संयोजक नौशाद आलम ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण में बगोदर, सरिया, देवरी, जमुआ एवं गिरिडीह प्रखंड के प्रतिभागियों ने भाग लिया है प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुरेश कुमार, संगीता देवी, कंचन देवी, महेंद्र प्रसाद वर्मा, पिंकी देवी, बबीता देवी, बीना देवी, सरिता देवी, गुड़िया देवी, कविता कुमारी, रूपा देवी, जहुर अंसारी, अमिताभ वर्मा, गीता देवी, भवन्ती देवी सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# देवरी प्रखंड दौरे पर पहुंचे कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** देवरी:कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने देवरी प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रानीडीह, भोजपुर, मंडरो, अश्को समेत कई गांवों का भ्रमण किया दौरे के क्रम में धनंजय सिंह कांग्रेस कार्यकर्ता संजय सिंह के निधन के उपरांत उनके गांव गमहारडीह पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं, पर्वततोडीह निवासी 26 वर्षीय गौतम कुमार राय के निधन के बाद वे उनके गांव भी पहुंचे और परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की इस अवसर पर धनंजय सिंह ने कहा कि आज संसद भवन में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है।



दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस मुद्दे पर संसद के स्पीकर सत्ता पक्ष का साथ दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की यह मूल भावना है कि संसद में सभी को अपने विचार रखने का अधिकार हो, लेकिन मौलिक अधिकारों के उपयोग से वंचित रखा जा रहा है।उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार की मैया सम्मान योजना के तहत सभी लाभुकों को बिना किसी गारंटी के 20 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में वित्त मंत्रालय और बैंकों के साथ बैठक भी हो चुकी है दौरे के दौरान उनके साथ कपिल देव राय, पूर्व युवा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौधरी, अवधेश राय, अजहर, संजीव कुमार, दीपक सिंह सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनता का भरोसा ही मेरी असली ताकत, वार्ड 22 से मिताली रश्मि ने लिया विकास का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** शिवपुरी, वार्ड नंबर 22 से वार्ड पार्षद पद की प्रत्याशी मिताली रश्मि ने चुनावी मैदान में उतरते हुए जनता से समर्थन की अपील की है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ जनसेवा करना है। मिताली रश्मि एम.बी.ए. (मानव संसाधन) हैं और वर्षों से उनका परिवार सामाजिक सेवा से जुड़ा रहा है।

उन्होंने अपने घोषणा पत्र में वार्ड के सर्वांगीण विकास का रोडमैप जनता के सामने रखा। इसमें नाली, सड़क और स्ट्रीट लाइट की स्थायी व्यवस्था, जल निकासी, जल जमाव की समस्या का समाधान और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करना प्रमुख है। इसके साथ ही बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, बच्चों की शिक्षा और भविष्य पर विशेष ध्यान देने तथा स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करने का भी वादा किया गया है।



मिताली रश्मि ने कहा कि वार्ड पार्षद कार्यालय में पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाई जाएगी और जनता से नियमित संवाद किया जाएगा। छठ घाट के नए निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना, संदिग्ध स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और चोरी व नशा मुक्ति के लिए प्रशासन से समन्वय कर सख्त कदम उठाने की भी योजना है। उन्होंने बताया कि हरिजन टोला में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवास, शौचालय, सड़क और नाली निर्माण जैसे बुनियादी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही 24/7 हेल्पलाइन नंबर की सुविधा देकर जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा, ताकि बिचौलियों की कोई जरूरत न पड़े। मिताली रश्मि ने दो टूक कहा कि उनका वादा है—न रिश्वत, न भेदभाव, केवल ईमानदारी से जनसेवा। उन्होंने जनता से अपील की कि चुनाव चिन्ह ह्वअलमारी छापह्व पर वोट देकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि वार्ड का विकास कागजों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखाई दे।

# बरही में पहली बार बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन, उद्यमियों को मिला आधुनिक कारोबार का मंत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग) ।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड़ की पहल पर नगर भवन बरही में पहली बार भव्य बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों, उद्यमियों और युवाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटलीकरण, निवेश और व्यापार विस्तार के नए अवसरों से जोड़ना था। सम्मेलन में बरही समेत आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में व्यवसायी और युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केसरी एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने की, जबकि संचालन अमरजीत कुमार पांडेय ने किया। मुख्य वक्ता भाजपा




प्रवक्ता मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि आज के समय में व्यवसाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है और नवाचार के साथ ईमानदार प्रयास ही सफलता की असली कुंजी है।

बिजनेस विशेषज्ञ पंकज सोनी ने ब्रांड निर्माण और मजबूत नेटवर्किंग के महत्व पर प्रकाश डाला। झारखंड सोलर सर्विस के प्रमुख आशीष कुमार ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं को बताते हुए इसे भविष्य का लाभकारी और पर्यावरण हितैषी क्षेत्र बताया। वहीं सीए अभिषेक कुमार ने टैक्स प्लानिंग और वित्तीय प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। बिजनेस सलाहकार रंजीत चंद्रवंशी ने ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग के जरिए व्यापार बढ़ाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केसरी ने कहा कि यह सम्मेलन बरही के व्यापारिक भविष्य को नई दिशा देगा और स्थानीय उद्यमियों को सही मार्गदर्शन व नई सोच प्रदान करेगा। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की। इस अवसर पर भरत यादव, मनोज केशरी, उमेश ठाकुर, नंदकिशोर कुमार, पिंटू केशरी, धर्मपाल केशरी, सरयू साव, प्रदीप चंद्रवंशी, गौतम केशरी, टुनटुन कुमार, प्रशांत मधेशिया, दिवाकर कुमार सिंह, बलराम केशरी, निरंजन केशरी, चुन्नू केशरी, दीपू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रभात कुमार, विकास कुमार, रवि केशरी, टिंकू गुप्ता, सुदेश कुमार, बंटी गुप्ता, गोविंद केशरी, सन्नी कुमार, बंटी केशरी, राहुल गुप्ता, बसंत सिंह सहित बड़ी संख्या में उद्यमी एवं व्यवसायी उपस्थित थे।

# लम्बे अवकाश पर गए साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने अपनी निजी वयस्तताओं के कारण सम्मेलन के अध्यक्ष पद से एक लम्बे समय के लिए अवकाश ले लिया है। उन्होंने सम्मेलन के वरीय उपाध्यक्ष और बिहार के पूर्व गृह सचिव जियालाल आर्य को'कार्यवाहक अध्यक्ष' बनाया है। एक कार्यालय-आदेश निर्गत करते हुए डा सुलभ ने आगामी ३१ मार्च तक अपने अवकाश में रहने की सूचना दी है तथा श्री आर्य को सम्मेलन का कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में प्रभार सौंपते हुए आशा व्यक्त की है कि सम्मेलन के सभी अन्य अधिकारी और कर्मीगण श्री आर्य को अपना सहयोग प्रदान करेंगे ताकि सम्मेलन के सभी पूर्व घोषित कार्य और कार्यक्रम पूर्ववत होता रहे।



ऐसा समझा जा रहा है कि डा सुलभ कुछ महत्त्वपूर्ण पुस्तकों के लेखन के लिए तथा विश्राम के लिए समय नहीं निकाल पा रहे थे। सम्मेलन के अविराम कार्यों और कार्यक्रमों के कारण उन्हें अवकाश नहीं मिल पा रहा था और दो ऐसे विशेष ग्रंथ हैं, जिनके लेखन के लिए पर्याप्त और बाधा रहित अवकाश चाहिए।

# नगर निगम चुनाव- बागियों पर सख्ती के संकेत, प्रदेश अध्यक्ष ने दी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** नगर निगम चुनाव की तैयारी तेज होने के बीच भारतीय जनता पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू सोमवार को गिरिडीह पहुंचे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत में साहू ने पार्टी के भीतर बगावत के मुद्दे पर साफ लहजा अपनाते हुए कहा, ह्वसंगठन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जो भी पार्टी अनुशासन के खिलाफ जाएगा, उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा अनुशासित संगठन है, जहां विचारधारा और संगठन सर्वोपरि हैं।




नगर निगम चुनाव स्थानीय स्तर का भले हो, लेकिन पार्टी की मयार्दा से समझौता नहीं होगा। बागियों पर जल्द निर्णय सार्वजनिक करने का संकेत भी दिया। कांग्रेस द्वारा अपने बागी नेताओं पर कार्रवाई के सवाल पर साहू ने तीखा प्रहार किया। उन्होंने कांग्रेस को वंशवादियों की पार्टीह्व बताते हुए कहा कि वहां परिवार और खास लोगों को तरजीह मिलती है, जबकि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। यहां मेहनत और निष्ठा से कोई भी आगे बढ़ सकता है, जिससे संगठन मजबूत रहता है। साहू ने नगर निगम चुनाव में भाजपा की मजबूत स्थिति का दावा किया। ह्वविकास, पारदर्शिता और जनसेवा हमारी प्राथमिकता है। जनता का भरोसा हमारे साथ है,ह्व उन्होंने कहा। पार्टी नेतृत्व चुनावी हालात का आकलन कर रणनीति बना रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के बयान से गिरिडीह की राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। अब सभी की निगाहें इस पर हैं कि भाजपा बागियों पर क्या ठोस कदम उठाती है और इसका चुनाव पर क्या प्रभाव पड़ता है।

# अरगाघाट पर शव मिलने से सनसनी रेलिंग से गिरने से मौत की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के अरगाघाट स्थित सूर्य मंदिर के समीप उसरी नदी तट पर सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान मकतपुर निवासी 55 वर्षीय सूरज गुप्ता के रूप में की गई है शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई।

**■ मकतपुर निवासी सूरज गुप्ता के रूप में हुई पहचान पुलिस जांच में जुटी**

जानकारी के अनुसार, सूरज गुप्ता को शराब पीने की आदत थी और वह अक्सर सुबह के समय घर से निकल जाया करते थे स्थानीय लोगों का अनुमान है कि अरगाघाट पुल पर लगी रेलिंग से नीचे गिरने के कारण उनकी मौत हुई होगी। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी इसी स्थान पर दो से तीन लोगों की दुर्घटना में जान जा चुकी है घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है वहीं स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पुल पर मजबूत और सुरक्षित रेलिंग लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# संगीतमय श्रीराम कथा से भक्ति में डूबा क्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र के बलियारी में आयोजित श्री जगदम्बा प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के दौरान संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ भावनाओं से भरे वातावरण में हुआ। पहले दिन भगवान शंकर और माता सती के प्रसंग का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर कथा स्थल पर मौजूद श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा वाचन देवी ज्योति शास्त्री जी द्वारा किया जा रहा है।

कथा में उठाया गया सबसे गहरा प्रश्न यही था कि जब भगवान शंकर त्रिकालदर्शी थे, सब कुछ जानते थे, तो फिर माता सती के भ्रम को समय रहते क्यों नहीं रोका? वक्ता ने बताया कि ईश्वर का ज्ञान केवल रोकने के लिए नहीं, बल्कि मनुष्य को स्वयं अनुभव से सीखने का अवसर देने के लिए भी होता है। हर गलती को ईश्वर रोक दें, तो चेतना का विकास संभव नहीं।

प्रवचन में बताया गया कि जब भगवान विष्णु ने सांसारिक जीवन की कथा सुनाई, तब भगवान शंकर पूरी तन्मयता से उसमें लीन हो गए, जबकि माता सती ध्यानपूर्वक कथा नहीं सुन सकीं। यही असावधानी आगे चलकर उनके जीवन में भ्रम का कारण बनी। कथा ने यह संदेश दिया कि श्रवण केवल कानों से नहीं, चेतना से होना चाहिए।

कथा में वर्णन किया गया कि एक बार भगवान शंकर और माता सती मार्ग से गुजर रहे थे, तभी भगवान श्रीराम माता सीता के वियोग में विलाप करते मिले। भगवान शंकर ने तुरंत श्रीराम को पहचान लिया और हाथ जोड़कर नतमस्तक हो गए, लेकिन माता सती संशय में पड़ गईं। यह प्रसंग बताता है कि ज्ञान होते हुए भी यदि मन में अहं या भ्रम हो, तो सत्य पहचान में नहीं आता।

कथावाचन के दौरान देवी ज्योति शास्त्री जी ने कहा कि मनुष्य को जो भी दायित्व मिले, उसे पूरे मन, श्रद्धा और ध्यान से निभाना चाहिए।

# आज से 930 टीमें 20 लाख से अधिक लोगों को घर-घर जाकर खिलाएगी फाइलेरिया की दवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** फाइलेरिया उन्मूलन को औरंगाबाद में 10 फरवरी से शुरू किए जा रहे सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए दिनांक नौ फरवरी को सदर अस्पताल सभाकक्ष में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने किया। डीपीएम स्वास्थ्य मो. अनवर आलम, डीआइओ सह डीवीबीडीसीओ डॉ. मिथिलेश प्रसाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन से सर्विलांस मेडिकल अफसर डॉ. नकीब मौजूद रहे।

सिविल सर्जन ने कहा कि 10 फरवरी से शुरू हो रहे सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान सभी लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं के सेवन के लिए 11 फरवरी 2026 को मेगा एमडीए कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें बूथ लगा कर समुदाय के सभी लक्षित लाभार्थियों को स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने दवा सेवन कराएंगे।

इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी अगले 14 दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए लाभार्थियों को दवा का

## 95 पर्यवेक्षक करेंगे अभियान का अनुश्रवण

सेवन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। रक्तचाप, शुगर, अर्थरायीटिस या अन्य सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को दवा खिलाई जाएगी। सामान्य को दवा खाने से किसी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं और अगर किसी को दवा खाने के बाद मितली आए। चक्कर जैसे लक्षण होते हैं तो यह शुभ संकेत है। इसका मतलब है कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के परजीवी मौजूद हैं, जो कि दवा खाने के बाद परजीवी मर रहें है।

कार्यक्रम के दौरान किसी लाभार्थी को दवा सेवन के पश्चात किसी प्रकार की कोई कठिनाई प्रतीत होती है तो उससे निपटने के लिए हर ब्लॉक में रैपिड रेस्पॉन्स टीम तैनात रहेगी। डीपीएम स्वास्थ्य मो. अनवर आलम ने बताया कि 20 लाख एक हजार 621 लोगों को दवा का सेवन कराया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों की 930 टीम दवा सेवन कराने का काम करेगी। एक टीम में दो स्वास्थ्यकर्मियों को रखा गया है। अभियान का अनुश्रवण 95 पर्यवेक्षक करेंगे।

उन्होंने बताया कि सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम में औरंगाबाद जिला के आठ प्रखंडों तथा एक शहरी क्षेत्र शामिल किया गया है। इनमें बारुण, दाउदनगर, देव, हसपुरा, मदनपुर, नबीनगर, ओबरा, रफीगंज एवं औरंगाबाद शहरी प्रखंड शामिल है। तीन प्रकार की दवा का सेवन कराया जाएगा। डीइसी एवं अल्बेंडाजोल व आइवरमेक्टिन शामिल है। इसकी निर्धारित खुराक प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर, अपने सामने खिलाई जाएगी दवाओं का वितरण बिल्कुल नहीं किया जाएगा।

आशा अपने सामने ही दवा का सेवन कराएंगी। दवाओं को सेवन खाली पेट नहीं करना है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं खिलाई जाएगी। फाइलेरिया रोधी दवाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं। मीडिया की सहभागिता अभियान के लिए महत्वपूर्ण है। मीडिया के माध्यम से लोगों को इसकी जानकारी देने से लोग दवा सेवन के विषय में सकारात्मक हो सकेंगे।

डीपीएम ने कहा कि मीडिया के माध्यम से आमजन तक इस दवा सेवन के प्रति सकारात्मक संदेश जाना जरूरी हैं। लोगों तक संदेश पहुंचाएं जाएं कि प्रत्येक लाभार्थी फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन स्वास्थ्यकर्मियों के सामने सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों का पूर्ण सहयोग करें।

डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया या हाथीपांव रोग, सार्वजनिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। यह रोग संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार फाइलेरिया, दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। यह संक्रमण लिंफैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया के कारण हाइड्रोसील, हाथीपांव और दूधिया सफेद पेशाब से ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक भेदभाव सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका एवं काम करने की क्षमता प्रभावित होती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार अगर व्यक्ति लगातार पांच साल तक फाइलेरिया रोधी दवा खा लेता है तो पूरे जीवन उसे फाइलेरिया रोग होने की संभावना समाप्त हो जाती है। पीरामल स्वास्थ्य से विश्वास कुमार, सीफार से निहारिका गुप्ता, अमित तिवारी, फाइलेरिया विभाग से हर्षवर्धन कुमार, रोगी हितधारक मंच सदस्य रश्मि देवी, पानपति देवी, रुबी कुमारी शामिल रहे।

# तीनों दोस्तों का हुआ एक ही चिता पर अंतिम संस्कार

**⇨पूरे गांव का माहौल हुआ गमगीन**
**⇨समारोह में नाचकर करता था गुजारा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** कनरिया थाना क्षेत्र के फरेवा मुसहरी में शनिवार को हुई सामूहिक आत्महत्या की कोशिश की दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल कायम है। इस घटना में तीन दोस्त की मौत हो गई, जबकि चौथे दोस्त सनोज सदा का इलाज अभी भी खगड़िया सदर अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करते हुए तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया और रविवार अहले सुबह प्रशासन द्वारा शव स्वजनों को सौंप दिया गया। इसके बाद गांव के समीप ही विधि-विधान के साथ तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, गांव के लोगों और स्वजनों की सहमति से तीनों युवकों का अंतिम संस्कार एक ही चिता पर किया गया, जिसने माहौल को और अधिक भावुक बना दिया। एक साथ तीन दोस्तों की अंतिम विदाई के दौरान पूरे गांव में मातम पसरा रहा और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

जानकारी के अनुसार, मृतक सन्नी कुमार को पत्नी प्रियंका देवी ने मुखाग्नि दी, जबकि राजा कुमार के छोटे भाई सोना कुमार ने अंतिम संस्कार की रस्म निभाई। वहीं, तीसरे युवक मुरारी को उसके छोटे भाई दिलवाले कुमार ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और हर आंख नम दिखी।

अंतिम संस्कार के समय प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर नजर बनाए रखी। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और चिंता का माहौल है, वहीं ग्रामीण इस दुखद घटना से अब तक उबर नहीं पा रहे हैं।

पुलिस प्रशासन मामले की जांच में जुटा है और सामूहिक आत्महत्या की कोशिश के पीछे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। वहीं, घायल युवक के स्वास्थ्य को लेकर भी स्वजन और ग्रामीण लगातार जानकारी ले रहे हैं। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है और लोग युवाओं के इस तरह का कदम उठाने के कारणों को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि चारों दोस्त शादी-विवाह सहित अन्य समारोहों में नाचकर पैसे कमाते थे। शुक्रवार रात भी ये किसी समारोह से लौटे थे। ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि इन्हें शनिवार को कुछ लोगों ने चिढ़ा दिया कि तुम लोग लिपिस्टिक-काजल लगाकर नाचते हो। इसके बाद आहत होकर चारों ने यह कदम उठाया।

पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। घटनास्थल कनरिया थाना क्षेत्र की फरेवा मुसहरी के पास है। मृतकों में फरेवा मुसहरी निवासी स्व. मांगन सदा के पुत्र सन्नी कुमार उर्फ सन्नी देओल (17), अर्जुन सदा के पुत्र राजा कुमार (22) व कुजली सदा के पुत्र मुरारी कुमार (16) शामिल हैं।

# चोरी के जेवरात व मोबाइल के साथ एक धराया

**गयाजी।** गया जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर विशेष अभियान चलाकर टीम ने चोरी के तीन मोबाइल फोन, 604 ग्राम चांदी और 2.60 ग्राम सोने के आभूषण के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान साकीब खान, निवासी डेहरी थाना क्षेत्र, जिला रोहतास के रूप में की गई है।डीडीयू मंडल के आरपीएफ सीनियर कमांडेंट दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव के नेतृत्व में स्टेशन परिसर में विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान प्लेटफार्म पर एक युवक थैला लेकर संदिग्ध अवस्था में तेजी से भागते हुए दिखाई दिया। संदेह होने पर टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया।पुलिस को देखकर युवक घबरा गया और प्रारंभ में कुछ भी बताने से इनकार करने लगा। तलाशी के दौरान उसके पास से तीन मोबाइल फोन, 13 पीस चांदी के पायल, 16 पीस चांदी की बिछिया, एक चांदी का ब्रेसलेट, दो चांदी के हाथ के कड़े और 2.60 ग्राम सोने का आभूषण बरामद किया गया।

# नई चीनी मिल स्थापित करने की कवायद हुई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले में एक बार फिर चीनी उद्योग की वापसी की तैयारी शुरू हो गई है। जिले के बिहिया प्रखंड स्थित महथीन माई मंदिर के पीछे करीब सौ एकड़ बंजर भूमि पर नई चीनी मिल स्थापित करने की कवायद तेज हो गई है।

यदि सब कुछ तय योजना के अनुसार रहा तो अगले वित्तीय वर्ष में चीनी मिल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे न सिर्फ क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।

जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने प्रस्तावित स्थल का चयन कर गन्ना उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव सेंथिल कुमार को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी है। यह परियोजना राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत ‖समृद्ध उद्योग, सशक्त बिहार‖ अभियान का अहम हिस्सा मानी जा रही है। वर्षों पहले बिहटा चीन मिल के भोजपुर जिले के 40 हजार एकड़ में गन्ने की खेती होती थी। मिल बंद हो जाने के बाद इसकी खेती भी बंद हो गई।

सरकार की योजना के अनुसार बिहार में कुल 25 नई चीनी मिलें स्थापित की जानी हैं, जिसके तहत सभी जिलाधिकारियों से संभावित स्थलों की रिपोर्ट मांगी गई थी। प्रशासन के अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र के आसपास 30 से 40 हजार एकड़ भूमि में गन्ने की खेती की संभावना है।

जिला गन्ना विभाग का आकलन है कि यदि बिहिया में चीनी मिल स्थापित हो जाती है तो आने वाले वर्षों में जिले में गन्ना उत्पादन का रकबा बढ़कर 80 हजार एकड़ तक पहुंच सकता है। इससे किसानों की आमदनी में बड़ा बदलाव आएगा। फिलहाल एक बीघा में किसानों को 18 से 25 हजार रुपये की आय होती है, जबकि गन्ना उत्पादन शुरू होने पर यह आय दोगुनी से भी अधिक हो सकती है। चीनी मिल स्थापना को लेकर विशेष कृषि टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है, जो भूमि चयन के साथ-साथ गन्ना खेती की व्यवहारिकता पर विचार कर रही है।

जिले में चीनी मिल शुरू होने के बाद प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब दो हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2006 में भी भोजपुर में चीनी मिल खोलने की पहल हुई थी, लेकिन अंतिम चरण में पहुंचकर योजना ठंडे बस्ते में चली गई।

उस समय राज्य सरकार की टीम ने भोजपुर समेत रोहतास, कैमूर और बक्सर जिलों का दौरा किया था। इस बार विधानसभा चुनाव के दौरान चीनी मिल स्थापना का वादा दोहराया गया, जिसके बाद उम्मीदें फिर जगी हैं।

# परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण देख छात्र हुए अभिभूत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रसूलपुर।** थाना क्षेत्र के हाईस्कूलों के स्मार्ट क्लास में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण छात्र छात्राओं को दिखाया गया। चर्चा की द्वितीय कड़ी के प्रसारण को सुन नौंवी , दसवीं और ग्यारहवीं के छात्र-छात्राएं काफी प्रभावित हुए। छात्र-छात्राओं ने कहा कि पीएम के सुझाव को वे अमल में लायेंगे।छात्राओं के अनुसार उनके मन में उठ रहे कई समस्याओं का समाधान चर्चा में मिल गया।रामनंदन हाईस्कूल योगियां के प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव, अतरसन के रमेश प्रसाद ने बताया कि चर्चा के बाद छात्र छात्राओं से शिक्षकों ने प्रतिक्रिया ली। प्रतिक्रिया में छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पे चर्चा को काफी उपयोगी बताया। बीइओ योगेन्द्र बैठा ने बताया कि प्रखंड के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को प्रसारण का लिंक शनिवार को ही सोशल मीडिया के माध्यम से शेयर कर दिया गया था।सभी विद्यालयों ने ससमय स्कूलों में लगे स्मार्ट टीवी पर प्रसारण शुरू कर दिया गया।

# बंधक को छुड़ाने गयी पुलिस टीम पर हमला

## थानाध्यक्ष का फटा सर, बंधक हुआ अधमरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** जिले के पतरघट थाना क्षेत्र अंतर्गत जम्हरा गांव में सोमवार को उस समय भारी बवाल हो गया, जब दो दिनों से बंधक बनाए गए एक टेम्पो चालक को रेस्क्यू करने पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। उग्र भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया, जिसमें पतरघट थानाध्यक्ष शशि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका सिर फट गया। वहीं, भीड़ के चंगुल में फंसे चालक विकास कुमार को भी बेरहमी से पीटकर अधमरा कर दिया गया। घटना की शुरूआत 7 फरवरी को हुई। जम्हरा वार्ड संख्या-04 निवासी वासुदेव यादव के 38 वर्षीय पुत्र विकास कुमार टेम्पो लेकर पस्तपार से लौट रहे थे। इसी दौरान जम्हरा वार्ड संख्या-01 में रंजीत शर्मा के घर आयोजित शादी समारोह के कारण सड़क पर डीजे बज रहा था और लोग नाच रहे थे। इसी बीच टेम्पो से कुछ लोगों को हल्की चोट लग गई।

आरोप है कि इसके बाद रंजीत शर्मा और अन्य स्थानीय लोगों ने चालक विकास कुमार की जमकर पिटाई कर दी और उसे एक कमरे में बंधक बना लिया। पीड़ित की पत्नी के अनुसार, दबंगों ने फोन कर 5 लाख रुपये मुआवजे की मांग की और रकम नहीं देने पर विकास को छोड़ने से इनकार कर दिया।

सोमवार को पंचायत स्तर पर बात नहीं बनने के बाद पीड़ित परिवार ने पतरघट थाना को सूचना दी। थानाध्यक्ष शशि कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जैसे ही पुलिस ने बंधक चालक को छुड़ाने की कोशिश की, ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर उग्र हो गए और सड़क जाम कर दी।

पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की बात कहने पर स्थिति और बिगड़ गई। उग्र भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव कर हमला कर दिया। हमले में थानाध्यक्ष शशि कुमार लहूलुहान हो गए। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायल चालक विकास कुमार को रेस्क्यू कर पतरघट स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

पुलिस पर हमले की सूचना मिलते ही सदर एसडीएम श्रेयांश तिवारी और सदर एसडीपीओ आलोक कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। एसडीपीओ आलोक कुमार ने कहा कि पुलिस पर हमला करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। चालक के आवेदन के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रखण्ड प्रमुख गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले के जलालगढ़ प्रखंड के प्रमुख निखिल किशोर उर्फ भिखारी यादव को पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा और मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद एक जनप्रतिनिधि द्वारा खुलेआम कानून की अवहेलना किए जाने की यह घटना पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गई है।

घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है। जलालगढ़ स्टेडियम में कुछ युवक दौड़ और शारीरिक अभ्यास कर रहे थे। इसी दौरान प्रखंड प्रमुख निखिल किशोर वहां पहुंचे और कथित तौर पर शराब के नशे में युवकों के साथ बिना किसी कारण गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को नशे की हालत में आपा खोते हुए देखा जा सकता है।

# रेस्टोरेंट संचालक और ग्राहकों के बीच मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बायपास रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में उधार देने से मना करना बड़ा विवाद बन गया। रेस्टोरेंट संचालक और ग्राहकों के बीच हुई मारपीट, फिर सूचना पर पहुंची पुलिस और संचालक के बीच तीखी नोंकझोंक का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। प्रसारित वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो बाइक पर सवार चार बदमाश रेस्टोरेंट के बाहर पहुंचते हैं और बाइक खड़ी करने के बाद होटल संचालक के साथ मारपीट शुरू कर देते हैं। इस दौरान होटल संचालक और बदमाशों के बीच जमकर हाथापाई हुई। अचानक हुए हमले से रेस्टोरेंट परिसर में अफरातफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, रेस्टोरेंट में पहले उधार देने को लेकर होटल संचालक और एक ग्राहक के बीच कहासुनी हुई थी। होटल संचालक ने बकाया राशि चुकाने के बाद ही उधार देने की बात कही, जिससे विवाद बढ़ गया। कुछ ही देर बाद दो बाइक पर सवार चार लोग वहां पहुंचे और होटल संचालक पर हमला कर दिया।

मारपीट की सूचना मिलने पर लालगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस और रेस्टोरेंट संचालक के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। इस पूरी बहस और घटनाक्रम का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में लालगंज थाना अध्यक्ष मनमोहन कुमार सिविल ड्रेस में नजर आ रहे हैं, उनके साथ महिला और पुरुष पुलिसकर्मी भी मौजूद हैं। वायरल वीडियो में थाना अध्यक्ष होटल संचालक पर आरोप लगाते दिख रहे हैं कि होटल में शराब पिलाई जाती है और इलाके के बदमाश वहीं बैठते हैं। वहीं रेस्टोरेंट संचालक रंजीत कुमार बार-बार सवाल उठाते हैं कि पुलिस ने आते ही उनके साथ मारपीट क्यों की। पुलिस द्वारा उठाकर ले जाने की बात पर संचालक ने आपत्ति जताई।

# आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू रेल सेवा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी भारत के औद्योगिक परिदृश्य में 8 फरवरी 2026 को एक अहम उपलब्धि दर्ज हुई, जब बहुप्रतीक्षित आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी एम.ई.एम.यू. रेल सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कोलकाता से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उद्घाटन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की उपस्थिति भी रही।

समर्पित एम.ई.एम.यू. सेवा शुरू होने के साथ ही हजारों श्रमिकों, छात्रों और छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। अब तक ये यात्री महंगी बसों और विलंब से चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों पर निर्भर थे, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। नई सेवा ने इस निर्भरता को काफी हद तक समाप्त कर दिया है।

यह रेल सेवा पश्चिम बर्द्धमान, पुरुलिया और बोकारो को जोड़ते हुए एक तेज और किफायती स्टील कॉरिडोर के रूप में उभरी है।

दोनों शहरों के सेल प्रतिष्ठानों से जुड़े तकनीकी कर्मचारियों और श्रमिकों को अब प्रतिदिन सीधा और भरोसेमंद रेल संपर्क मिलेगा, जिससे औद्योगिक गतिविधियों में बेहतर तालमेल संभव होगा।

लंबी दूरी की ट्रेनों के विपरीत, एम.ई.एम.यू. सेवा छोटे मध्यवर्ती स्टेशनों पर भी ठहराव देती है। इससे पुरुलिया और आसपास के ग्रामीण इलाकों को आसनसोल और बोकारो जैसे बड़े औद्योगिक बाजारों तक सस्ती और सुगम पहुंच मिल सकेगी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अहम साबित होगी।

नई रेल सेवा से सैकड़ों छात्र प्रतिदिन राज्य सीमा पार स्थित कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों तक आसानी से आ-जा सकेंगे। इससे उन्हें हॉस्टल या किराए के महंगे खर्च से राहत मिलेगी और शिक्षा तक पहुंच पहले की तुलना में अधिक सुलभ होगी। सब्सिडी वाले मासिक सीजन टिकट के चलते दैनिक मजदूरों और नियमित यात्रियों के लिए लंबी दूरी की यात्रा कम खर्चीली हो गई है। सड़क जाम और मानसून के दौरान आने वाली बाधाओं से मुक्त यह सेवा हर मौसम में समयबद्ध और सुरक्षित रेल संपर्क सुनिश्चित करती है।

इस एम.ई.एम.यू. सेवा से छोटे स्टेशनों पर यात्रियों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय स्तर पर नए व्यवसाय और सेवाओं का विकास हो सकता है। नियमित और विश्वसनीय रेल संपर्क क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ लोगों के दैनिक जीवन को भी अधिक सुगम बनाएगा।

# जमीन विवाद में हुई थी विनोद यादव की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** थरथरी थाना क्षेत्र के त्रिभुवन विगहा गांव निवासी स्वर्गीय कामेश्वर प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र विनोद प्रसाद यादव की शनिवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

वारदात दनियावां थाना क्षेत्र के नायिका रोड पुल के पास हुई, जहां हत्या के बाद शव को पुल के नीचे फेंक दिया गया। स्वजन के अनुसार, विनोद यादव को उनका एक जानने वाला रिश्तेदार नानी के घर ले जाने के बहाने घर से बुलाकर ले गया था।

बताया गया कि रास्ते में पार्टी भी चली और देर रात फतुहां थाना क्षेत्र से होते हुए दनियावां थाना क्षेत्र के नायिका पुल के पास पहुंचने पर विनोद यादव को गोली मार दी गई।

इसके बाद शव को पुल के नीचे फेंककर आरोपी फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के परिवार ने इस हत्या को पुरानी रंजिश से जोड़ते हुए बताया कि करीब एक दशक पहले जमीन विवाद को लेकर विनोद यादव के पिता स्वर्गीय कामेश्वर प्रसाद की भी हत्या कर दी गई थी, जिसका मामला अभी अदालत में विचाराधीन है।

परिजनों का आरोप है कि उसी विवाद की कड़ी में अब विनोद यादव की हत्या की गई है।

# हथियार व जिंदा कारतूस के साथ तीन लोग गिरफ्तार

**वर्चस्व स्थापित करने के लिए होता था हथियारों का प्रयोग**




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में छापेमारी कर एक रायफल, एक देशी कट्टा, अठारह जिंदा कारतूस व एक विण्डोलिया बरामद करते हुए तीन लोगो को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सलेमपुर गांव निवासी गुड्डू कुमार के घर छापेमारी कर तलाशी के क्रम में घर के कमरा से एक देशी कट्टा, एक रायफल, अठारह जिन्दा कारतूस एवं एक बिन्डोलिया बरामद किया गया। बरामद समानों का विधिवत गिरफ्तार व्यक्ति के निशानदेही पर छापेमारी कर राजीव कुमार एवं किशोर प्रसाद गिरफ्तार किया गया है।

उक्त तीनों अभियुक्तों द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र का उपयोग वर्चस्व कायम करने व लोगों को डराने धमकाने में करते थे जिससे लोगों में दहशत का महौल बना था।पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच करने में जुट गई है। छापेमारी में थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा, सअनि मुकेश कुमार, सअनि विमल कुमार तिवारी, सअनि रमेश प्रसाद, सअनि धर्मेंद्र यादव, सिपाही अनिकेत कुमार, दिनेश कुमार, काजल कुमारी, राज कुमार शामिल थे।

# पटना में 4 अप्रैल को होगी ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक

## महादेवी वर्मा सम्मान समारोह का भी होगा आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की एक वर्चुअल बैठक आठ फरवरी की रात्रि ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन की भावी गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में आगामी चार अप्रैल को पटना में जीकेसी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित करने तथा पांच अप्रैल को पटना में महादेवी वर्मा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इन दोनों कार्यक्रमों की रूपरेखा, उद्देश्य और आयोजन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस वर्चुअल बैठक में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, असम सहित देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिनिधि और पदाधिकारी जुड़े, जिससे यह बैठक राष्ट्रीय स्तर की सहभागिता और विचार-विमर्श का मंच बन गई। बैठक में प्रमुख रूप से अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रबंध न्यासी रागिनी रंजन, महासचिव नवीन कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर, पवन सक्सेना, निलेश वर्मा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक, सुभाषिनी स्वरूप, शालिनी सिन्हा, धनंजय प्रसाद सहित विभिन्न राज्यों के अध्यक्ष और महासचिव शामिल हुए। सभी वक्ताओं ने संगठन को वैचारिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार पर अपने विचार रखे।बैठक में वर्ष 2024, 2025 और 2026 के लिए महादेवी वर्मा अवार्ड प्रदान करने का भी निर्णय लिया गया। अवार्ड प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की गई। यह सम्मान साहित्य, कला, संस्कृति सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महादेवी वर्मा अवार्ड प्रदान किए जाने का यह कार्यक्रम पांचवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है और इन पांच वर्षों में जीकेसी महादेवी वर्मा अवार्ड ने देश के प्रतिष्ठित सम्मानों में अपनी एक सशक्त पहचान स्थापित की है। बैठक का समापन संगठनात्मक एकता, सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक ऊर्जा के संकल्प के साथ हुआ।

**महादेवी वर्मा सम्मान समारोह के लिए चयन समिति गठित**

महादेवी वर्मा सम्मान समारोह के लिए अवार्ड चयन समिति का गठन किया गया है। चयन समिति में रागिनी रंजन को अध्यक्ष बनाया गया है। समिति के अन्य सदस्यों में अनुज माथुर राजस्थान से, नवीन कुमार महाराष्ट्र से, आदित्य नाग राजस्थान से, आलोक अविरल एनसीआर से, कमल किशोर बिहार से, निष्का रंजन महाराष्ट्र से, मितेश कर्ण दुबई से, पूनम कर्ण नेपाल से, पवन सक्सेना महाराष्ट्र से और शिवानी गौड़ बिहार से शामिल हैं। यह समिति विविध भौगोलिक क्षेत्रों और अनुभवों का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे चयन प्रक्रिया व्यापक और संतुलित हो सके। यह भी तय किया गया है कि इन नामित सदस्यों के अतिरिक्त देश के सभी प्रदेशों के अध्यक्ष तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय अध्यक्ष पदेन सदस्य के रूप में समिति का हिस्सा होंगे।

# जे पी ने सम्पूर्ण जीवन जनहित को सर्वोपरि रखा : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आवास पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया। इस क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने वहां की पूरी जानकारी ली और वहां रखी एक-एक वस्तुओं को दिलचस्पी के साथ देखा और उसके विषय में जाना। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि सम्पूर्ण क्रांति के प्रणेता जयप्रकाश नारायण रहे। इस क्रांति को लेकर लोकतंत्र में अलग स्थान है। राजनीति में 1974 के बाद के कालखंडों के लिए यह एक ऐसा स्थान रहा है जहां से लोग राजनीति में शुचिता, पारदर्शिता और राजनीति में विवेक, नैतिकता का संकल्प लेते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व लेने के बाद आज पहली बार बिहार आया हूं। यहां आकर मैं भी संकल्पित महसूस कर रहा हूं। जेपी के जो विचार और सोच रहे, उसी सोच को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और एक संकल्प का भाव है कि इस देश और राज्य के विकास में मेरा भी योगदान रहे। उन्होंने कहा कि जेपी ने सम्पूर्ण जीवन जनहित को सर्वोपरि रखा। उनके विचार आज भी देश के युवाओं, कार्यकर्ताओं और जनसेवकों के लिए मार्गदर्शक हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पटना पहुंचे नितिन नवीन ने आज भाजपा विधानमंडल दल की बैठक की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके बाद वे प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ बैठक में शामिल हुए। इस क्रम में उन्होंने संगठन के विस्तार को लेकर गम्भीर चर्चा की।

# ग्राम स्वराज से विकसित भारत की राह आसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से पटना में युवा संवाद का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत विश्व का युवा देश है। युवा शक्ति से नया सवेरा लायेंगे है संकल्प की विकसित भारत बनायेंगे। युवाओं को लेकर पहली बार नीति आयोग ने सार्थक पहल किया है और युवाओं को केंद्र में रखकर नीति का निर्धारण किया है। युवाओं के पास असीम ताकत हाथों में डिग्रियां मन मे कुछ कर दिखाने की अवसर है लेकिन अवसर नगण्य है।



फाउंडेशन हर पंचायत में युवा विकास केंद्र खोलकर युवाओं को कैरियर मार्गदर्शन करेगा साथ कौशल विकास का प्रशिक्षित का शिविर आयोजित करेगा। आज हजारों युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत बटेर पालन, बकरी पालन, गाय पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खाद निर्माण, जैम जैली, अचार, पापड़, अगरबती, मोमबत्ती, रेडिमेड कपड़ा, खिलौना बनाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 5 लाख से लेकर 50 लाख तक कि राशि उपलब्ध कराया जा रहा है। स्टार्टप योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के अंतर्गत किसी भी युवा-युवती को प्रशिक्षण में 2 से 5 हजार तक मानदेय दिया जा रहा है। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रेरणा विजय ने बताया कि हम युवाओं को एक्सपोजर विजिट के लिए देश विदेश में युवाओं को भेजते हैं। प्रेम यूथ से जुड़ने के लिए किसी भी जाति, धर्म, भाषा, रंग की भेदभाव नहीं है कोई भी युवा जो समाज के बेहतरी के लिए कार्य करना चाहता है वह हम से जुड़ सकता है।

# स्वच्छता जागरूकता के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम द्वारा पटना के शैम्फोर्ड स्कूल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया और शहर की सफाई के लिए काम करने एवं अपने परिवार के सभी लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा आयोजित इस स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरपर्सन मीरा सिन्हा, प्रिंसिपल जैस पी जे, निदेशक



साविओ पिंटो, पूनम सिन्हा, आयुष कुमार आदि ने उत्साह के साथ भाग लिया। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने लोक गीतों के माध्यम से बच्चों और सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और उन्हें स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीरा सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता बहुत जरूरी है, हमें पान-गुटके का बहिष्कार करना चाहिए ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर बने। छोटे बच्चों ने भी स्वच्छता क्विज में हिस्सा लिया और सभी को बताया कि सूखा और गीला कचरा किस रंग के डस्टबिन में डाला जाए। राजेश केशरी ने स्वच्छता हेतु संगीतिक प्रस्तुति में नीतू नवगीत का साथ दिया। स्वच्छता क्विज में सही जवाब देने वाले बच्चों को एक-एक पुस्तक देकर पुरस्कृत किया गया।

# पांच राज्यों में चुनाव कराने जायेंगे बिहार के 44 आइएएस अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में बिहार के 44 अधिकारी केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर चुनाव कराने जाएंगे। चुनाव आयोग ने बिहार के वरीय आईएएस अधिकारियों का चयन किया है। चुनाव आयोग ने बिहार के आईएएस अधिकारियों पर निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी है। पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी में 2 महीने तक चुनाव की कमान बिहार के अधिकारी संभालेंगे। इसी महीने 5 फरवरी को दिल्ली में इन अधिकारियों की बैठक भी हो चुकी है। चुनाव आयोग ने इन अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव के लिए दिशा निर्देश दिया है। बिहार सरकार के 44 वरीय अधिकारी 20 विभिन्न विभागों से हैं और इसके कारण बिहार सरकार के कामकाज पर अगले 2 महीने तक असर पड़ना तय है। जिन विभागों के अधिकारियों को चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षक बनाया है उसमें योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मयंक वरवड़े, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव प्रतिमा सतीश वर्मा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव पंकज पाल, समाज कल्याण विभाग की सचिव बंदना प्रेयषी शामिल हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव दिवेश सेहत, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव संदीप पुडकलवट्टी, सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव गोपाल मीणा को जिम्मेदारी दी गई है।

# कैंसर की समय पर पहचान एवं सम्पूर्ण इलाज को लेकर सरकार गंभीर : मंगल पांडेय

## 11 फरवरी तक राज्यभर चलाया जा रहा विशेष स्क्रीनिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि गैर-संचारी रोगों, विशेषकर कैंसर की समय पर पहचान और उपचार को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में 4 फरवरी 2026 से 11 फरवरी तक विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सभी जिलों में गैर-संचारी रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राज्य के सदर अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर



निःशुल्क जांच-सह-चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों पर आने वाले व्यक्तियों का सामान्य कैंसर (मुंह, स्तन एवं गर्भाशय का मुख का कैंसर) सहित मधुमेह रोग एवं उच्च रक्तचाप की स्क्रीनिंग की जा रही है। श्री पांडेय ने कहा कि इन शिविरों में आने वाली महिलाओं की निजता की सुरक्षा सुनिश्चित कराते हुए उनके कैंसर (स्तन एवं गर्भाशय का मुख) की स्क्रीनिंग कराई जा रही है। प्रत्येक शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सा दल की तैनाती सुनिश्चित की गई है जिसमें दो एमबीबीएस चिकित्सक (एक महिला चिकित्सक सहित), स्टाफ नर्स/एएनएम एवं काउंसलर शामिल हैं। जिलों में शिविरों के आयोजन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कार्य में दक्षता प्राप्त संस्थानों से मदद ली जा रही है। कैंसर के प्रति डर और भ्रांतियों को दूर करना इस अभियान का अहम उद्देश्य है। ताकि लोग बिना संकोच जांच कराएं और बीमारी की शुरुआती अवस्था में ही इलाज संभव हो सके। श्री पांडेय ने कहा कि जन-जागरूकता को प्रभावी बनाने के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में बैनर, पोस्टर, स्टैंडी, हैंडबिल एवं माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक तक निःशुल्क, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचे और कैंसर जैसी घातक बीमारी के प्रति लोगों को सचेत किया जा सके।

# नितिन नवीन ने 'मन की बात' कार्यक्रम को सफलता पूर्वक श्रवण कराने वाले विधायकों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को अपने-अपने बूथों पर आम लोगों को सफलतापूर्वक श्रवण कराने वाले विधायकों, जिला अध्यक्षों एवं मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया भी मौजूद रहे। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में मन की बात कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को श्रवण कराने के लिए इन लोगों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन द्वारा सम्मानित किए गए विधायकों में कुमार शैलेन्द्र, रामचंद्र प्रसाद, नीतीश मिश्रा, केदार प्रसाद गुप्ता, श्याम बाबू प्रसाद गुप्ता, कविता देवी, संजय गुप्ता, रत्नेश कुशवाहा, प्रमोद कुमार सिन्हा, निशा सिंह और नंद किशोर राम शामिल थे। इसके अलावा विभिन्न जिला अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों को भी इसके लिए सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर बिहार के लोगों में उत्साह बढ़ा है। सम्मानित किए गए लोगों ने अपने क्षेत्रों के बूथों पर इस कार्यक्रम के जरिये लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुनने के लिए खास व्यवस्था की गई थी और लोगों को इसके लिए जागरूक किया गया था।

# कुशल युवा कार्यक्रम संकट में, भुगतान और जवाब दोनों नदारद : आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र आज गंभीर संकट से गुजर रहा है। निर्धारित प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने के बावजूद केंद्र संचालकों को लंबे समय से भुगतान नहीं किया गया है जिससे कई केंद्रों का नियमित संचालन प्रभावित हुआ है और कुछ केंद्र बंदी की कगार पर पहुंच चुके हैं। केवाइपी केंद्र संचालक एवं केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने कहा कि भुगतान न होने के कारण केंद्र संचालकों के सामने



किराया, कर्मचारियों का वेतन, बिजली, इंटरनेट एवं अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना कठिन हो गया है। आर्थिक दबाव के कारण केंद्रों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रशासनिक लापरवाही का सीधा असर छात्रों पर भी पड़ रहा है। नामांकन के समय छात्रों से ली गई 1000 की सिक्योरिटी डिपॉजिट राशि अब तक वापस नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्रों की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई है जिससे उन्हें रोजगार, उच्च शिक्षा और अन्य अवसरों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आनंद रंजन झा ने कहा कि इन समस्याओं को लेकर पहले भी विभिन्न समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं, लेकिन समाधान निकालने के बजाय विभागीय स्तर पर उदासीनता बनी हुई है।

# संजय को बनाया गया राष्ट्रीय मंत्री, 1989 से बीएमएस से जुड़ाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भगवान जगन्नाथ की पावन धरती पूरी (उड़ीसा) में सम्पन्न भारतीय मजदूर संघ की त्रिदिवसीय त्रैवार्षिक अधिवेशन में बिहार के संजय कुमार सिन्हा को अखिल भारतीय मंत्री बनाया गया है। श्री सिन्हा वर्तमान में भारतीय मजदूर संघ, बिहार प्रदेश के महामंत्री हैं। श्री सिन्हा को अखिल भारतीय मंत्री बनाये जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। श्री सिन्हा 1989 से बीएमएस से जुड़े हुए हैं। भारतीय डाक लेखा संघ में सहायक मंत्री, प्रांतीय मंत्री व महामंत्री, भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ में सचिव व अध्यक्ष तथा भारतीय मजदूर संघ, बिहार प्रांत में



कोषाध्यक्ष का दायित्व निभाने वाले श्री सिन्हा अप्रैल, 2021 से बीएमएस, बिहार प्रदेश के महामंत्री हैं। वहीं, अधिवक्ता जयंत राय को भारतीय मजदूर संघ के लीगल प्रकोष्ठ का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि पूरी (उड़ीसा) में 6 से 8 फरवरी तक त्रैवार्षिक अधिवेशन आयोजित था।

# स्वास्थ्य पर संकट : बिहार में बायो-मेडिकल कचरे का बढ़ता खतरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में बायो-मेडिकल कचरे की बढ़ती मात्रा और उसके वैज्ञानिक निस्तारण की कमी राज्य के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट का संकेत बनती जा रही है। अस्पतालों, नर्सिंग होम्स और पैथोलॉजिकल लैब्स से निकलने वाले इस खतरनाक कचरे के उचित प्रबंधन में लापरवाही के कारण संक्रमण फैलने और महामारी जैसी स्थिति बनने की आशंका गहराती जा रही है। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार राज्य के आठ प्रमुख जिलों में लगभग एक लाख अस्पताल बेड से उत्पन्न बायो-मेडिकल कचरे के सुरक्षित निस्तारण के लिए कम से कम 10 कॉमन बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी की आवश्यकता है। इसके विपरीत मौजूदा व्यवस्था इस जरूरत को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। भागलपुर, गया, मुजफ्फरपुर और पटना में संचालित वर्तमान ट्रीटमेंट प्लांट या तो अपनी संविदा अवधि पूरी कर चुके हैं या विस्तार कार्य की प्रक्रिया में हैं। दूसरी ओर स्वास्थ्य संस्थानों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिससे प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले बायो-मेडिकल कचरे की मात्रा कई गुना बढ़ गई है। उपचार क्षमता और कचरे की मात्रा के बीच बढ़ता अंतर स्थिति को और गंभीर बना रहा है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नए कॉमन ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के लिए कई बार टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई, लेकिन पारदर्शिता की कमी और पक्षपात के आरोपों के चलते ये प्रयास कानूनी विवादों में फंस गए। इसका सीधा असर आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इस विषय पर ग्लैड फाउंडेशन की निदेशक संघमित्रा घोष ने कहा कि बायो-मेडिकल कचरा केवल अपशिष्ट नहीं बल्कि संभावित संक्रमण का बड़ा स्रोत है। यदि इसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण नहीं किया गया तो यह समाज के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

# आज के युवा के लिए कल के लक्ष्यों को ध्यान में रखेगा आइसीआइसीआइ प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत आज एक अहम मोड़ पर खड़ा है। आने वाले दस वर्ष देश के युवाओं को समर्पित हैं जो सपने देखने वाले भी हैं और उन्हें पूरा करने वाले भी और साथ ही जो देश की आर्थिक दिशा तय कर रहे हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अनुसार करीब 65% भारतीयों की उम्र 35 वर्ष से कम है। चाहे पहला घर खरीदना हो या जल्दी रिटायरमेंट की योजना बनाना, सपनों को हकीकत में बदलने के लिए लंबे समय तक अनुशासित वित्तीय योजना और बचत बेहद जरूरी है। इसी सोच के साथ तैयार किया गया, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक ऐसा मार्केट-लिंक्ड जीवन बीमा उत्पाद है जो कमाने वाले युवाओं की सुविधाओं को ध्यान में रखता है। यह न सिर्फ लंबे समय में संपत्ति बनाने में मदद करता है, बल्कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा भी देता है। सिर्फ 1,000 रुपए प्रति माह से शुरू होने वाला यह किफायती प्लान युवा प्रोफेशनल्स और पहली बार निवेश करने वालों को जल्दी शुरुआत करने, निवेश बनाए रखने और भारत की विकास कहानी का लाभ लेने का मौका देता है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर विकास गुप्ता ने कहा आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट इंश्योरेंस प्लान प्लस एक किफायती उत्पाद है जिसमें ग्राहक द्वारा चुने गए एसेट एलोकेशन के अनुसार पूरा प्रीमियम निवेश किया जाता है।

# यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो चुकी है पटना-बक्सर एवं झाझा-दानापुर पेंडुलम सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दानापुर मंडल द्वारा परिचालित दो पैसेंजर ट्रेनों की विशेष लोकप्रियता है। यह दोनों पेंडुलम की तरह संचालित गाड़ियां दैनिक यात्रियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी क्रम में दैनिक यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दानापुर मंडल के द्वारा पेंडुलम सेवा के रूप में पटना-बक्सर तथा झाझा-दानापुर के बीच फास्ट पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इन ट्रेनों के परिचालन से दैनिक यात्रियों, जिसमें सरकारी कर्मचारी, व्यापारी, विद्यार्थी तथा अन्य संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारी भी शामिल हैं, को विशेष राहत मिल रहा है। इस ट्रेन की




सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अत्यंत उच्च शक्ति वाला मधेपुरा में निर्मित इंजन डब्ल्यूएजी-12 का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसकी गिनती उच्च कोटि के इंजनों में की जाती है। इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्री सुबह-सुबह राज्य की राजधानी पटना पहुंचकर दिन भर में अपना कार्य निपटा लेने के पश्चात पुनः अपने घर की ओर समय से लौट जाते हैं।

वर्तमान में बक्सर एवं पटना के बीच चलने वाली पेंडुलम सेवा के अंतर्गत गाड़ी संख्या 53202 बक्सर से सुबह 6:30 बजे खुलकर डुमरांव, रघुनाथपुर, बिहियां, आरा, कुलहड़िया, बिहटा, दानापुर स्टेशनों पर रुकते हुए 9:15 बजे पटना जंक्शन पहुंचती है। वापसी में गाड़ी संख्या 53201 पटना-बक्सर फास्ट पैसेंजर पटना से संध्या 17:40 बजे खुलकर दानापुर, बिहटा, कुलहड़िया, आरा, बिहियां, रघुनाथपुर, डुमरांव स्टेशनों पर रुकते हुए 20:35 बजे बक्सर स्टेशन पहुंचती है। इसी प्रकार झाझा एवं दानापुर के बीच चलने वाली पेंडुलम सेवा के अंतर्गत गाड़ी संख्या 53203 झाझा-दानापुर फास्ट पैसेंजर झाझा से सुबह 03:40 बजे खुलकर जमुई, मननपुर, किऊल, लखीसराय, मनकठा, डुमरी, बड़हिया, हाथीदह, मोकामा, बाढ़, अथमलगोला, बख्तियारपुर, चंपापुर हाल्ट, टेका बीघा, सालिमपुर बिहार हाल्ट, करौटा, मंझौली ग्राम हाल्ट, खुसरूपुर, हरदास बीघा, बुद्धदेव चक यादव नगर, फतुहा, पटना साहिब, गुलजारबाग, राजेंद्रनगर, पटना जंक्शन (सुबह 7:55/8.00 बजे) स्टेशनों पर रुकते हुए 9:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचती है। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 53204 दानापुर-झाझा फास्ट पैसेंजर दानापुर स्टेशन से संध्या 17:25 बजे खुलकर पटना (संध्या 17:40/17:45), राजेंद्रनगर, गुलजारबाग, पटना साहिब, फतुहा, बुद्धदेव चक यादव नगर, हरदास बीघा, खुसरूपुर, मझौली ग्राम, करौटा, सालिमपुर बिहार, टेका बीघा, चंपापुर हाल्ट, बख्तियारपुर, अथमलगोला, बाढ़, मोकामा, हाथीदह, बड़हिया, डुमरी, मनकठा, लखीसराय, किऊल, मननपुर, जमुई, स्टेशनों पर रुकते हुए 22:30 बजे झाझा स्टेशन पहुंचती है। इस पेंडुलम सेवा की प्रशंसा करते हुए आरा से पटना के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्री राम प्रवेश ने बताया कि इस सेवा से दैनिक यात्रियों को काफी लाभ मिला है और यह ट्रेन लगभग अपने सही समय से चलती है जिससे हमें अपने कार्य को समय से निपटाकर वापस लौट आने में काफी सुविधा होती है। उन्होंने अपने सहयात्रियों के बारे में भी बताते हुए प्रसन्नता जाहिर कि कुछ सहयात्री लगभग उनके मित्र बन चुके हैं जो उनके साथ प्रतिदिन यात्रा करते हैं।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, मंगलवार 10 फरवरी 2026

# संपादकीय

## बांग्लादेश में अराजकता का दौर कब रूकेगा?

5 अगस्त 2024 से पड़ोसी बांग्लादेश में अराजकता का दौर अब भी जारी है। जेल में बंद बांग्लादेश के पूर्व मंत्री और अवामी लीग नेता रमेश चंद्र सेन की मौत हो गई है। उन्होंने देश के शीर्ष हिंदू नेताओं में गिना जाता था, जो शेख हसीना की सरकार में जल संसाधन मंत्री रहे चुके थे। पांच बार के सांसद सेन ने साल 2024 में अपना आखिरी चुनाव जीता था। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार प्रथम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, रमेश चंद्र सेन को 7 फरवरी शनिवार सुबह करीब 9.10 बजे तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन की मौत ने जेल में रखे गए अवामी लीग के सीनियर नेताओं और पूर्व मंत्रियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। पिछले दिनों एक और हिंदू युवक की निर्मम हत्या के बाद भारत में उसकी प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं का नरसंहार किसी को नहीं दिख रहा है। कुछ दिन पहले विश्व हिंदू परिषद ने देश भर में बांग्लादेश ने एक हिंदू युवक दीपूचंद्र दास की हत्या की हत्या के विरोध में व्यापक प्रदर्शन किए थे। इस दौरान कोलकाता स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के ऑफिस पर प्रदर्शन के दौरान वहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठियां भी बरसाईं। इस प्रदर्शन बांग्लादेश सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की थी। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि अब हर जगह भीड़तंत्र को हवा दी जा रही है। भीड़ चाहे जिसे अपराधी मानकर सजा ए मौत दे रही है। यह नैसर्गिक न्याय के भी विरूद्ध है, क्योंकि इसमें आरोपी को अपना पक्ष रखने का मौका भी नहीं मिलता। ऐसे में मामलों में किसी को जिम्मेदार ठहराना भी मुश्किल है। इस भीड़तंत्र को हर हाल में रोकना जरूरी है। सभी सरकारों और प्रशासन की यह संवै?धानिक जिम्मेदारी है कि वो अपने यहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और कानून के हिसाब से राज चलाएं ताकि सभी नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास कायम रहे। बताया जा रहा है रमेश चंद्र सेन को अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार के गिरने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर हत्या समेत तीन आरोप लगाए थे। अगस्त 2024 में सेन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आईं, जिसमें उनके हाथ रस्सी से बंधे हुए थे। शेख हसीना की सरकार के बाद अवामी लीग के नेता हमलों से बचने के लिए देश छोड़कर भाग रहे थे या गुप्त जगहों पर छिप रहे थे, उस दौरान सेन ने घर पर रहना चुना। उन्हें यकीन था कि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया है। बांग्लादेश में रमेश चंद्र सेन की मौत को लोगों ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए इस पर सवाल उठाए हैं। कुछ लोगों ने इसे हिरासत में हत्या बताया है। पांच टॉप अवामी लीग नेताओं की मौत हो चुकी है। ढाका के प्रदीप चौधरी ने फेसबुक पर लखा, मुझे पता है कि उनके बारे में बहुत सारी झूठी बातें फैलाई जाएंगी।


**उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की भारत सिटी सोसाइटी में ऑन लाइन गेम्स की लत और वर्चुअल एवं एकाकी दुनिया में जी रही तीन नाबालिग बहनों की खुदकुशी की सिहरा देने वाली घटना को विरल मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस गंभीर घटना की भीतरी पर्तें जिस तरह से खुल रही है, वह इस बात की गंभीर चेतावनी है कि हमारा भावी समाज कैसा होगा? इस घटनाक्रम में एक एंगल परिवार में आंतरिक तनाव, एकाकीपन और आपसी संवादहीनता का भी आ रहा है, यदि ऐसा है तो भी यह चेतावनी भरा है कि महज पच्चीस साल बाद मानव समाज में आपसी रिश्ते कैसे और किस दिशा में संचालित होंगे।**

## ऑनलाइन गेमिंग की लत और गाजियाबाद केस- संवेदना और संवाद गायब हुए तो कैसा होगा भावी समाज?

(अजय बोकिल)

जिन तीन लड़कियों ने आधी रात के बाद बिल्डिंग से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी, उनकी डायरी से यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इस 'बीटा जनरेशन' की सोच, समझ, प्राथमिकताएं और सपने क्या हैं? यथार्थ जगत से उनका कितना नाता है?

ये दुर्भाग्यपूर्ण मौतें केवल वर्चुअल वर्ल्ड में जीने का परिणाम है अथवा परिवारिक सहजीवन और परस्परता के तार-तार होने का बुरा संकेत है? युवा होती पीढ़ी की नजर में मुश्किल से मिले मनुष्य जीवन के क्या मायने हैं? कोरियन कल्चर (या किसी और कल्चर से भी) से प्रभावित होकर असमय जान गंवाने वाली तीनों लड़कियां समाज से लगभग पूरी तरह कट चुकी थीं या उन्हें काट दिया गया था। इसमें उनके परिजनों का भी दोष है। लेकिन जहां ऐसा नहीं है, वहां भी बच्चों की मानसिकता में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। चिंता की बात यही है कि भावी समाज किस बुनियाद पर टिका होगा? ऐसा समाज जो, संवेदना, संवाद और सहकार रहित हो, उसे मानव समाज में मुश्किल होगा। कहा जा रहा है कि भावी समाज अति डिजीटल समेकित समाज होगा, और भौतिक और आभासी समाज का हाईब्रिड होगा। आज अधिकांश बच्चे स्मार्ट फोन के चलते ऑन लाइन गेम्स के लती होते जा रहे हैं। भविष्य के बच्चे तो बचपन से ही स्मार्ट फोन से भी आगे एआई के गुलाम बन जाएंगे। जानकारों को आशंका है कि उनकी अपनी कल्पनाशक्ति, सोच, समझ और संवेदना धीरे-धीरे कुंद होने लगेगी। वो तंत्र, प्रौद्योगिकी और आभासी विश्व के गुलाम नागरिक बन जाएंगे। यूं संचार क्रांति के चलते भौतिक दूरियां मिटेंगी, लेकिन भावनात्मक नजदीकियां दूरियों में तब्दील हो जाएंगी। यानी लोग पास आकर भी दूर होते जाएंगे। ऐसा भावी समाज 'अलोन टुगेदर' यानी 'अकेले रहकर साथ रहने वालों' का होगा। दुर्भाग्य से आज मोबाइल स्मार्ट फोन बड़ो से भी ज्यादा बच्चों की लत में तब्दील हो रहा है। कई माएं तो बच्चों को चुप कराने के लिए खुद ही अपना फोन बच्चों को खेलने के लिए दे देती है। आलम यह है कि बच्चा घर या स्कूल में ककहरा सीखने से पहले ही नेट चलाना सीख जाता है। मोबाइल या टैबलेट पर बच्चों का बढ़ता स्क्रीन उसे उस दुनिया का नागरिक अभी से बना रहा है, जो कम से कम सामाजिकता के जिंदा रहने की दृष्टि से कतई ठीक नहीं है। वाई-फाई पर चल रहे ट्रैफिक पर नजर रखने वाली डिवाइस हैप्पीनेट्ज कंपनी के सर्वे में पाया गया कि आज बच्चे इंटरनेट पर वो सब देख रहे हैं, जो उन्हें इस कच्ची उम्र में कतई नहीं देखना चाहिए। फिर चाहे वह यू-ट्यूब हो या फिर ऑन लाइन गेमिंग। इससे नई मानसिक समस्याएं पैदा हो रही है। हाल में हुई एक स्टडी बताती है कि एक बच्चे को जल्दी स्मार्टफोन दिया जाता है, उतनी ही जल्दी उसको मेंटल प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंटरनेट पर बच्चे साइबर बुलीइंग, डेटा प्राइवेसी, इन्फॉर्मेशन लीक जैसी कई तरह की गलत एक्टिविटी की चपेट में आ रहे हैं। मां बाप को इसकी या तो जानकारी नहीं है या फिर वो जानकर भी अनजान हैं। हकीकत यह है कि स्मार्टफोन की लत के चलते कई बच्चे किसी भी काम पर सही ढंग से फोकस नहीं कर पाते। चुनिंदा बच्चे बहुत कुशाग्र हैं तो कई बच्चों की एकाग्रता लगातार घट रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2040 तक यानी मात्र 14 साल बाद ही वर्च्युअल रियलिटी यानी वीआर (आभासी



वास्तविकता) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का आपस में इतना घालमेल हो जाएगा कि उन्हें एक दूसरे से अलग करना मुश्किल होगा। वर्चुअल रियलिटी के साथ तेजी से बढ़ती मिक्स्ड रियलिटी यानी एमआर (मिश्रित वास्तविकता) तथा एक्सटेंडेड रियलिटी यानी ईआर (विस्तारित वास्तविकता) का तेजी से विस्तार भी इसमें शामिल हो जाएगा। जीवन के हर क्षेत्र में एआई की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण, अनिवार्य और निर्णायक हो जाएगी। एआई को 'सेकंड सेल्फ' यानी दूसरा स्वयं भी कहा जा रहा है। जबकि मेटावर्स एक गहन आभासी पर्यावरण होगा, लोग जिसके जरिए ही आपस में संवाद करेंगे। 'खूब गुजरेगी जब मिल बैठेंगे दीवाने दो' जैसे जुमले इतिहास की बात होंगे। हकीकत में लोग एक काल्पनिक और अव्यावहारिक दुनिया में ज्यादा जीएंगे। वर्चुअल समाज की अर्थव्यवस्था और सामाजिकता भी वर्चुअल ही ज्यादा होगा। प्रत्यक्ष संवाद और मिल बैठकर सुख दुख की बातें गुजरे जमाने की बात होगी। ज्यादातर लोग अपने में मगन होंगे। सब कुछ होते हुए भी कुछ नहीं होने का अवसाद बना रहेगा और जो आत्मघात तक बढ़ सकता है। ऐसी दुनिया में जीवित रहने के लिए लोगों में क्रिटिकल इमरसिव लिटरेसी (निर्णायक गहन साक्षरता) की दरकार होगी। भावी डिजीटल समाज में मानवीय रिश्ते इस बात से तय होंगे कि हम संवाद किस तरह करते हैं। सोशल मीडिया के रूप में आज हम यह देख ही रहे हैं, जो हमे सतत संवाद की अवस्था में उलझाए रखता है, लेकिन जिसकी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता बहुत संदिग्ध है। उदाहरण के लिए किसी मर चुके व्यक्ति को उसके मेटा पर अनडिलीटेड अकाउंट पर बिना देखे-समझे जन्मदिन की बधाई देते चले जाना है। और ऐसा करने वाले पढ़े लिखे लोग ही होते हैं। ऐसा लगता है कि लोग किसी बात की गहराई और प्रामाणिकता की पुष्टि के परिश्रम को धता बता चुके हैं। दरअसल, 24×7 संपर्क और संवाद आपको जितना सक्रिय रखता है, उतना ही आपकी निजता के लिए घातक भी है और वक्त की बर्बादी भी। इससे अकेलापन बढ़ता है और मनुष्य को अवसाद की ओर ले जाता है। आने वाले वर्षों में यह प्रवृत्ति और बढ़ेगी। जीवन के कठोर सत्य को स्वीकार कर चुनौतियों से जूझने और संघर्ष का माद्दा घटता जाएगा। ऐसे में कौन कब सुसाइड कर ले या फिर अकारण किसी की हत्या कर दे, कहा नहीं जा सकता। ऐसे अपराधों की विवेचना और दंड के लिए भी हमे वर्तमान कानूनों में आवश्यकतानुसार परिवर्तन करना होगा। इतना ही नहीं, रोमांटिक रिश्ते डेटिंग एप के जरिए ही होंगे। जज्बाती प्रेमपत्र तो अब वैसे भी अतीत की बात बन चुके हैं। सोशल मीडिया ही भावनाओं के इजहार का अहम माध्यम बन गया है। हाइपर कनेक्टेड विश्व लोगों की निजी जिंदगी को लगभग खत्म कर देगा। जिससे उद्वेलन बढ़ेगा। ज्यादातर लोग या तो अपने में मगन होंगे या फिर बेचैन और त्रस्त होंगे। अहम सवाल यह है कि क्या हम भावी पीढ़ी को इस अभिशाप से बचा सकते हैं अथवा ऐसी कोशिशों के बाद भी यह पीढ़ी उन दुष्परिणामों से बच पाएगी, जिसके खतरे हमे अभी से स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। कभी संयुक्त परिवार वाले भारतीय समाज में आपसी रिश्ते भी सगेपन तक सीमित हो गए हैं। ज्यादातर बच्चे अपने चचेरे ममेरे रिश्तेदारों को नहीं जानते या फिर बहुत औपचारिक संपर्क है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बचपन से ही अभिभावक ध्यान दें तो इस समस्या का कुछ तो निदान हो ही सकता है। गाजियाबाद की तीनो गर्ल्स का स्कूल से नाता टूट चुका था। वो पूरी तरह अकेली और आत्मकेन्द्रित हो गई थीं। भारतीय जीवन मूल्यों के बजाए वर्चुअल वर्ल्ड की कोरियाई जीवन शैली उन्हें सार्थक लगने लगी थी। भले ही असल में खुद कोरियाई लोग अपने जीवन से असंतुष्ट हों। बचपन में माता पिता के प्यार से वंचित उन लड़कियों ने स्मार्ट फोन पर ऑन लाइन गेमिंग और वर्चुअल दुनिया को ही जीवन का सच मान लिया था। उससे दूर जाना उनके लिए मृत्यु का वरण था, जो उन्होंने हकीकत में कर दिखाया। उनके दिमाग पर किसी और कब्जा हो चुका था। यही कारण था कि 80 फीट ऊंचाई से कूदने में भी जान जाने का डर नहीं लगा। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब बच्चे ऑनलाइन गेम्स खेलते हैं या सोशल मीडिया पर रील्स देखते हैं तो उनके दिमाग में डोपामाइन हार्मोन का स्राव होता है। एकल परिवार होने और मां-बाप के कॅरियर और कमाई में व्यस्त होने से बच्चे ऐसी वर्चअल दुनिया की तरफ मुड़ जाते हैं, जहां से लौटने का रास्ता कम ही बचता है। गाजियाबाद वाली घटना में भी तीनों बहनों ने कमरे की दीवारों पर अलग-अलग कटिंग लगा रखी थीं। उसी कमरे में तीनों अधिकतर समय बिताती थीं। पिता ने उनका मोबाइल फोन छीनकर बेच दिया था। इससे वो बहुत आहत थीं। इसी साल भोपाल में 14 साल के एक बच्चे ने इसलिए फांसी लगा ली, क्योंकि उसके परिजनों ने उसे मोबाइल पर 'फ्री फायर' गेम खेलने से रोका था। इसी तरह केरल में भी एक नाबालिग लड़की जो मोबाइल पर कोरियन पॉप कल्चर से अत्यधिक प्रभावित थी, ने अकेलेपन से परेशान होकर खुदकुशी कर ली थी।ऑन लाइन गेम खेलने पर रोक लगाई गई है। लेकिन यह भी समस्या का आंशिक इलाज ही है। प्रौद्योगिकी के आक्रमण और विकास को रोक पाना मनुष्य के बस में है या नहीं, यही अब सबसे बड़ा सवाल है। और इस हमले की छाया में जो पीढ़ी जवान होगी, उसका सामाजिक जीवन क्या होगा, होगा भी या नहीं, यह प्रश्न भी कंपकंपी पैदा करने वाला है।यह लेखक के निजी विचार हैं।

## मशीन विवेक कहां से लाएगी? तकनीक आगे बढ़ेगी, पर फैसला इंसान ही करेगा

(देवेश त्रिपाठी)

विवेक एक ऐसा अद्वितीय मानवीय कौशल है, जिसका स्वचालन नहीं किया जा सकता, निकट भविष्य में तो बिल्कुल नहीं। कॉलेज के दिनों में मुझे मध्यकालीन अध्ययन के एक सेमिनार में शामिल होने का अवसर मिला। विषय था-ब्रिटिश कॉमन लॉ की उत्पत्ति। वहां मैंने जाना कि 14वीं सदी के इंग्लैंड में न्यायाधीश किस तरह संपत्ति से जुड़े विवादों का निपटारा करते थे। जब गवाहों के बयान आपस में टकराते और दस्तावेज अधूरे या अस्पष्ट होते थे, तब न्यायाधीश अपनी तार्किक क्षमता और विवेक का इस्तेमाल करके निर्णय लेते थे। उस सेमिनार की सीख आज भी मेरे काम आती है। वह मुझे पढ़ने, शोध करने और विश्लेषण करने वाली गहरी शिक्षा की अहमियत की याद दिलाती है।

मेरी कॉलेज की शिक्षा ने मुझे यह नहीं सिखाया कि 'क्या सोचना है', बल्कि यह सिखाया कि 'कैसे सोचना है'। तकनीकी प्रभुत्व वाली इस दुनिया में रणनीतिक और वित्तीय फैसले लेते समय यही नजरिया सबसे ज्यादा कारगर साबित होता है। आज जितनी भी बोर्डरूम चर्चा होती है, हरेक के केंद्र में एआई होता ही है। निस्संदेह एआई परिवर्तनकारी साबित होगा। फिर भी, बहुत कुछ ऐसा भी है, जो बिल्कुल नहीं बदलेगा। उनमें सबसे प्रमुख है इन्सानी विवेक। विवेक से मेरा तात्पर्य है-परस्पर विरोधी मूल्यों और मतभेदों के बीच मध्यस्थता करने की क्षमता; उन पहलुओं पर विचार करने का हुनर, जो अपने आप में महत्वपूर्ण तो हैं, पर जिन्हें एकसाथ पूरा नहीं किया जा सकता; और श्रेष्ठ विकल्प तक पहुंचने के लिए कई रास्तों पर विचार करने का कौशल। यह एक अद्वितीय मानवीय कौशल है।

हाल ही में, मेरा एक ग्राहक अपने व्यवसाय का एक हिस्सा बेचना चाहता था। उसके सामने दो विकल्प थे-या तो उस तेजी से बढ़ने वाली इकाई को बेच दिया जाए, जो अस्थिर थी व मुख्य कारोबार का केंद्र नहीं थी, या फिर उस धीमी गति से बढ़ने वाली इकाई को बेचा जाए, जो कंपनी के उद्देश्य और मिशन से अधिक मेल खाती थी। एआई आधारित विश्लेषण ने धीमी वृद्धि वाले व्यवसाय को बेचने की सिफारिश की। लेकिन मानवीय विवेक ने दूसरा रास्ता दिखाया कि उतार-चढ़ाव वाली इकाई को बेचें और दूसरी को बेहतर बनाएं।

हालांकि, यह कहना जल्दबाजी होगी कि कौन-सा रास्ता सही साबित होगा, लेकिन मैं एआई के उत्तर की निश्चितता देखकर दंग रह गया। बेशक एआई पैटर्न पहचानने, कोड बनाने और भारी मात्रा में टेक्स्ट व डाटा को संकलित करने में सक्षम है। पर किसी को यह तय तो करना ही होता है कि विश्लेषण भरोसेमंद है या नहीं, उसके निहितार्थ क्या हैं और उस पर अमल करना समझदारी होगी या नहीं। यही वे जगहें हैं, जहां तकनीक नहीं, बल्कि मानव विवेक निर्णायक भूमिका निभाता है। पिछले वर्ष एक बोर्ड यह जानना चाहता था कि उसे एक व्यावसायिक सौदे के लिए कितनी बोली लगानी चाहिए। एआई ने एक ऐसी राशि सुझाई, जो मुझे कम लगी। फिर चर्चा हुई कि क्या सौदे की कीमत अधिक रखनी पड़ेगी। जैसा कि अपेक्षित था, जब कंपनी ने एआई द्वारा सुझाई कीमत का प्रस्ताव दिया, तो उसे निरस्त कर दिया गया। बाद में, अधिक कीमत की पेशकश स्वीकार कर ली गई और सौदा सफल रहा। सौदे को लेकर एआई मानवीय पहलुओं को नहीं समझ सका, जिसे मानवीय निर्णय ने बखूबी समझा। इसी वजह से मुझे संदेह है कि एआई जल्द मानवीय पहलुओं की बराबरी लेगा। उच्च शिक्षा और व्यवसाय में लोगों को विशेषज्ञता की तरफ धकेलने का चलन है। एआई इस दबाव को और बढ़ा देता है। आम सोच यह है कि अगर मशीनें सामान्य काम कर सकती हैं, तो इन्सानों को खास कामों पर ध्यान देना चाहिए। मेरा मानना है कि इसका उल्टा सच है। जैसे-जैसे नियमित विश्लेषण स्वचालित होता जाएगा, पेशेवरों को जो चीज अलग बनाएगी, वह होगी अलग-अलग क्षेत्र में चीजों को समझने की क्षमता, ऐसे पैटर्न देखना, जो विशेषज्ञ नहीं देख पाते, और सही फैसला लेना। नियुक्ति करते समय व्यावसायिक नेतृत्वकर्ता ऐसे लोगों की तलाश करते हैं, जो विश्लेषण करने, खुद को बदलने, नए कौशल सीखने और नई जानकारियों से लैस होने में तेजी से सक्षम हों।

# सदन की घटनाओं से तार-तार होता राष्ट्रीय चरित्र

**देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में मनमानियों का बाहुल्य होता जा रहा है। विधानसभाओं से लेकर लोकसभा तक में राष्ट्रीय चरित्र का निरंतर पतन हो रहा है। गुण्डागिरी का ऊपर उठता ग्राफ, अपशब्दों की बौछार और आक्रमण के लिए उन्मादी भीड के दृश्य किसी मवाली मंडी के मानिन्द सामने आ रहे हैं। हाथपाई, मारपीट और गालीगलौज से ऊपर उठकर प्राणघातक हमले तक बात पहुंच चुकी है। इन सबके मध्य अब महिलाओं को हथियार बनाकर राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत को भी नस्तनाबूत करने के लिए भी राजनैतिक दलों ने अब कमर कस ली है। संसद के अन्दर का वातावरण अब असुरक्षा के प्रदूषण से इतना भर गया है कि वहां पर सम्मान की सांसें लेने में बेहद कठिनाई होने लगी है।**

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

सभापति का पद भी निर्विघ्न रूप से कीचड उछाला जाता रहा है। राज्यपाल से लेकर राष्टपति तक की संवैधानिक गरिमा पतन के गर्त में पहुंचती जा रही है। मतभेदों की वैचारिक भिन्नता अब मनभेद का संघर्ष बन चुका है। संसद के बाहर षडयंत्र करने वाले अब अन्दर का सम्मान भी मिट्टी में मिलाने पर तुल गये हैं। ढीठता की चरम सीमा पर पहुंचने वाले अनेक राजनेताओं का नंगा नाच अब सडकों पर भी मनोरंजन का कारक बनता जा रहा है। खतरनाक आपराधिक घटनाओं में आरोपी बने लोग जब संसद में जनप्रतिनिधि बनकर पहुंचेंगे, तो उनकी मानसिक गंदगी से वहां भी गैगवार जैसी स्थितियां पैदा होना स्वाभाविक ही है। राजनैतिक दलों में बाहुबलियों, भीडबलियों, धनबलियों, गैगबलियों सहित माफियों को बेधडक सम्मान देने की परम्परा अब बेहद तेजी से आगे बढ रही है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की दहशत को लोकप्रियता का नया मापदण्ड माना जाने लगा है। घोटालेबाजों की सम्पत्ति ही उन्हें प्रतिष्ठा के नये सोपान तय करा रही है। माफियों के गिरोहों की दखलंदाजी अब कार्यपालिका के दफ्तरों से लेकर सदन के अन्दर तक हो चुकी है। नियम, कानून, व्यवस्था जैसे शब्द केवल निरीह लोगों पर ही कहर बनकर टूट रहे हैं। देश का नाम दुनिया के भाल पर भले ही चमकता दिख रहा हो परन्तु अन्दर के हालातों को विस्फोटक बनाने में लगे उत्तरदायी लोगों के समूह अब आत्मघाती दस्ते बनकर विदेशी षडयंत्र को अमली जामा पहनाने में तेजी से जुट गये हैं। साइबर युग में अतीत की इबारत से लेकर वर्तमान के क्रियाकलापों तक का आइना खुलकर सामने आ चुका है। ऐतिहासिक घटनाओं को विकृत करके इतिहास लिखवाने वालों तक को पोल खुल चुकी है। सत्य को झुठलाकर षडयंत्र को विकसित करने वालों ने लम्बे समय तक देश को अंधकार में रखा और राज्य किया। गुलामी की आदतों में जकडे नागरिकों को शाब्दिक स्वतंत्रता का सब्जबाग दिखाकर गोरों ने केवल सत्ता के चेहरों को ही बदला था। सब कुछ यथावत ही रहा था। चन्द लोगों के द्वारा स्वीकार की गई अंग्रेजियत को समूचे देश पर थोपा गया। विलायती संस्कृति के आगे परम्परागत संस्कारों को दास बना दिया गया। शिक्षा से लेकर चिकित्सा तक, न्यायालयों से लेकर संस्थानों तक और धरती से लेकर आसमान तक पाश्चात्य की जडें मजबूत करने की षडयंत्रकारी योजनायें आज दावानल बनकर देश को निगल रहीं है। लोकतंत्र के मंदिर को भी देश के अन्दर बैठे मीरजाफरों की फौज विखण्डित करने पर तुली है। उदाहरण के तौर पर देखें तो विगत 26 अगस्त 2006 को लोकसभा में हुई जेडीयू और आरजेडी के मध्य हाथापाई



हुई। विगत 24 नवंबर 2009 को राज्यसभा में अमर सिंह और अहलूवालिया के मध्य हाथापाई हुई। विगत 5 सितंबर 2012 को राज्यसभा में बीएसपी सांसद अवतार सिंह और एसपी सांसद नरेश अग्रवाल के मध्य हाथापाई हुई। विगत 13 फरवरी 2014 को हुए झगड़े ने अध्यक्ष को कक्ष से भागने पर मजबूर कर दिया और कई सांसदों को अस्पताल ले जाया गया। इस घटना में प्रदर्शनकारी सांसद ने विरोधियों पर मिर्च स्प्रे फेंका था। कांच की मेज को तोड़ा माइक्रोफोन का तार तोड़ दिया था। विगत जनवरी 1988 को एमजी रामचंद्रन की विधवा जानकी के समर्थकों तथा जे. जयललिता के समर्थकों के मध्य हाथापाई हुई जिसमें 20 विधायकों को चोटें आई थीं तथा 100 से अधिक माइक टूट गए और कई कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गईं। विगत 26 मार्च 1989 को तमिलनाडु विधानसभा में जयललिता पार्टी के सदस्यों और करुणानिधि के डीएमके के विधायकों के बीच हिंसा भड़क उठी। उत्तर प्रदेश विधानसभा में विगत 16 दिसम्बर 1993 को सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच हुई हाथापाई में अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी सहित 33 विधायक घायल हो गए थे। यहीं पर 21 अक्टूबर 1997 को फिर आक्रामण की घटना हुई जिसमें लगभग 50 सदस्य घायल हो गए थे। इस घटना में माइक्रोफोन स्टैंड, पेपरवेट, कांच के टुकड़े और फर्नीचर का खुलकर प्रयोग हुआ था। इसी तरह 14 सितंबर 2007 को कांग्रेस विधायक भीष्म शर्मा ने भाजपा के मुख्य सचेतक साहब सिंह चौहान पर शारीरिक हमला किया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा के बाहर 11 दिसंबर 2012 को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के विधायकों के बीच हाथापाई हुई। तमिलनाडु विधानसभा में भी 2013 में मुक्केबाजी हुई। केरल के विधायकों ने 13 मार्च 2015 में तोड़ीं कुर्सियां, माइक फेंके और मेजों पर चढ़ गए। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 28 अगस्त 2015 को कांग्रेस और विपक्षी भाजपा विधायकों के बीच मारपीट हुई। तमिलनाडु में 18 फरवरी 2017 को तमिलनाडु विधानसभा में राज्य विधायकों द्वारा हिंसा और बर्बरता की घटनाएं हुईं। गुजरात विधानसभा विगत 14 मार्च 2018 को प्रश्नकाल के बाद कांग्रेस और भाजपा विधायकों ने एक-दूसरे पर थप्पड़ और लात-घूंसे बरसाए, माइक्रोफोन भी तोड़े। हरियाणा विधानसभा में 11 सितंबर 2018 को विपक्ष के नेता और इंडियन नेशनल लोकदल के विधायक अभय चौटाला और कांग्रेस विधायक करण सिंह दलाल के बीच अभूतपूर्व लड़ाई देखी गई। बिहार विधानसभा में 24 मार्च 2021 को विपक्षी विधायकों के विरोध के कारण सदन में अभूतपूर्व हंगामा हुआ जिसके बाद स्पीकर के कक्ष की घेराबंदी करने वाले विधायकों को बाहर निकालने के लिए पुलिस को बुलाना पडा। कर्नाटक विधानसभा में 16 फरवरी 2022 को सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच हाथापाई हुई। पश्चिम बंगाल विधानसभा में 24 मार्च 2022 को बजट सत्र हाथापाई के साथ समाप्त हुआ जिसमें विधानसभा में टीएमसी और भाजपा विधायकों के बीच हुई मारपीट हुई। महाराष्ट्र विधानसभा में विगत 1 मार्च 2024 को विधान भवन के गलियारे में बड़ी हाथापाई हुई। जम्मू कश्मीर विधानसभा में 7 नवंबर 2024 को विधायकों के बीच हाथापाई हुई और अभी हाल ही में देश की राजधानी का सदन प्रधानमंत्री पर हमले को आमादा विपक्ष की महिला सांसदों की घटना का गवाह बना। यह तो मात्र बानगी है, वास्तविक आंकडे तो इससे कहीं बहुत अधिक हैं। ऐसी घटनायें ही देश के राष्ट्रीय

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का खुलासा : एसपी

## दिल्ली से दबोचा गया मुख्य आरोपी, हथियार भी बरामद




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के बलिया बेलौन थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई एक विवाहिता की सनसनीखेज हत्या के मामले का उद्भेदन करने में पुलिस सफल रही है।मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी को देश की राजधानी दिल्ली से गिरफ्तार करने में सफल हो गई है।वहीं घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि शिकारपुर निवासी रहेला खातून की पुत्री नुजहत बानो (25) का विवाह करीब छह माह पूर्व खाड़ी निवासी 60 वर्षीय सिकन्दर उर्फ असकन्दर के साथ हुआ था। निकाह के बाद से हीं ससुराल पक्ष की ओर से दहेज की मांग को लेकर नुजहत को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा था।इसको लेकर जान से मार देने की धमकी भी मिल रही थी। बीते 20 जनवरी को नुजहत की गोली मारकर हत्या भी कर दी गई । घटना को लेकर मृतका की मां के आवेदन पर बलिया बेलौन थाना में कांड संख्या 11/26 दर्ज की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया था। टीम ने मानवीय सूचनाओं और वैज्ञानिक तकनीकी अनुसंधान का सहारा लिया।

जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मुख्य आरोपी अपनी पहचान छिपाकर दिल्ली में शरण लिए हुए है। इसके बाद एसआइटी की टीम ने दिल्ली के शाहदरा थाना क्षेत्र में दबिश दी और मुख्य अभियुक्त मो. जफर उर्फ जब्बार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी मो. जफर की निशानदेही पर पुलिस ने उसके एक अन्य सहयोगी मो. तौसीफ को भी बलिया बेलौन थाना क्षेत्र के खारी स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त 01 देशी पिस्तौल, 01 मैगजीन और 01 मोबाइल फोन बरामद किया है।

# नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम परिसर के महापौर के कार्यालय कक्ष में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मेयर उषा देवी अग्रवाल ने की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के बजट फ्रेमिंग पर चर्चा की गई तथा सेरात,सामग्री की क्रय,शहर के सौंदर्यकरण पार्क एवं फैंसी लाइट तथा कार्यालय उपस्कर आदि पर चर्चा कर निर्णय ली गयी।

बैठक में महापौर के अलावे उप महापौर मंजूर खान, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सदस्य मनीष घोष, मुनीलाल उरांव, दिनेश पांडेय, उमेश पासवान, कुमारेंद्र प्रताप सिंह एवं संतोष देवी के साथ उप नगर आयुक्त आशुतोष आनंद चौधरी, नगर प्रबंधक ज्योति कृष्णमुर्ति, सहायक अभियंता, प्रधान सहायक एवं स्थापना सहायक, आईटी सहायक तथा स्वच्छता निरीक्षण राहुल कुमार उपस्थित रहे ।

# पशु चिकित्सालय में पशुओं को लगाया जा रहा एमडीटी का टीका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** पशु चिकित्सालय प्राणपुर में केंद्र एवं राज्य सरकार प्रायोजित योजना के तहत पशुओं को खुरपका एवं मुंहपका रोग से बचाव के लिए कर देता है। उन्होंने प्रखंड के पशुपालकों से अपील किया है कि इस रोग से ग्रसित पशु का इलाज पशु चिकित्सालय प्राणपुर में निःशुल्क उपलब्ध है। वहीं रोग से बचाव को लेकर शनिवार से



एमडीटी का टीका मुफ्त में लगाया जा रहा है। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डा.जयप्रकाश सिंह स्वयं टीकाकरण का जायजा लेते पाये गये। डा.सिंह ने बताया कि पशुओं को खुरपका एवं मुंहपका रोग से बचाव के लिए एमडीटी का टीका मुफ्त लगाया जाना है।प्रखंड क्षेत्र में यह अभियान शनिवार से शुरू किया गया है,जो 20 दिनों तक चलेगा।

उन्होंने बताया कि विभाग से प्राप्त वैक्सीन का डोज बच जाने पर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।पशु चिकित्सक ने बताया कि पशुओं का मुंहपका एवं खुरपका रोग जानलेवा होता है। इससे प्रभावित हो जाने पर पशुओं को काफी परेशानी होती है। रोगग्रस्त पशु काफी कमजोर हो जाता है दुधारु पशु दूध देना बंद चल रहे टीकाकरण अभियान के दौरान अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य करा लें।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान को शतप्रतिशत षफल बनाने के लिए सभी पंचायतों में भी टीकाकर्मी भ्रमणशील रह कर पशुओं का टीकाकरण करेंगे। अभियान के तहत पहले दिन काठघर पंचायत के चार, पथरवार पंचायत के दो, सहजा पंचायत के चार, बस्तौल पंचायत के पांच पशुपालकों ने अपने पशुओं को एमडीटी का टीका मुफ्त में लगवाया। मौके पर रणवीर कुमार महतो, विनोद कुमार, राहुल कुमार, सुबोध कुमार, नीतीश कुमार, मिट्ठू कुमार, राज कुमार, अमर कुमार आदि टीका कर्मी मौजूद रहे।

# गोलीकांड मामले में एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)** । गोलीकांड मामले में आजमनगर पुलिस ने एक अपराधी की गिरफ्तारी कर सफलता हासिल की है। हालांकि पुलिस घटना के तुरंत बाद बिहार बंगाल बॉर्डर सील करते हुए सर्च ऑपरेशन के दौरान मामले को आईडेंटिफाई करते हुए एक अपराधी की गिरफ्तारी कर मामले का उद्वेदन कर दिया है।

जानकारी के अनुसार घटना के तुरंत बाद पुलिस कप्तान शिखर चौधरी के निर्देश पर गठित टीम के द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में लगातार छापामारी कर उक्त गोलीकांड में शामिल मूस्कर आलम पिता हैदर आलम ग्राम दनिहाँ को गिरफ्तार करने में



आजमनगर पुलिस सफल रहे। अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है। उक्त मामले में मामला दर्ज करते हुए थाना अध्यक्ष नीरज कुमार मिश्रा सर्च ऑपरेशन के तहत करवाई जारी रखे हुए हैं। थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि उक्त गोलीकांड से जुड़े अपराधी मोहम्मद मूस्कर आलम पिता हैदर आलम ग्राम दनिहाँ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत कटिहार भेज दिया गया है।

# एक रन ने बदला मैच का नतीजा, हरिहरपुर ने दर्ज की जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** युवा क्रिकेट क्लब बरारी की ओर से आयोजित बरारी प्रीमियर लीग बीपीएल के तहत हरिहरपुर और गेराबारी की टीमों के बीच खेले गए मुकाबले ने दर्शकों को आखिरी गेंद तक रोमांच से बांधे रखा। यह मुकाबला बेहद करीबी रहा। जिसमें हरिहरपुर की टीम ने मात्र 1 रन से जीत हासिल कर ली। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हरिहरपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। निर्धारित 14 ओवरों में टीम ने 165 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया।



बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए मैदान के चारों ओर आकर्षक शॉट लगाए, जिससे दर्शकों का उत्साह लगातार बना रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गेराबारी की टीम ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और अंतिम ओवर तक मुकाबले में डटी रही, लेकिन निर्धारित लक्ष्य से एक रन पीछे रह गई और उसे हार का सामना करना पड़ा।इस मैच का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत बरारी के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी हिटलर यादव एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। हिटलर यादव ने कहा कि इस तरह के टूनार्मेंट ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को मंच प्रदान करते हैं और खेल के प्रति उनकी रुचि को बढ़ावा देते हैं। वहीं तौकीर आलम ने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, एकजुटता और सकारात्मक सोच की दिशा में आगे बढ़ाता है। मैच के सफल आयोजन में व्यवस्थापक साजन कुमार चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन समिति के सदस्य अभिषेक मिश्रा, आशीष कुमार, राहुल चौधरी, निलेश कुमार, किशन कुमार और रोहित सहनी ने व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संभालते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाया। मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में इंटर बैच स्पोर्ट्स कार्निवल एक्सेल्सिया का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अल करीम विश्वविद्यालय के कटिहार मेडिकल कॉलेज में आयोजित होने वाले इंटर बैच स्पोर्ट्स कार्निवल एक्सेल्सिया का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अहमद अशफाक करीम एवं वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सैयद मोइद अहमद ने किया। एक्सेल्सिया एक इंटर बैच स्पोर्ट्स कार्निवल है। जिसमें फैकल्टी सदस्य, पीजी, यूजी, इंटर्न,फाइनल ईयर, थर्ड ईयर, सेकंड ईयर एवं फर्स्ट ईयर के छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं।




इस खेल महोत्सव में लगभग 300 छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। छात्रों के लिए क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, लॉन टेनिस, एथलेटिक्स, जैवलिन थ्रो, वेट लिफ्टिंग, ई-गेम्स, कैरम, लूडो एवं टेबल टेनिस जैसे खेल आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं छात्राओं के लिए बॉक्स क्रिकेट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, लॉन टेनिस एवं सभी इनडोर गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। यह खेल महोत्सव 11 फरवरी से 18 फरवरी 2026 तक चलेगा। उद्घाटन समारोह के दौरान चांसलर डॉ. अहमद अशफाक करीम ने खेलों के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित किया।

# हथियार दिखाकर रंगदारी मांगा, नहीं देने पर मारपीट कर किया घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के के रोशना थाना क्षेत्र अंतर्गत लाभा बाबूपुर रेलवे पुल के समीप रेलवे पाइलिंग का काम कर रहे पेटी कॉन्टेक्टर से हथियार दिखाकर रंगदारी मांगने एवं नहीं देने पर मारपीट कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है।मामले को लेकर रेलवे का काम कर रहे ठेकेदार मसरेकुल आलम उर्फ रिंटू,साकिन-तालग्राम, थाना-हरिश्चंद्रपुर, जिला मालदा प. बंगाल ने रोशना थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। अपने आवेदन में उंन्होने कहा है कि लाभा रेलवे पुल के पास मेरा भाई मो जाकिर हुसैन मजदूरों के साथ काम करवा रहा था।

सुबह करीब साढ़े आठ बजे बाबूपुर गांव निवासी सागर यादव , सुभाष यादव ,छोटू यादव सहित कुल सात लोग उसके भाई जाकिर हुसैन को पिस्टल दिखाकर दो लाख रुपये रंगदारी देने की। रुपये नही देने पर सभी लोगों ने मिलकर उनके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया और जेब से दस हजार रुपये और एक बाइक लेकर वहाँ से फरार हो गया। घायल का इलाज मालदा के नॉर्वे अस्पताल में चल रहा है। घटना से काम कर रहे मजदूरों में दहशत का माहौल बन गया है।बताया जाता है कि छोटू यादव का आपराधिक इतिहास रहा। पूर्व में भी उसके विरुद्ध रोशना थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है ।इस बाबत रोशना थानाध्यक्ष मासूम कुमारी ने बताया कि घटना को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।

# कोरगामा केलाबाड़ी आंगनबाड़ी केंद्र से राशन की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)** थाना क्षेत्र के कोरगामा केलाबाड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या - 062 में चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने केंद्र में नौनिहाल बच्चों के पोषण के लिए रखा गया राशन चोरी कर लिया। जिससे आंगनबाड़ी व्यवस्था और बच्चों के पोषण पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

इस संबंध में आंगनबाड़ी सेविका कविता कुमारी ने हसनगंज थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने




बताया कि सोमवार की सुबह जब वह नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के लिए पहुंचीं तो केंद्र के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। ताला टूटा देख उन्होंने तत्काल अंदर जाकर देखा। जहां कमरे में रखा सारा राशन गायब मिला। सेविका के अनुसार चोरों ने केंद्र से चार पैकेट चावल, अंडा, पांच लीटर रिफाइन तेल, सब्जी, मसाला सहित अन्य खाद्य सामग्री चोरी कर ली है। वही चोरी की इस घटना के बाद केंद्र का संचालन भी प्रभावित हो गया है।फिलहाल हसनगंज पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री से कदवा विधायक ने की शिष्टाचार मुलाकात, विधानसभा क्षेत्र पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** कदवा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कदवा विधायक दुलाल चन्द्र गोस्वामी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कदवा विधानसभा से जुड़ी जनहित की कई अहम विकासात्मक योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।



मुलाकात के क्रम में विधायक श्री गौशवामी ने कुम्हरी चौकीझकुरुम मार्ग पर महानंदा नदी के रैयांपुर घाट पर पुल एवं संपर्क पथ के निर्माण की अत्यावश्यकता को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र में पुल के अभाव में स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यापारिक गतिविधियों में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। पुल एवं संपर्क पथ के निर्माण से न केवल क्षेत्रीय संपर्क सुदृढ़ होगा, बल्कि कदवा विधानसभा के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, बैठक में कदवा विधानसभा क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण विकासात्मक मुद्दों, आधारभूत संरचना, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से संबंधित विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। विधायक श्री गौश्वामी ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं और अपेक्षाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विषयों को गंभीरता पूर्वक सुना तथा आवश्यक पहल किए जाने का सकारात्मक आश्वासन दिया।वहीं विधायक दुलाल चन्द्र गोस्वामी ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के सहयोग से कदवा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी और आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।

# कटिहार मेडिकल कॉलेज में क्लिनिकल डमेटीलॉजी एवं डमेटी सर्जरी पर कार्यशाला व सीएमई का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** कटिहार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कटिहार में क्लिनिकल डमेटीलॉजी एवं डमेटीसर्जरी हैंड्स-ऑन वर्कशॉप एवं सीएमई का आयोजन किया गया। यह शैक्षणिक कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो.डॉ. सीबा हुसैन के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संपन्न हुआ।कार्यक्रम का उद्देश्य स्नातकोत्तर छात्रों एवं चिकित्सकों को त्वचा रोगों एवं डमेटीसर्जरी के नवीनतम व्यावहारिक एवं अकादमिक पहलुओं से अवगत कराना था।




देश के विभिन्न प्रतिष्ठित त्वचा रोग विशेषज्ञों ने इसमें भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 9:00 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित हैंड्स-ऑन वर्कशॉप से हुई। इस सत्र में थियर्श ग्राफ्टिंग एवं एनसीएमटी वर्कशॉप का संचालन डॉ. आश्मिता सिंह, डॉ. अभिषेक कुमार झा एवं डॉ. विकास शंकर द्वारा किया गया। वहीं बोटॉक्स वर्कशॉप का सफल संचालन डॉ. आरआर. मधुकर एवं डॉ. पंकज कुमार ने किया। जिसमें प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके पश्चात 11:30 बजे से 2:00 बजे तक लंबी केस प्रस्तुति एवं पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। पहले सत्र में वेसिकुलोबुलस विकारों पर चर्चा हुई, जिसकी मॉडरेशन डॉ. श्रीपर्णा देब ने की। पैनल में डॉ. अदिति स्नेहल, डॉ. के. के. झा, डॉ. पी. सी. दास एवं डॉ. पियूष कुमार शामिल रहे। दूसरे सत्र में कुष्ठ रोग लेप्रोसी पर गहन चर्चा की गई। इस सत्र की मॉडरेटर डॉ. स्वेतलीना प्रधान रहीं। जबकि पैनल में डॉ. नेहा अग्रवाल,डॉ. पीके. रॉय, डॉ. पल्लवी कश्यप, डॉ. रजनीश कुमार एवं डॉ. रवि कुमार ने अपने विचार रखे। तीसरे सत्र में यौन संचारित रोगों एसटीडी पर विस्तृत पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसकी मॉडरेटर डॉ. शिवानी शेखर रहीं। पैनल में डॉ. भावेश रजक, डॉ. मो. मुबारक हुसैन, डॉ. प्रेरणा झा एवं डॉ. पंकज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई और विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का लाभ प्राप्त किया। समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सीबा हुसैन ने सभी अतिथि वक्ताओं,आयोजकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन छात्रों के समग्र विकास एवं बेहतर रोगी सेवा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।कार्यक्रम की सफलता ने कटिहार मेडिकल कॉलेज को क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में पुनः स्थापित किया।


# फार्मर आईडी कार्ड बनाने की डीएम ने ली जानकारी

## किसानों से किसान पहचान पत्र बनवाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने मनिहारी अनुमंडल क्षेत्र को दौराकर सरकार की ओर से अभियान चलाकर फार्मर आईडी कार्ड बनाये जाने की प्रगति की जानकारी ली। श्री द्विवेदी ने अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकीनाथ सिंह से कार्य की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिले में फार्मर आई डी कार्ड बनाये जाने की प्रगति को संतोष जनक बताया।

जिला पदाधिकारी ने किसानों से अपना अपना फार्मर आईडी कार्ड अनिवार्य रुप से बनवाने की अपील की. जानकारी दी कि सरकार द्वारा किसानों के लिए चलायी जा योजनाओं की लाभ लेने के लिए आनेवाले दिनों में फार्मर आईडी कार्ड उपयोगी साबित होगा।




इसके माध्यम से वैसे किसानों का पहचान किया जाना है जो वास्तविक रुप से कृषि कार्य में लगे हैं। इस मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार, एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह, डीएसपी बिनोद कुमार, अंचलाधिकारी मो ईस्माईल, थानाध्यक्ष पंकज आनंद सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

11 प्रतिशत से ज्यादा उछल गया शेयर का दाम

## कल्याण ज्वैलर्स का शेयर बना रॉकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ज्वैलरी कंपनी कल्याण ज्वैलर्स के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कल्याण ज्वैलर्स के शेयर सोमवार को क्रस्थ में इंट्राडे के दौरान 11 पर्सेंट से ज्यादा के उछाल के साथ 424.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। ज्वैलरी कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल दिसंबर 2025 तिमाही के शानदार नतीजों के बाद आया है। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में कल्याण ज्वैलर्स का टैक्स भुगतान के बाद मुनाफा 90 पर्सेंट से ज्यादा बढ़ा है। कल्याण ज्वैलर्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 617.30




रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 347.65 रुपये है। त्रिसूर बेस्ड ज्वैलरी कंपनी कल्याण ज्वैलर्स के दिसंबर 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजे काफी मजबूत रहे हैं। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में टैक्स भुगतान के बाद कल्याण ज्वैलर्स का मुनाफा सालाना आधार पर 90.4 पर्सेंट बढ़ा है। कल्याण ज्वैलर्स को दिसंबर 2025 तिमाही में 416.2 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 218.6 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कल्याण ज्वैलर्स का रेवेन्यू सालाना आधार पर 42.1 पर्सेंट बढ़कर 10,343.4 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 7278 करोड़ रुपये रहा है।

## खुल गया एक और बड़ा आईपीओ, ग्रे मार्केट ने निवेशकों को डराया

### जीएमपी 180 से टूटकर 13 पर आया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फैक्टल एनालिटिक्स आईपीओ आज से ओपन हो गया है। कंपनी के आईपीओ का साइज 2833.90 करोड़ रुपये है। ग्रे मार्केट में कंपनी का आईपीओ आज संघर्ष कर रहा है। पिछले कुछ दिनों में कंपनी के आईपीओ के जीएमपी में गिरावट आई है। कंपनी आईपीओ के जरिए 1.14 करोड़ फ्रेश शेयर और 2.01 करोड़ शेयर ऑफर फार सेल के जरिए जारी करेगी। यह आईपीओ 9 फरवरी 2026 से 11




फरवरी 2026 तक खुला रहेगा। फैक्टल एनालिटिक्स आईपीओ का प्राइस बैंड 857 रुपये से 900 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने 16 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 14400 रुपये का दांव लगाना होगा। यह एक मेनबोर्ड आईपीओ है। इसलिए इसकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई में होगी। क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बीडर्स कैटगरी में कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा। वहीं, एनआईआई में अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। इंवेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 13 रुपये के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। इस आईपीओ का सबसे अधिक जीएमपी 180 रुपये से घटकर 13 रुपये के स्तर पर आ गया।

# 5 सितारा होटल के कमरों के किराये आसमान छूने लगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में पांच सितारा होटल के कमरों के किराये में भारी बढ़ोतरी देखी जा रही है। खासतौर से 16 से 20 फरवरी 2026 तक इन होटलों में एक-एक रूम के लिए मारामारी है। राजधानी में इस दौरान इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का आयोजन है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। देश-दुनिया के हजारों प्रतिनिधि इस कार्यक्रम के लिए शहर पहुंचेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में ग्लोबल कम्युनिटी से मजबूत उपस्थिति की उम्मीद है। इसमें कार्यक्रम से पहले 35,000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं। इस कारण दिल्ली में पांच सितारा होटलों के किराये आसमान छूने लगे हैं।

16 फरवरी को दिल्ली के इम्पीरियल होटल में एक रात के कमरे का किराया 197,049 रुपये होगा। साथ ही 35,469 रुपये का अतिरिक्त टैक्स भी लगेगा। यानी

### होटल के कमरों का एक रात का किराया 2.32 लाख के पार

एक रात का किराया 2,32,518 रुपये चार्ज किया जाएगा। हयात रीजेंसी (दिल्ली)



प्रति रात लगभग 50,000 रुपये ले रहा है। वहीं, लीला पैलेस, दिल्ली टैक्स सहित प्रति रात 78,000 रुपये वसूल रहा है।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि दिल्ली में शांगरी-ला इरोस होटल 18 फरवरी के लिए पूरी तरह से बुक है। लेकिन, 16 फरवरी को एक रात का किराया टैक्स सहित प्रति रात 89,000 रुपये होगा। द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के होटल मैनेजर विनीत कपूर ने न्यूज पोर्टल को बताया, हम शहर के कार्यक्रमों और एआई शिखर सम्मेलन से हाई डिमांड के कारण चुनिंदा तारीखों पर फुल ऑक्यूपेंसी की उम्मीद कर रहे हैं। हम 19 और 20 फरवरी के लिए लगभग सोल्ड आउट सिचुएशन में हैं। उन्होंने कहा, सभी कमरों, जिनमें सुइट्स भी शामिल हैं, की मांग मजबूत है। हम शिखर सम्मेलन के दौरान कई अंतरराष्ट्रीय लीडर्स और प्रतिनिधियों की मेजबानी करेंगे।लीला पैलेस, आईटीसी मौर्य और ताज पैलेस जैसे पांच सितारा होटल उनमें शामिल हैं जो पीक सीजन रेट पर मध्यम मूल्य निर्धारण के साथ अपने कमरे पेश कर रहे हैं। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में 100 से ज्यादा देशों के लोग हिस्सा लेंगे। इनमें 15 से 20 राष्ट्राध्यक्ष, विभिन्न देशों के 50 से अधिक मंत्री और 40 से अधिक प्रमुख वैश्विक और भारतीय कंपनियां शामिल हैं।

इरोस होटल, नई दिल्ली के महाप्रबंधक दविंदर जुज ने बताया कि फरवरी 2026 में अन्य तारीखों की तुलना में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन के दौरान कीमतों में लगभग 30-50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।उन्होंने कहा, दिसंबर और जनवरी में व्यवसाय उम्मीद से थोड़ा नरम रहा है। प्रति उपलब्ध कमरा राजस्व बढ़ोतरी ने अन्य बाजारों में देखे गए स्तरों को पूरा नहीं किया है। जुज बोले, हम आने वाले महीनों में राजस्व बढ़ाने के लिए अपनी रणनीतियों को एडजस्ट कर रहे हैं।

# भारतीय रक्षा स्टार्टअप्स में निवेश बढ़ाने की जरूरत

### नीति आयोग के सदस्य सारस्वत का बयान




**नागपुर, एजेंसी।** नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत ने रविवार को कहा कि रक्षा क्षेत्र में काम करने वाले भारतीय स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय मदद बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये स्टार्टअप्स अब काफी तरक्की कर चुके हैं।

अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने और रूस के साथ साझेदारी बनाए रखने के बीच संतुलन को लेकर पूछे गए सवाल पर सारस्वत ने कहा कि हमारा फोकस भारत की जरूरतों को पूरा करने पर होना चाहिए, न कि ए और बी के बीच चुनने पर।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के पूर्व महानिदेशक सारस्वत ने कहा कि भारत अपनी प्रगति वैसे ही जारी रखेगा, जैसी देश ने पहले की है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। वह एडवांटेज विदर्भ -2026 बिजनेस कॉन्क्लेव और इंवेस्टमेंट समिट के दौरान बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इसका मकसद आत्मनिर्भरता बढ़ाना, निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करना, लागत घटाना और उत्पादन दर बढ़ाना है, ताकि भारतीय उत्पाद प्रतिस्पर्धी और किफायती बनें। सारस्वत ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर से मिले अनुभव के अनुसार हथियारों की पसंद और उनकी प्राथमिकता के हिसाब से बजट आवंटन किया गया है।

उन्होंने कहा कि भविष्य के युद्ध गैर-संपर्क युद्ध होंगे और इसके लिए जरूरी तकनीक अलग होगी। बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए कितना धन का आवंटन 2026-27 के बजट में रक्षा खर्च 7.85 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जो पिछले साल 6.81 लाख करोड़ रुपये था। इसमें से 2,19,306 करोड़ रुपये पूंजीगत खर्च के लिए हैं, जिनमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य उपकरण खरीदना शामिल है। रक्षा अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और रक्षा स्टार्टअप्स के समर्थन पर पूछे जाने पर सारस्वत ने कहा कि रक्षा मंत्रालय, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने इसके लिए नवाचार (इनोवेशन) प्रक्रिया बनाई है। उन्होंने कहा कि यह पूरा पारिस्थितिकीतंत्र स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए है। स्टार्टअप्स तेजी से उभर रहे हैं।

### अमेरिका और रूस के साथ संतुलन के सवाल पर क्या कहा

रूस के साथ संबंध प्रभावित न हों और अमेरिका के साथ रक्षा साझेदारी मजबूत हो, इस पर उन्होंने कहा कि यह हमारी सुरक्षा और नवीनतम हथियार तकनीक की जरूरतों को पूरा करने का सवाल है। यह ए और बी चुनने का मामला नहीं है। 2026-27 के केंद्रीय बजट में रक्षा के लिए आवंटन पर नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत ने कहा कि इसका मतलब है कि अब देश भविष्य की युद्ध जरूरतों के लिए हथियार और उपकरण बड़े पैमाने पर बनाएगा।

# भारत में गोल्ड ईटीएफ में 98 प्रतिशत की उछाल

### दुनिया भर में सोने में पैसा लगा रहे लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में भारत के गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स में 2.49 अरब डॉलर का शुद्ध निवेश आया। यह दिसंबर 2025 के 1.25 अरब डॉलर के निवेश से 98 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी है। यह लगातार आठवां महीना है, जब इस क्षेत्र में निवेश बढ़ा है।

साल 2025 के मार्च और मई को छोड़कर हर महीने गोल्ड ईटीएफमें निवेश बढ़ा। पूरे 2025 में कुल 4.68 अरब डॉलर का निवेश आया, जो 2024 के 1.29 अरब डॉलर से 262 प्रतिशत अधिक है। इसकी तुलना में, 2023 में भारत के गोल्ड ईटीएफमें केवल 310 मिलियन डॉलर और 2022 में महज 33 मिलियन डॉलर ही निवेश आया था।

दुनियाभर में भी निवेशकों ने साल की शुरुआत में सोना ईटीएफ में पैसा लगाना जारी रखा। जनवरी में वैश्विक सोना ईटीएफमें 19 अरब डॉलर का निवेश आया, जो अब तक का सबसे मजबूत मंथली फंड फ्लो है। इस निवेश और सोने की कीमतों में 14 प्रतिशत की बढ़ोतरी ने वैश्विक सोना ईटीएफ के प्रबंधन में जमा संपत्ति को रिकॉर्ड 669 अरब डॉलर तक पहुंचा दिया, जो पिछले महीने की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि है। वैश्विक होल्डिंग भी 120 टन



बढ़कर 4,145 टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। जनवरी में, फ्लो को शुरुआती कीमतों में तेजी और अमेरिका तथा ईरान, ग्रीनलैंड और यूरोप के कुछ हिस्सों जैसे क्षेत्रों के बीच बढ़े हुए भू-राजनीतिक तनावों ने समर्थन दिया। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने और आर्थिक गतिविधि का विस्तार होने का हवाला देने के बावजूद, केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर अनिश्चितता बनी रही। निवेशक इस बात पर केंद्रित रहे कि क्या नए फेड चेयर के रूप में नामित केविन वॉर्श राष्ट्रपति ट्रम्प की प्राथमिकताओं के साथ अधिक निकटता से जुड़ेंगे, जबकि चेयर पावेल को जारी जस्टिस विभाग की समन ने मौद्रिक नीति के भविष्य के रास्ते पर अनिश्चितता बढ़ा दी। इस पृष्ठभूमि और अंततः ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों ने गोल्ड ईटीएफ की मांग को बनाए रखने में मदद की।

### एशिया ने भी बनाया रिकॉर्ड

एशियाई गोल्ड ईटीएफ में जनवरी में 10 अरब डॉलर का निवेश आया, जो 2025 के मासिक औसत से काफी अधिक है और इस क्षेत्र में लगातार पांचवें महीने निवेश बढ़ने का संकेत देता है। यह इस क्षेत्र के लिए अब तक का सबसे मजबूत मासिक प्रवाह है।

### सभी क्षेत्रों में बढ़त

जनवरी में सभी क्षेत्रों में निवेश बढ़ा, जिसमें उत्तरी अमेरिका और एशिया ने वैश्विक मांग को गति दी। उत्तरी अमेरिका में रिकॉर्ड पर दूसरा सबसे ऊंचा मासिक फ्लो दर्ज किया गया, जबकि एशिया ने अपना सबसे बड़ा फ्लो दर्ज किया। यूरोप ने भी बढ़ी हुई भू-राजनीतिक और व्यापारिक तनाव के बीच उल्लेखनीय प्रवाह देखा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि सोने की कीमतों में अवधि के अंत में गिरावट आई, लेकिन यूरोप को छोड़कर सभी क्षेत्रों ने 30 जनवरी और 2 फरवरी दोनों को शुद्ध प्रवाह दर्ज किया, क्योंकि निवेशकों ने कीमतों में गिरावट के दौरान भी निवेश जारी रखा।

# खेतों में किया काम, मैकेनिक बनकर पेट पाला, अब 4800 करोड़ के मालिक

### बुर्ज खलीफा में 22 अमार्टमेंट, साधारण परिवार में जन्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
जॉर्ज वी नेरेमपरम्बिल भारतीय व्यवसायी हैं। उन्होंने बेशुमार दौलत और शोहरत कमाई है। वह मूल रूप से केरल के रहने वाले हैं। कभी मैकेनिक के तौर पर उन्होंने अपना और परिवार का पेट पाला। आज संयुक्त अरब अमीरात (८श्व) में नेरेमपरम्बिल सबसे सफल भारतीय मूल के व्यापारियों में से एक हैं। उनकी कुल संपत्ति 4,800 करोड़ रुपये बताई जाती है। उन्होंने दुबई की प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा में 22 लक्जरी अपार्टमेंट खरीदे हैं। यह उनकी असाधारण सफलता की कहानी को दिखाता है। आइए, यहां जॉर्ज वी नेरेमपरम्बिल के बारे में जानते हैं। जॉर्ज वी नेरेमपरम्बिल का जन्म केरल के एक साधारण परिवार में हुआ। उन्होंने बहुत कम उम्र में ही अपने परिवार का समर्थन करने के लिए काम करना शुरू कर दिया था। नेरेमपरम्बलि ने अपने पिता के कृषि व्यापार में मदद की। खेतों के साथ एक मैकेनिक के रूप में भी काम किया। इन शुरुआती संघर्षों ने उन्हें अनुशासन और सफलता के लिए दृढ़ संकल्प का सबक सिखाया।

**इस कंपनी की नींव डाली :** जॉर्ज ने सीईओ इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टिंग ट्रेडिंग कंपनी की स्थापना की, जो सालों से लगातार बढ़ी है। आज यह कंपनी खाड़ी के बुनियादी ढांचे और अनुबंध क्षेत्र में एक प्रमुख नाम है। जॉर्ज इसके चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में काम करते हैं। यह जॉर्ज को पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने की परियोजनाओं की देखरेख करने में मदद करता है।



### छोटे-छोटे बिजनेस के साथ प्रयोग

विदेश जाने से पहले भारत में जॉर्ज ने छोटे व्यवसायों के साथ प्रयोग किया। उनके शुरुआती उद्यमों में से एक कपास के बीजों से गोंद का उत्पादन करना था, जो लाभदायक साबित हुआ। इस चरण ने उन्हें व्यवसाय की मूल बातें समझने और सोचे-समझे जोखिम लेने में मदद की। 1976 में जॉर्ज संयुक्त अरब अमीरात शारजाह चले गए। वहां उन्होंने एक बड़ा अवसर देखा। पूरे क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी के कारण एयर कंडीशनिंग एक विलासिता नहीं बल्कि एक जरूरत थी। इस विजन ने उन्हें एयर कंडीशनिंग और इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टिंग व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया।

### बुर्ज खलीफा में 22 अपार्टमेंट खरीदे

2010 में एक रिश्तेदार की चुनौती पर जॉर्ज ने बुर्ज खलीफा में एक अपार्टमेंट किराए पर लिया। जो एक साहसिक कदम के रूप में शुरू हुआ, वह जल्द ही एक प्रमुख निवेश रणनीति बन गया। कई वर्षों में उन्होंने प्रतिष्ठित टॉवर में 22 लक्जरी अपार्टमेंट खरीदे। इनमें से कई में सोने की थीम वाले इंटीरियर डिजाइन है।

### करोड़ों की संपत्ति के मालिक

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जॉर्ज वी नेरेमपरम्बिल की कुल संपत्ति लगभग 4,800 करोड़ रुपये है। केरल में एक मैकेनिक से दुबई में एक रियल एस्टेट पावरहाउस बनने तक की उनकी यात्रा साबित करती है कि दूरदर्शिता, दृढ़ता और स्मार्ट निवेश वास्तव में जीवन बदल सकते हैं और वैश्विक सफलता की कहानियां बना सकते हैं।

## एसबीआई के शेयरों को खरीदने की मची लूट, 6 प्रतिशत चढ़ा भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में सोमवार की सुबह 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। एसबीआई के शेयरों में इस उछाल के पीछे की वजह तिमाही नतीजे हैं। बता दें, दिसंबर तिमाही में इस कंपनी का नेट प्रॉफिट रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से दी जानकारी के अनुसार कंपनी का नेट प्रॉफिट 21028 करोड़ रुपये रहा है। जोकि रिकॉर्ड स्तर है। बैंक की एनआईआई सालाना आधार पर 9.04 प्रतिशत बढ़कर 45,190 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 41,446 करोड़ रुपये थी। लोन में 15.14 प्रतिशत के इजाफे से इसे समर्थन मिला। बैंक के एनपीएस में सुधार हुआ है और 31 दिसंबर, 2025 तक जीएनपीए




अनुपात सुधरकर 1.57 प्रतिशत रहा, जो सितंबर तिमाही में 1.73 प्रतिशत था। कुल प्रावधान 4,507 करोड़ रुपये रहे। बीएसई में बैंक का शेयर आज सोमवार को 1120 रुपये के लेवल पर खुला था। ओपनिंग के कुछ ही देर के बाद एसबीआई का शेयर 6.60 प्रतिशत की तेजी के साथ 1136.85 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। यह बैंक का 52 वीक हाई स्तर है। एसबीआई का 52 वीक लो लेवल 679.65 रुपये है। वहीं, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 1040290 करोड़ रुपये का है।

### क्या है एसबीआई का टारगेट प्राइस

नोमुरा ने एसबीआई के शेयरों को रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने 1235 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। वहीं, सीएलएसए ने 1275 रुपये और सिटी ने 1265 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। जेफरिज की तरफ से एसबीआई के शेयरों के लिए 1300 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया गया है। नोउमा ने 1250 रुपये और यूबीएस ने 1120 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है।

## कुमार मंगलम बिड़ला ने खरीदे वोडाफोन आइडिया के 4.09 करोड़ शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया के शेयरों में सोमवार, 9 फरवरी को करीब 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ कारोबार शुरू हुआ। शेयरों में उछाल प्रमोटर कुमार मंगलम बिड़ला द्वारा पिछले सप्ताह कंपनी के अतिरिक्त शेयर खरीदने के बाद हुआ है। कुमार मंगलम बिड़ला ने 30 जनवरी से 1 फरवरी के बीच खुले बाजार से कुल 4.09 करोड़ शेयर खरीदे। इनमें से 2.21 करोड़ शेयर 30 जनवरी को औसतन 10.95 रुपये प्रति शेयर के भाव पर खरीदे गए, जबकि 1.88 करोड़ शेयर 1 फरवरी को 11.13 रुपये प्रति शेयर पर खरीदे गए। यह खरीद कंपनी की कुल इक्विटी का लगभग 0.03



प्रतिशत है। सोमवार को सुबह 10 बजे के करीब वोडाफोन आइडिया के शेयर 2.97 पर्सेंट ऊपर 11.45 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। पिछले 5 दिनों में इसमें 5.25 पर्सेंट की तेजी दर्ज की गई है। जबकि, पिछले एक महीने में यह महज 1.78 पर्सेंट ही चढ़ा है। अगर पिछले छह महीने के प्रदर्शन की बात करें तो यह टेलीकॉम स्टॉक 73 पर्सेंट से अधिक का रिटर्न दिया है। हालांकि, इस साल अबतक इसमें 1.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। एक साल में यह शेयर 25 पर्सेंट से अधिक चढ़ा है। दिसंबर 2025 तक, केएम बिड़ला के पास वोडाफोन आइडिया में 0.02 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी लगभग 1.94 करोड़ शेयर थे, जबकि सभी प्रमोटरों की इस टेलीकॉम ऑपरेटर में कुल 25.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। यह नई खरीदारी ऐसे समय में हुई है, जब शेयर की कीमत हाल के हाई से नीचे आ गई है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या प्रमोटर की यह चाल कंपनी में उनके नए विश्वास को दर्शाती है। बता दें वोडाफोन आइडिया के शेयर शुक्रवार को 0.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 11.15 रुपये पर बंद हुए थे। एजीआर बकाए पर राहत के बाद दिसंबर में

# ट्रक में लगी आग, बाल-बाल बचे चालक खलासी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** रांची-टाटा मार्ग पर तैमारा घाटी के पास सोमवार को एक ट्रक में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा वाहन धू-धू कर जल गया। जानकारी के अनुसार, ट्रक जमशेदपुर से रांची की ओर आ रहा था।

घटना के समय ट्रक चालक और खलासी भोजन करने के लिए तैमारा घाटी स्थित एक लाइन होटल के पास उतरे थे। इसी दौरान ट्रक के केबिन से धुआँ उठता दिखाई दिया और कुछ ही देर में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।

स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें लगातार बढ़ती रहीं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। प्रशासन और अग्निशमन विभाग को भी सूचना दे दी गई है। राहत की बात यह है कि चालक और खलासी सुरक्षित हैं। अग्निशमन विभाग आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटा हुआ है।

# निवर्तमान पार्षद पर दर्ज हुई प्राथमिकी

## फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर किया है नामांकन पर्चा दाखिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर वार्ड पार्षद पद के लिए प्रत्याशी बने निवर्तमान पार्षद प्रीतम गाड़िया के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।इधर वार्ड पार्षद पद के निर्वाची पदाधिकारी सह जिला सामाजिक सुरक्षा निदेशक अभय कुमार झा ने कहा है कि नमांकन प्रपत्रों की स्क्रुटनी में प्रीतम गाड़िया के नामांकन के खिलाफ किसी ने आपत्ति दर्ज नहीं कराई।

इस कारण उनके नामांकन को वैद्य करार देते हुए चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। अब जबकि सदर अंचल के राजस्व निरीक्षक की शिकायत पर गाड़िया के खिलाफ गलत प्रमाण पत्र निर्गत कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है तो पूरे मामले में राज्य निर्वाचन आयोग के मंतव्य लेने के लिए पत्राचार किया जा रहा है। तत्काल प्रीतम गाड़िया की उम्मीदवारी पर आरओ स्तर से कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग से जैसा आदेश मिलेगा, उसी के अनुरूप आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

इस पूरे मामले में आरोपित प्रीतम गाड़िया से उनका पक्ष लिया गया तो उन्होंने कहा कि नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी को वे हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि वे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। पूरी सक्रियता से वे चुनाव मैदान में डटे है।

बता दें कि शहर के वार्ड नंबर छह से प्रीतम गाड़िया बीते दो टर्म से पार्षद रहे हैं। पूर्व में यह सामान्य सीट थी लेकिन इस बार इसे बीसी टू के लिए आरक्षित किया गया है। गाड़िया अग्रवाल जाति से हैं।गैंजर खतियान में इसका जिक्र है लेकिन उन्होंने इस बार खुद को अग्रहरि वैश्य जाति से होने का शपथ पत्र देकर सदर अंचल से बीसी टू का जाति प्रमाण पत्र बनवा लिया ।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में अब गाड़ियां बुरी तरह फस चुके हैं ।उनके खिलाफ नगर थाना में प्राथमिक दर्ज हो गई है। प्राथमिकी अंचल अधिकारी के कहने पर राजस्व उप निरीक्षक प्रकाश मंडल ने दर्ज कराई गई है।

दर्ज प्राथमिक की में यह बताया गया है कि उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया खतियानी पर्चा गलत तरीके से दिखाकर आरक्षण युक्त जाति प्रमाण पत्र बना लिया गया जबकि वे सामान्य जाति में आते हैं। यह प्रमाण पत्र दिसंबर माह में ही बन गया है । लेकिन इसकी जानकारी अंचल कार्यालय को नामांकन के दौरान हुई। श्री गाड़िया द्वारा नामांकन को लेकर यह प्रमाण पत्र अंचल कर्मचारी को धोखे में रखकर तैयार किया गया है। नगर थाना में प्रीतम गाड़िया पर मामला दर्ज हुआ है।

# चुनाव प्रचार के दौरान दो महिला प्रत्याशियों के बीच झड़प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** नगर पंचायत, श्रीबंशीधर नगर का अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प मोड़ पर जा पहुंचा है। यहां अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में रिझाने के लिए गली-मोहल्ले की खाक छानते फिर रहे हैं।

इस दौरान इनके द्वारा एक से बढ़कर एक लुभावने वायदे मतदाताओं से किए जा रहे हैं। इसी बीच रविवार को एक वाक्या ने अध्यक्ष पद के चुनाव को गरमा देने का काम किया। दरअसल हुआ यूं कि निवर्तमान नपं अध्यक्ष एवं अध्यक्ष पद की प्रत्याशी विजयालक्ष्मी एवं झामुमो नेत्री सह अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरण कुमारी का चुनाव प्रचार के दौरान आमना-सामना हो गया।

इस दौरान विजयालक्ष्मी दोनों हाथों को जोड़ मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की गुहार लगाती दिखीं। इसी बीच इन्होंने जैसे ही मतदाताओं से कहा कि इनके

### गरमाया मुद्दा

कार्यकाल में नगर पंचायत श्रीबंशीधर नगर में विकास ही विकास हुआ है। आज लोग जिस सड़क पर चल रहे हैं उसका निर्माण मैंने ही करवाया है।

नगर पंचायत में निवास करने वाले लोगों को मैंने ही आवास योजना का लाभ दिया है। इनकी बातों को सुनने के बाद झामुमो नेत्री सह अध्यक्ष पद की प्रत्याशी किरण देवी ने विजयालक्ष्मी को कह डाला कि विकास के एवज में रिश्वत भी तो मिला है।

फिर क्या था विजयालक्ष्मी एवं किरण कुमारी के बीच जमकर कहासुनी हुई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को समझा-बुझाकर वहां से अलग किया गया। इस घटना के बाद इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने चुनाव में नई गरमाहट लाने का काम किया है।

# उपायुक्त ने किया झारशिल्प का उद्घाटन

## महिलाओं को मिलेगा बांस व जूट कला का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने सोमवार को बेलगड़िया टाउनशिप के फेज 5 में झारशिल्प का उद्घाटनल दीप प्रज्वलन कर किया। यह एसीआईसी आईआईटी फाउंडेशन का एक्सटेंशन सेंटर है। यह बेलगड़िया टाउनशिप में महिलाओं के कौशल विकास एवं उनको आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि इस केंद्र में महिलाओं को बाँस और जूट कला में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह जिला प्रशासन, जेआरडीए तथा बीसीसीएल के सहयोग से प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को पारंपरिक हस्तशिल्प के माध्यम से आजीविका के

### विकास तथा विपणन पर हुई विस्तृत चर्चा

अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बेलगड़िया में प्रस्तावित आगामी विकासात्मक पहलों की जानकारी दी। महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा इसका अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एसीआईसी आईआईटी फाउंडेशन की सीईओ डॉ. आकांक्षा सिन्हा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने केंद्र की अवधारणा, उद्देश्य एवं महिलाओं के लिए इसके दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डाला। वहीं प्रो. धीरज कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, उत्पाद विकास तथा विपणन (मार्केटिंग) की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह केंद्र महिलाओं को केवल प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि बाजार से जोड़ने का भी कार्य करेगा। मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, विशिष्ट अतिथि सह आईआईटी आईएसएम के उप निदेशक प्रो. धीरज कुमार, झरिया मास्टर प्लान के महाप्रबंधक मिथिलेश कुमार निदेशक डीआरडीबी राजीव रंजन के अलावा सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय महिला, स्वयं सहायता समूह की सदस्य एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान अधिकाररियों को दिया गया प्रशिक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** निकाय चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा के निदेर्शानुसार आज प्रथम चरण के पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, खूंटी में संपन्न हुआ।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 30 बूथों पर होने वाले मतदान को लेकर नियुक्त मतदानकर्मियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान से पूर्व मतपेटिका को बूथ पर तैयार करने की निर्धारित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही मतदानकर्मियों को आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों से अवगत कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी पदाधिकारी-सह-भूमि सुधार उपसमाहर्ता अरविंद ओझा, परियोजना पदाधिकारी परमेश्वर अग्रवाल सहित जिला प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# सोनालीका ने लॉन्च की नई गोल्ड सीरीज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना ।** सोनालीका ने किसानों के भरोसे के 30 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए लॉन्च की बिल्कुल नई 'गोल्ड सीरीज, जो ब्रांड की मूल सोच जब किसान आगे बढ़ता है, देश आगे बढ़ता है का सशक्त प्रतीक है। सोनालीका की ओर से पेश की गई बिल्कुल नई सोनालीका 'गोल्ड सीरीज' एक प्रभावशाली कदम है जिसमें कंपनी ने दो नए फ्लैगशिप ट्रैक्टर - गोल्ड डीआई 745 और गोल्ड डीआई 55 लॉन्च किए हैं। यह नई ट्रैक्टर सीरीज उन्नत इंजीनियरिंग और बेहतर प्रदर्शन का मिश्रण है, जो उद्योग मानकों को नई ऊंचाई देते हुए किसानों को आज के लिए आत्मविश्वास और भविष्य के लिए आश्वासन प्रदान करती है।

नया गोल्ड गोल्ड डीआई 745 ट्रैक्टर इस श्रेणी के सबसे बड़े और नए 3 सिलेंडर ई3.5 इंजन द्वारा संचालित है, जो 3532 सीसी क्षमता और 220 एनएम का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है, इसमें एक नया 16एफ प्लस 4आर मल्टी-स्पीड ट्रांसमिशन भी है जो अलग-अलग उपयोगों में बेहतर दक्षता के साथ सुचारू दम सुनिश्चित करता है।

उन्होंने बताया कि इसके साथ ही, नए गोल्ड डीआई 55 ट्रैक्टर में सबसे बड़ा नया ई3.5 इंजन और डबल क्लच



इप्टो के साथ 12एफ प्लस 3आर मल्टी-स्पीड ड्राइवलाइन दी गई है, जो चुनौतीपूर्ण कार्यों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 235 एनएम का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है।

नई गोल्ड सीरीज पर अपने विचार साझा करते हुए, रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड, ने कहा, भारतीय किसानों के साथ 30 वर्षों से अधिक की साझेदारी में, हमने एक बुनियादी सत्य सीखा है - किसान ऐसी मजबूती चाहते हैं जिस पर भरोसा किया जा सके और जो पीढ़ियों तक स्थिरता प्रदान करे।

# उपायुक्त ने की झमाडा की योजनाओं की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज अपने कार्यालय कक्ष में झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (झमाडा) के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने एनएच 218 पर, डिगावाडीह से बैंक मोड़, लगभग 12 किलोमीटर, लंबाई में झमाडा के पाइप शिफ्टिंग की समीक्षा की। इसके लिए लंबित अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कहा कि योजना का क्रियान्वन होने से लाखों लोगों को पानी की सुविधा मिलेगी। उन्होंने संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर तेजी से लंबित एनओसी प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, नगर आयुक्त आशीष गंगवार, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दिलीप कुमार शाह, सहायक नगर आयुक्त प्रकाश कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# कार पेड़ से टकरायी, एक की मौत

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के भूरकुंडा जंगल में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बारात से लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। कार में सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को चतरा सदर अस्पताल भेजा गया, जबकि चार लोगों का इलाज इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।

बाद में सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इस दौरान चतरा सदर अस्पताल में इलाज के दौरान 40 वर्षीय मनोज राम की मृत्यु हो गई।

जानकारी के अनुसार इटखोरी प्रखंड के सिरमतपुर गांव से बारात प्रतापपुर गई थी।

# घर को साफ रखने का क्या फायदा, जब घर का आंगन ही गंदा हो : आईसा सिंह

## स्कूल के बगल में डंपिंग यार्ड नहीं करूंगी बर्दाश्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव की सरगर्मी में तेज हो चुकी है। सभी प्रत्याशी डोर टू डोर जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं।

मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर प्रत्याशी आईसा सिंह ने कहा कि आज बहुत बुरा लग रहा है। जनसंपर्क अभियान चला कर उन्होंने देखा कि पूरे शहर की स्थिति भयावह हो चुकी है। नगर निगम का कचरा खूद नगर निगम में ही फेंका जाता है। स्कूल के बगल में डंपिंग यार्ड है। जहां कचरे को जलाया जाता है। जिससे वहां के बच्चे दूषित ऑक्सीजन लेने को विवश है। कोई भी व्यक्ति छोटा सा मकान बना रहा हो तो निगम के कर्मचारी क्रिमिनल की तरह वसूली करने पहुंच जाते हैं नक्शा के नाम पर, टैक्स के नाम पर। उन्होंने कहा कि वर्तमान मेयर समझ कर लोग उन्हें गालियां दे रहे हैं कि पांच साल के बाद अब याद आ रहा है।

उन्होंने लोगों को समझाया कि वह पूर्व मेयर नहीं बल्कि प्रत्याशी आयशा किन्नर हैं। प्रत्याशी आईसा सिंह ने कहा कि निगम की सबसे बड़ी समस्या यहां की नालियां व सड़के दिख रही है। उन्होंने कहा कि कई महीने तक यहां नालियों की साफ- सफाई नहीं हो पाती है। जिससे नाली में ही कचरा जम जाता है और नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है।

# 41 प्राचार्यों का वेतन बंद

**आरा।** भोजपुर जिले में स्कूल मरम्मत के नाम पर खर्च की गई दो करोड़ से अधिक रुपये की राशि का दो वर्षों से हिसाब नहीं देने वाले 41 स्कूलों के प्राचार्य और प्रभारी प्रधानाध्यापकों का वेतन शिक्षा विभाग ने बंद कर दिया है। साथ ही 11 फरवरी तक राशि का हिसाब अथवा डीसी बिल जमा नहीं करने पर प्राथमिकी दर्ज करने सहित विभागीय कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी गई है।

कार्रवाई की जद में सबसे अधिक बड़हरा प्रखंड के सात और बिहिया प्रखंड के छह स्कूल आए हैं। इसके अलावा जिले के अन्य सभी प्रखंडों के स्कूल भी शामिल हैं।

ज्ञात हो कि वर्ष 2023-24 में शिक्षा विभाग की ओर से जिले के माध्यमिक और प्रारंभिक विद्यालयों में बैठने की व्यवस्था बढ़ाने के उद्देश्य से जर्जर व अधूरे कमरों तथा भवनों की मरम्मत व निर्माण कार्य के लिए प्रति स्कूल पांच-पांच लाख रुपये की राशि दी गई थी। कार्य पूर्ण होने के बाद खर्च की गई राशि का रिकॉर्ड और डीसी बिल जमा करने के लिए आधा दर्जन से अधिक बार पत्र जारी किया गया, लेकिन 41 स्कूलों ने अब तक न तो 2 करोड़ 5 लाख रुपये के व्यय का विवरण दिया और न ही डीसी बिल जमा किया।

# कलशयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मांझी/एकमा (सारण)।** मांझी प्रखंड के गोबरहीं गांव स्थित प्रसिद्ध शिवशक्ति धाम परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ की शुरूआत सोमवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुई। अनुष्ठान स्थल से प्रारंभ हुई इस कलशयात्रा में रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हजारों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। हाथी, घोड़े, ऊंट और बैंड-बाजे के साथ निकली यह यात्रा चंदउपुर, ताजपुर व फुलवरिया गांवों से होते हुए सरयू नदी के डुमाईगढ़ घाट पहुंची। घाट पर वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित दीपक शांडिल्य के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सरयू नदी से पवित्र जल भरकर पुनः कलशयात्रा के साथ शिवशक्ति धाम मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया, जहां विधिवत महायज्ञ आरंभ हुआ।कलशयात्रा के दौरान जय श्रीराम, जय हनुमान व जय बजरंग बली आदि के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पूजन, हवन व आरती होगी।9 से 15 फरवरी तक पूज्य अनुराधा तिवारी रामकथा वाचन करेंगी, 10 से 14 फरवरी तक साध्वी पंछी देवी का प्रवचन होगा तथा 15 फरवरी की रात प्रिया मिश्रा द्वारा भव्य देवी जागरण आयोजित होगा। वहीं सेवानिवृत्त शिक्षक त्रिगुणा सिंह, भाजपा नेता धर्मेंद्र समाज व जदयू नेता सुनील कुमार सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन नए द्वितीय मंदिर निर्माण हेतु भूमि-पूजन भी किया जाएगा।

# निकाय चुनाव को ले जिला कांग्रेस में घमासान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** नगर परिषद चुनाव को लेकर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी में अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है।

पार्टी अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में जिला कांग्रेस कमेटी ने दो नेताओं विशाल डुंगडुंग और सतीश रंजन उरांव को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत द्वारा आठ फरवरी 2026 को पत्र जारी किया गया है।जिला अध्यक्ष द्वारा जारी पत्र के अनुसार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने दो फरवरी 2026 को निर्देश दिया था कि नगर निगम में मेयर पद एवं नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवारों का चयन जिला राजनीतिक मामलों की समिति की सर्वसम्मति से किया जाएगा।पार्टी ने स्पष्ट किया था कि केवल अधिकृत और समर्थित उम्मीदवारों को ही समर्थन दिया जाएगा। इसके बाद पांच फरवरी 2026 को पुनः निर्देश जारी कर नामांकन वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी 2026 तक जिन उम्मीदवारों को समिति का समर्थन प्राप्त नहीं है, उन्हें समय रहते नाम वापस लेने को कहा गया था।

साथ ही चेतावनी दी गई थी कि निर्देशों की अवहेलना करने पर जिला कांग्रेस कमेटी अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी। छह फरवरी को विशाल डुंगडुंग और सतीश रंजन उरांव को कारण बताओ नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में

## दो नेताओं को किया गया निलंबित

लिखित स्पष्टीकरण देने को कहा गया था। लेकिन दोनों नेताओं की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने और पार्टी निदेर्शों की अनदेखी जारी रखने के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया।

निलंबन के बाद झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव विशाल डुंगडुंग ने जिला अध्यक्ष को दो पृष्ठों का पत्र लिखकर आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि एक फरवरी 2026 को हुई पीएसी बैठक में उनके नाम का सर्वसम्मति से चयन किया गया था और सभी सदस्यों ने समर्थन किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि सात फरवरी की रात 10:30 बजे उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से कारण बताओ नोटिस भेजा गया, जबकि पत्र पर अंकित तिथि छह फरवरी थी, जिससे उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिल सका।

विशाल डुंगडुंग ने अपने पत्र में यह भी कहा है कि वे पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं और वर्तमान में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव के पद पर कार्यरत हैं।उन्होंने दावा किया कि संगठन निर्माण में उनके योगदान के बाद भी उनके साथ अन्यायपूर्ण और पूर्वाग्रह से प्रेरित कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके समर्थकों पर दबाव बनाया जा रहा है और निलंबन की धमकी दी जा रही है।

# कोर्ट को फिर मिली धमकी

**पटना।** सिविल कोर्ट में एक बार फिर बम प्लांट किए जाने का धमकी भरा ई-मेल मिला और परिसर दहशत के माहौल में तब्दील हो गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। करीब एक साल में इस तरह का छह बार धमकी भरा संदेश मिल चुका है। यह और बात है कि पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों की छानबीन में ऐसा कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिला। पुलिस केस भी दर्ज की, लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस तरह की धमकी भरा संदेश कौन भेज रहा है? इसके पीछे उनकी मंशा क्या है? कहां से धमकी भरा ईमेल भेजा जा रहा है? इनमें से किसी भी मामले में पटना पुलिस गिरफ्तारी तो दूर, आरोपितों का नाम तक उजागर नहीं कर सकी। पुलिस की कार्रवाई इस यहीं तक सिमटी रहती है कि मामले की तकनीकी जांच की जा रही है। सिटी एसपी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को कोर्ट परिसर की गहन छानबीन की गई। कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिला। मामले की जांच के लिए तकनीकी सेल के साथ ही अन्य जांच एजेंसी से भी सहयोग लिया जा रहा है।

# सांसद ने किया हुल उन्नयन कार्यक्रम का शुभारंभ

## जल्द चालू होगा देश का13वां सी-डेक सेंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** सी-डैक एवं एसटीपीआई देवघर द्वारा आयोजित हुल उन्नयन कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद एवं अध्यक्ष संसदीय स्थायी समिति, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा किया गया।

इस मौके पर उन्होंने कई घोषणाएं भी की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देवघर में हवाई जहाज की संख्या काफी बढ़ेगी। यहां लोग आने के लिए हेलीकॉप्टर का प्रयोग करेंगे। इन हवाई जहाज व हेलीकॉप्टर के मेंटेनेंस की सुविधा के साथ ही प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ इसी वर्ष के अंत तक देवघर में शुरू होगा।

युवा यहां इनके रखरखाव की तकनीक का प्रशिक्षण हासिल कर सकेंगे। यहां ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। वहीं, पायलट प्रशिक्षण की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही देवघर में वीजा सेंटर भी शुरू होगा।

आज लोगों को वीजा के लिए दूसरे देश में जाने के लिए मुंबई, दिल्ली, कोलकाता जाना पड़ता है, यह सुविधा देवघर में ही इसी वर्ष शुरू हो जाएगी। यहां इस केन्द्र को जल्द ही शुरू किया जाएगा। सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि झारखंड के 1.35 लाख बच्चों को सी-डैक के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा रोजगार का अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

वे यहां से प्रमाण पत्र हासिल कर कहीं भी काम करने के लिए सक्षम हो जाएंगे। वहीं, ये छात्र मास्टर ट्रेनर के तौर पर काम करने लगेंगे। इस इलाके में साइबर क्राइम बड़ी समस्या है। ये युवा साइबर जागरूकता को लेकर अहम कड़ी साबित होंगे। इससे साइबर अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। अभी देश में सी-डैक के 12 सेंटर है।प्रयास किया जाएगा कि देवघर में जल्द ही सी-डैक का 13 वां सेंटर चालू किया जाए। वहीं, सी-डैक आदिवासी बच्चों में सिकल सेल एनिमिया के इलाज व इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने में अहम भूमिका अदा करेगी। इस दिशा में डी-डैक देवघर एम्स के साथ मिलकर काम कर रही है।


तकनीक का प्रयोग कर इस बीमारी के कारण, लोगों के भोजन, जीवन शैली में बदलाव लाकर इस बीमारी को जड़ मसे समाप्त करने की दिशा में काम करेगी। सी-डैक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अहम भूमिका अदा कर रहा है। नए-नए तकनीक को काफी कम खर्च में बनाने की दिशा में संस्थान काम कर रही है। अंतरिक्ष यान के प्रशिक्षण में भी सी-डैक व सी- डाट की भी भूमिका रहती है।

# टोटो चालक की चाकू मार कर हत्या

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक बाजार में सोमवार सुबह करीब 11 बजे कुछ लोगों ने चाकू से मारकर दलाही फाटक के पास रहनेवाले 28 वर्षीय मंतोष मंडल की हत्या कर दी। उसको बचाने गया भाई प्रीतम मंडल भी गंभीर रूप से घायल है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे राजमहल अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने रेफर कर दिया।घटना के विरोध में लोगों ने कल्याणचक में महाराजपुर-तीनपहाड़ मार्ग को जाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। घटना की सूचना मिलने पर राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय मंडल, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी आदि पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

बताया जा रहा है कि मंतोष मंडल टोटो चलाता है। टोटो चलाने को लेकर उसका एक अन्य टोटो चालक से विवाद हुआ। यह विवाद विगत कई दिनों से चल रहा था। सोमवार की सुबह भी विवाद हुआ। इसके बाद करीब 11 बजे राजमहल थाना क्षेत्र के काला बहियार गांव से कुछ लोग पहुंचे और धारदार हथियार से उसपर वार कर दिया।

# किम कर्दाशियन और हैमिल्टन ने रिश्ते पर लगाई मुहर? कैमरे में कैद हुई केमिस्ट्री



**कैलिफॉर्निया।** सुपर बाउल एलएक्स में किम कर्दाशियन और लुईस हैमिल्टन की साथ मौजूदगी ने उनके रिश्ते को लेकर चल रही चर्चाओं को नई हवा दे दी। यूरोप में साथ वक्त बिताने की खबरों के बाद यह पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी। फिलहाल दोनों ने चुप्पी साध रखी है, लेकिन तस्वीरें बहुत कुछ कह रही हैं।

सुपर बाउल एलएक्स के दौरान एक ऐसी तस्वीर सामने आई जिसने एंटरटेनमेंट दुनिया में हलचल मचा दी। किम कर्दाशियन और फॉर्मूला-वन स्टार लुईस हैमिल्टन कैलिफोर्निया के सांता क्लारा स्थित लेवीज स्टेडियम में मैच का आनंद लेते हुए साथ दिखाई दिए।

इंटरनेशनल ब्रॉडकास्ट में दोनों को साथ देखकर रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों ने और जोर पकड़ लिया। कई वर्षों से दोस्त रहे किम (45) और हैमिल्टन (41) को पहली बार इस तरह आधिकारिक अंदाज में साथ देखा गया तो फैंस कहने लगे कि दोनों ने अपना रिश्ता लगभग ऑफिशियल कर दिया है। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल हो गए, जिनमें दोनों बातचीत करते और मुस्कुराते नजर आए।



### लुक ने भी खींचा ध्यान

इस खास मौके पर किम ने ब्लैक कोट और डायमंड चोकर पहना था। उन्होंने नए बैंग्स हेयरस्टाइल के साथ एंट्री ली। उनके हेयरस्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन ने मैच से पहले फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'सुपर बाउल बैंग्स।'

### यूरोप ट्रिप से बढ़ीं चर्चाएं

रिपोर्ट्स के मुताबिक सुपर बाउल से पहले दोनों यूरोप में भी साथ वक्त बिता चुके हैं। वे कॉट्सवॉल्ड्स के एस्टेल मैनर में ठहरे, जहां प्राइवेट डिनर की खबरें भी सामने आईं। इसके बाद लंदन और फिर पेरिस तक उनका सफर चला। द सन से बात करते हुए एक सूत्र ने कहा, 'किम और लुईस दोनों के काम के शेड्यूल बहुत व्यस्त हैं, इसलिए वे ज्यादा से ज्यादा समय साथ बिताना चाहते हैं। अभी वे अलग नहीं हो पा रहे और किम के काम के हिसाब से डेट्स प्लान कर रहे हैं।'

### किम ने रिश्तों पर क्या कहा था

हाल ही में बहन क्लो कर्दाशियन के पॉडकास्ट पर किम ने रिश्तों को लेकर अपनी सोच साझा की थी। उन्होंने कहा, 'अच्छे संस्कार और मूल्य, शांत स्वभाव, भरोसेमंद और जिम्मेदारी लेने वाला इंसान। मेरे लिए यह सबसे अहम है।' उन्होंने अपने बच्चों को प्राथमिकता बताते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे बच्चों को मेरी जरूरत है। हर रात मैं उन्हें सुलाती हूं, सुबह उठाती हूं, स्कूल भेजती हूं। मेरे पास वक्त नहीं रहा और मैं इससे ठीक हूं।'

### अभी तक चुप्पी

हालांकि वायरल तस्वीरों और बढ़ती अटकलों के बीच किम और लुईस, दोनों ने ही अपने रिश्ते पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। लेकिन फैंस बेहद उत्सुक हैं।

## भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप मैच खेलने पीसीबी ने रखीं शर्तें

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले आईसीसी टी20 विश्वकप मैच में खेलने को लेकर सौदेबाजी शुरु कर दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा है कि वह भारत के खिलाफ विश्व कप में खेल सकता है पर उसकी तीन मांगों को पूरा करना होगा। पीसीबी को पता है कि आईसीसी इन मांगों को मानने तैयार नहीं होगा। उसकी मांग है कि बांग्लादेश को विश्वकप से बाहर किये जाने के लिए बढ़ा हुआ मुआवजा दिया जाए। बांग्लादेश को विश्वकप में भाग न लेने के बाद भी पार्टिसिपेशन फीस और 3- भविष्य के आईसीसी टूर्नामेंट्स के लिए पाकिस्तान को मेजबानी का अधिकार दिया जाए। इस रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भी आईसीसी के सामने 2 मांगें रखी है। पहली मांग ये कि मुआवजा दो और दूसरी मांग ये कि आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी दो।

वहीं आईईसीसी के इस प्रकार की सौदेबाजी के लिए तैयार होने की संभावना नहीं है। इससे पहले पाक ने पिछले साल एशिया कप के दौरान भी टूर्नामेंट के बहिष्कार की धमकी दी थी जब भारतीय खिलाड़ियों ने मैच के बाद पाकिस्तानी टीम से हाथ मिलाने से मना कर दिया था। इस बाद उसने पूरा टूर्नोमेंट खेला था।

## भांबरी-धाक्षिणेश्वर की मैराथन डबल्स जीत

**नई दिल्ली। युकी भांबरी और धाक्षिणेश्वर सुरेश ने रविवार को खेले गए डेविस कप क्वालिफायर्स राउंड-1 मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ रोमांचक डबल्स मैच जीतकर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। भारतीय जोड़ी ने तीन घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में डेविड पेल और सैंडर आरेंड्स को 7-6 (0), 3-6, 7-6 (1) से हराया। कप्तान रोहित राजपाल का एन. श्रीराम बालाजी की जगह धाक्षिणेश्वर को उतारने का फैसला निर्णायक साबित हुआ। 1-1 की बराबरी के बाद दोनों टीमें बढ़त हासिल करने के लिए बेताब थीं और यह मैच धैर्य, मानसिक मजबूती और दबाव में संयम की कड़ी परीक्षा बन गया।**



### पहला सेट

पहले सेट में भांबरी की सर्विस लगातार दबाव में रही, खासकर सातवें गेम में जब उनके पहले सर्विस ने साथ छोड़ दिया। 30-ऑल पर डबल फॉल्ट से डच जोड़ी को ब्रेक प्वाइंट मिला, लेकिन भांबरी ने सटीक रिटर्न से खतरा टाल दिया। इसके बाद धाक्षिणेश्वर ने गेम प्वाइंट पर आसान बैकहैंड वॉली चूक दी और आरेंड्स के अटपटे लेकिन असरदार ओवरहेड स्मैश से मेहमान टीम को फिर मौका मिला, मगर भारतीय जोड़ी ने किसी तरह गेम बचा लिया। 11वें गेम में भारत को पांच ब्रेक प्वाइंट झेलने पड़े, लेकिन भांबरी और धाक्षिणेश्वर ने सभी खतरे टालते हुए सर्विस बचाई, जिससे दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आखिरकार सेट टाईब्रेक में पहुंचा, जहां भारतीय जोड़ी ने गियर बदलते हुए बिना एक भी अंक गंवाए टाईब्रेक अपने नाम कर लिया।

### दूसरा सेट

दूसरे सेट में मैच का रुख बदल गया। पेल की सर्विस पर भारतीय टीम मौके नहीं भुना सकी, जबकि भांबरी की डबल फॉल्ट से नीदरलैंड्स को अहम ब्रेक मिला। आरेंड्स ने शानदार बैकहैंड वॉली रिटर्न विनर लगाकर बढ़त बनाई और डच जोड़ी ने सेट जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया।

### तीसरा सेट

निर्णायक सेट में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला। भारत को शुरुआती ब्रेक के कई मौके मिले, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके। धाक्षिणेश्वर ने दबाव में शानदार खेल दिखाते हुए ब्रेक प्वाइंट बचाया। मैच का निर्णायक मोड़ तब आया जब आरेंड्स ने बाएं हाथ की चोट के कारण मेडिकल टाइमआउट लिया। इसके बाद उनकी सर्विस की धार कम हो गई, जिसका फायदा उठाकर भारतीय जोड़ी ने आखिरकार नियंत्रण हासिल किया और टाईब्रेक में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ भारत ने टाई में 2-1 की अहम बढ़त बना ली है। अब रिवर्स सिंगल्स में सुमित नागल का सामना जेस्पर डी यॉन्ग से होगा, जबकि इसके बाद धाक्षिणेश्वर सुरेश का मुकाबला गाय डेन ओडन से तय है।

### स्कॉटलैंड टी20 विश्वकप में

## 200 रन बनाने वाली पहली एसोसिएट टीम बनी

**कोलकाता (एजेंसी)।** बांग्लादेश के बाहर होने के बाद शामिल हुई स्कॉटलैंड की टीम ने टी20 विश्वकप क्रिकेट 2026 में एक नया रिकार्ड बना दिया। स्कॉटलैंड की टीम ने इटली के खिलाफ हुए मुकाबले में 207 रन बनाये और इसी के साथ ही वह 200 रन बनाने वाली पहली एसोसिएट टीम बन गयी है। इस मैच में इटली ने टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। स्कॉटलैंड ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 207 रन बनाए। इसी के साथ ही स्कॉटलैंड टी20 वर्ल्ड कप में



एसोसिएट टीम के तौर पर 200 या उससे अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड अमेरिकी टीम के नाम था। पिछले टी20 विश्वकप में अमेरिका ने बतौर एसोसिएट टीम कनाडा के खिलाफ सबसे अधिक 197 रन बनाए थे।

टी 20 वर्ल्ड कप में इससे पहले साल 2024 में अमेरिका ने कनाडा के खिलाफ तीन विकेट पर 197 रन बनाये थे। /3 वहीं 2024 में कनाडा ने अमेरिका के खिलाफ पांच विकेट पर 194 रन बनाये थे। वहीं 2014 में नीदरलैंड ने आयरलैंड के खिलाफ 4 विकेट पर 193 रन बनाये थे।

मैच की बात करे तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की टीम की शुरुआत सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्से और माइकल जोन्स ने की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 13.5 ओवर में 126 रनों की साझेदारी हुई। जॉर्ज मुन्से ने 54 गेंदों पर 13 चौके और 2 छक्के लगाकर 84 रन बनाये। वहीं जोन्स ने 30 गेंदों पर 37 रन बनाए।

### लीवरपूल में प्रीमियर लीग



लीवरपूल में प्रीमियर लीग फुटबॉल में खेलते हुए लिवरपूल और मैनचेस्टर के खिलाड़ी।

## पाक से मैच को लेकर आईसीसी के फैसले का सम्मान करेगा बीसीसीआई: राजीव शुक्ला

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पाकिस्तान के टी20 विश्वकप मैच का बहिष्कार करने के मामले में बोर्ड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के फैसले का सम्मान करेगा। शुक्ला ने कहा है कि इस मामले में आईसीसी के जो भी फैसला लेगी। उसी का हम पालन करेगी और हमारा कोई अलग रुख नहीं होगा। शुक्ला ने कहा, मैं पहले भी स्पष्ट कर चुका हूं कि आईसीसी जो भी फैसला लेगा, बीसीसीआई उसी के अनुसार आगे बढ़ेगी। इस मामले में बोर्ड कुछ भी नहीं कहेगा। पाक ने



बांग्लादेश को विश्वकप से बाहर किये जाने का विरोध करते हुए भारत के खिाफ विश्वकप मैच नहीं खेलने की बात कही है। वही पाक मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस मैच की संभावनाएं हैं क्योंकि लाहौर में आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी और बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के बीच इसको लेकर एक बैठक हुई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी इस मामले पर पाकिस्तान सरकार से स्पष्ट दिशा-निर्देश लेने वाला है। इसके बाद ही उसकी ओर से कोई औपचारिक घोषणा होगी। वहीं इससे पहले पाक सरकार ने कहा था कि उसकी टीम भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगी। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस फैसले को बांग्लादेश से जुड़े विवाद से जोड़ते हुए कहा कि ये बांग्लादेश के प्रति समर्थन दिखाने के लिए लिया गया है। इससे पहले बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से अपने सभी मैच भारत से बाहर कराने की मांग की थी, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया था। इसके बाद बांग्लादेश ने विश्वकप से नाम वापस ले लिया था। आईसीसी ने पीसीबी से यह स्पष्ट करने को कहा है कि उसने बहिष्कार का कदम क्यों उठाया है। वहीं पीसीबी ने आईसीसी को संदेश भेजा था कि सरकार के आदेशों के कारण वह इस मैच से बाहर रहेगा।

## गंभीर के घर पर भारतीय टीम के लिए हुई डिनर पार्टी, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी शामिल हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को मुख्य कोच गौतम गंभीर के घर रात्रि भोज पर पहुंची। गंभीर ने टीम को अपने घर पर आमंत्रित किया था। इसमें खिलाड़ियों के साथ ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी शामिल हुए। गंभीर ने अपने परिवार के साथ भारतीय टीम का स्वागत



किया। इस दौरान खिलाड़ियों ने लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। भारतीय टीम टी20 विश्वकप के 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले मैच के लिए दिल्ली पहुंची थी। इससे पहले टीम ने मुम्बई में हुए पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ जीत हासिल की थी। भारतीय टीम के गंभीर के घर पहुंचने का एक वीडियों भी आया है। इसमें गंभीर और उनकी पत्नी टीम का स्वागत करते हुए दिख रहे हैं। इससे लावा बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी गंभीर के घर पहुंचे। टीम का स्वागत करते हुए गंभीर और उनकी पत्नी नताशा व बच्चे बेहद खुश दिखे। इस पार्टी में कई प्रकार के व्यंजन और मीठे पकवान परोसे गए। इंडियन तंदूर के साथ ही चाइनीज और कांटिनेंटल इटालियन खाना भी परोसा गया। भारतीय खिलाड़ी बस से गौतम गंभीर के घर पहुंचे थे।

## विश्वकप में भाग लेने नहीं मैच जीतने आयी है नेपाल टीम: पौडेल

**मुम्बई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली नेपाल क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा है कि उनकी टीम विश्वकप में एक या दो टीमों को हराने का प्रयास करेगी। नेपाल का पहले टी20 मैच में अंतिम ओवर में केवल चार रनों से हार का सामना करना पड़ा है। इसके बाद से ही टीम के हौंसले बुलंद हैं। टीम दो बार के विश्व चैंपियन इंग्लैंड को हराने के करीब पहुंच गयी थी पर अंतिम ओवर में वह जीत के करीब आकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी। पोडेल के अनुसार उनकी टीम का लक्ष्य हर मैच में जीत के इरादे से उतरना रहेगा। जिस प्रकार से टीम का पहले मैच में प्रदर्शन रहा है उससे उनकी टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है।


इंग्लैंड ने रोमांचक मुकाबले में नेपाल पर बड़ी मुश्किल से केवल 4 रनों से जीत हासिल की। इस मुकाबले में उलटफेर की संभावनाएं तेज थीं पर। गेंदबाज




सेम करन ने अंतिम ओवर में टीम को जीत दिला दी। इंग्लैंड के सात विकेट पर 184 रन के जवाब में नेपाल की टीम छह विकेट पर 180 रन ही बना पायी।

## भारत के तेजस्विन ने एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता, पूजा, तजिंदरपाल को रजत

**तिआनजिन (एजेंसी)।** भारत के तेजस्विन शंकर ने चीन में आयोजित एशियन इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। शंकर ने पुरुषों की हेप्टाथलॉन स्पर्धा में ये स्वर्ण पदक जीता। इसी के साथ ही भारतीय दल ने इस टूर्नोमेंट में कुल पांच पदक जीते हैं। इस प्रकार भारतीय को पदक तालिका में छठा स्थान मिला है। वहीं मेज़बान चीन ने कुल 10 स्वर्ण, 11 रजत और 13 कांस्य पदक 34 पदक के साथ ही पहला स्थान हासिल किया है। तेजस्विन ने हेप्टाथलॉन में कुल 5993 अंकों के साथ ही स्वर्ण पदक हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर इंडोर



रिकॉर्ड भी तोड़ा। इससे पहले उनका सबसे अधिक स्कोर 5650 अंक का था, ये उन्होंने साल 2021 में अमेरिका में बनाया था।शंकर ने इस टूर्नामेंट में पहले दिन से ही बढ़त हासिल कर ली। जो दूसरे दिन भी जारी रखी। उन्होंने 60 मीटर बाधा दौड़ के साथ ही पोल वॉल्ट और 1000 मीटर दौड़ में भी जबरदस्त प्रदर्शन किया।

वहीं भारत की ही पूजा ने महिलाओं की ऊंची कूद में 1.87 मीटर छलांग लगाकर रजत जबकि तजिंदरपाल सिंह तोर ने पुरुषों की शॉट पुट में 20.05 मीटर गोला फेंककर रजत पदक हासिल किया।

## अर्जुन कुच्छल ने श्री पी एम रुंगटा मेमोरियल गोल्फ ट्रॉफी जीती

### कपिल देव, मदन लाल एवं गगन खेड़ा सहित 143 गोल्फर टूर्नामेंट में शामिल हुए

**जयपुर (एजेंसी)।** अर्जुन कुच्छल ने यहां आयोजित श्री पी एम रुंगटा मेमोरियल गोल्फ कप 2026 में ओवरऑल ग्रॉस विनर रोलिंग ट्रॉफी जीती है। इस गोल्फ टूर्नामेंट में भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेट कप्तान कपिल देव, पूर्व क्रिकेटर मदन लाल एवं गगन खेड़ा सहित करीब 143 गोल्फर्स ने भाग लिया। टूर्नामेंट के समापन समारोह में विभिन्न श्रेणियों और हैंडीकैप कैटेगरी के विजेताओं एवं उपविजेताओं को भी सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में कई क्षेत्रों से जुड़े गोल्फरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता स्टेबलफोर्ड - सिंगल पियोरिया फॉर्मेट में खेली गई। हैंडीकैप श्रेणियों



में उपविजेता के रूप में 0-9 कैटेगरी में दीप करन सिंह, 10-18 कैटेगरी में योगेंद्र सिंह, तथा 19-24 कैटेगरी में योगेंद्र गोटेवाल रहे।

वहीं हैंडीकैप श्रेणियों में विजेताओं में 0-9 कैटेगरी में हिमांशु सिंह, 10-18 कैटेगरी में देवेंद्र राजावत, तथा 19-24 कैटेगरी में अंकुर ठाकुर शामिल रहे। वेटरन गोल्फर अवॉर्ड डॉ. बसंत खेतान ने जीता जबकि लेडी गोल्फर का खिताब विम्मी भाटिया को मिला। इस अवसर पर कपिल देव ने कहा गोल्फ के प्रति इतना उत्साह और सभी प्रतिभागियों में खेल भावना देखकर सभी को प्रेरणा मिलती है। श्री पी. एम. रुंगटा मेमोरियल गोल्फ कप जैसे आयोजन न केवल खेल को बढ़ावा देते हैं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों को एक मंच पर भी लाते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों को धार्मिक शिक्षा देने वाले सभी संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य करने की मांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल हुई है जिसमें मांग की गई है कि 14 साल तक के बच्चों को पंथ निरपेक्ष या धार्मिक शिक्षा देने वाले सभी संस्थानों का पंजीकरण अनिवार्य किया जाए। कोर्ट से इस संबंध में केंद्र और सभी राज्यों को जरूरी उचित कदम उठाने के निर्देश देने की मांग की गई है। इस जनहित याचिका पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। याचिका में केंद्र सरकार के साथ सभी राज्यों को पक्षकार बनाया गया है। दाखिल याचिका में मांग की गई है कि केंद्र और राज्यों को निर्देश दिया जाए कि वे अनुच्छेद 21ए (छह से 14 साल के बच्चों को अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा का अधिकार), अनुच्छेद 39 (एफ), अनुच्छेद 45 और अनुच्छेद 51-ए (क), की भावना के अनुसार 14 वर्ष तक के बच्चों को शिक्षा या धार्मिक शिक्षा देने वाले सभी स्कूलों, संस्थानों को पंजीकृत करने के लिए उचित कदम उठाएं। मालूम हो कि अनुच्छेद 39 (एफ) कहता है कि राज्य सुनिश्चित करें कि बच्चों को स्वस्थ तरीके से स्वतंत्र और गरिमामय परिस्थितियों में विकसित होने का अवसर और सुविधाएं दी जाएं। साथ ही यह बचपन और युवावस्था को शोषण और नैतिक व भौतिक खतरों से बचाने की बात करता है। अनुच्छेद 45 राज्य पर छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए शुरुआती बचपन की देखभाल और शिक्षा देने की कोशिश करने की जिम्मेदारी डालता है। भाजपा नेता वकील अश्वनी कुमार उपाध्याय की इस याचिका में दूसरी मांग है कि कोर्ट निर्देश दे और घोषित करे कि अनुच्छेद 30 (अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनके प्रशासन का अधिकार), अनुच्छेद 19(1)(जी) (रोजगार और व्यवसाय की आजादी) का विशिष्ट दोहराव है और यह अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत नागरिकों को मिले अधिकार के अलावा कोई अतिरिक्त लाभ या विशेषाधिकार प्रदान नहीं करता। तीसरी यदि कोई किसी धर्म को बढ़ावा देने या प्रचारित करने के लिए धार्मिक शिक्षा देता है वह अनुच्छेद 26 (ए) (धार्मिक समुदाय को धार्मिक और चैरिटेबल कामों के लिए संस्थान बनाने और चलाने का अधिकार) के तहत आता है न कि अनुच्छेद 19(1)(जी) के तहत।

### 50 लाख के पार पहुंचे फास्टैग वार्षिक पास यूजर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा है कि फास्टैग




वार्षिक पास की सुविधा शुरू होने के छह महीनों में ही इसका उपयोग करने वालों की संख्या 50 लाख से अधिक हो गई। इस अवधि में 26.55 करोड़ से अधिक लेनदेन दर्ज किए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को वित्तीय राहत प्रदान करने के लिए 15 अगस्त, 2025 को वार्षिक पास सुविधा शुरू की गई थी। वार्षिक पास के उपयोग के मामले में चंडीगढ़ सबसे आगे है, जो देशभर में कुल वार्षिक पास लेनदेन का 14 प्रतिशत है, इसके बाद तमिलनाडु 12.3 प्रतिशत लेनदेन के साथ दूसरे और दिल्ली 11.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र स्थित बिजवासन टोल प्लाजा वार्षिक पास के उपयोग में सबसे आगे रहा, जहां कुल वाहन क्रासिंग का लगभग 57 प्रतिशत इसी पास के जरिये हुआ। राष्ट्रीय राजमार्गों और राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे पर स्थित लगभग 1,150 टोल प्लाजा पर लागू यह वार्षिक पास तीन हजार रुपये की एकमुश्त राशि के भुगतान पर एक साल की वैधता या 200 टोल प्लाजा क्रासिंग की सुविधा देता है।

# पर्थला गोलचक्कर होगा छोटा, दोनों ओर बनेंगे यूटर्न

### जाम घटाने को नोएडा प्राधिकरण का क्या प्लान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में मास्टर प्लान रोड नंबर-3 स्थित पर्थला गोलचक्कर पर जाम कम करने को जरूरी उपाय किए जाएंगे। इनमें गोलचक्कर को छोटा करने और दो तरफ यूटर्न बनाने समेत अन्य काम शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पर्थला गोलचक्कर पर सेक्टर-71 से सीधे किसान चौक की ओर आने-जाने के लिए सिग्नेचर ब्रिज बना है। अब बाकी और स्थानों पर जाने के लिए जाम खत्म करने की तैयारी है।

सेक्टर-71 की तरफ से जाकर सेक्टर-122 की की ओर जाने के लिए वाहन चालक पर्थला गोलचक्कर से ही विपरीत दिशा में आकर मुड़ते हैं। इससे हादसे का खतरा रहता है और जाम भी लगता है। इसको देखते हुए गोलचक्कर से मिलाते हुए एक यूटर्न बनाया जाएगा। इससे वाहन सेक्टर-122 की तरफ मुड़ सकेंगे। सेक्टर-71 की ओर से एफएनजी पर सोरखा की ओर जाने वालों के लिए अभी गोलचक्कर पर बैरिकेडिंग लगाकर अस्थायी रूप से रास्ता बंद कर रखा है। इन वाहनों को एफएनजी पर छिजारसी की ओर भेजा जाता है। यहां से कुछ दूरी ही बने यूटर्न से घूमकर किसान चौक की ओर निकाला जाता है। गोलचक्कर पर संबंधित कट को स्थायी रूप से बंद कर यूटर्न को ठीक ढंग से बनाया जाएगा। किसान चौक की तरफ से आकर एफएनजी पर छिजारसी की ओर जाने के लिए सोरखा की ओर जाना होगा। सोरखा की तरफ कुछ दूरी पर नया यूटर्न बनाया जाएगा। गोलचक्कर पर वाहन चालकों के लिए कट बंद किया जाएगा। एफएनजी पर छिजारसी की तरफ से आकर सीधे सोरखा जा सकेंगे। किसान चौक की तरफ से आकर पर्थला गोलचक्कर से पहले बने यूटर्न के पास सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि कट बंद कर यूटर्न बनाने के अलावा जाम कम करने को कुछ और जरूरी उपाय किए जाएंगे। संबंधित काम कराने के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है।

# सिर्फ एक साल में 99 फीसदी जॉब्स खा जाएगा एआई, बचेंगी सिर्फ ये नौकरियां

### ● डिवाइसेज की मदद से लोग हर तरह का काम निकलवा रहे हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इंसानों की जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। आज एआई पॉवर्ड डिवाइसेज की मदद से लोग हर तरह का काम निकलवा रहे हैं। हालांकि वह दिन अब दूर नहीं है जब एआई महज हेल्पर की तरह हमारी मदद करने की बजाय, हमें रिप्लेस ही कर दे। ऐसा कहना है कि जाने-माने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर डॉ. रोमन याम्पोल्स्की का। डॉ. रोमन ने चेतावनी दी है कि महज एक साल में एआई इंसानों की 99 फीसदी नौकरियां खा जाएगा। उन्होंने यह तक कह दिया है कि कोई भी ऐसा इंसानी काम नहीं दिख रहा, जिसे ऑटोमेट ना किया जा सकता हो।



याम्पोल्स्की के मुताबिक 2045 तक समाज एक ऐसे टेक्नोलॉजिकल पॉइंट पर पहुंच सकता है जहां से वापस लौटना मुमकिन नहीं होगा। आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन और इस मुद्दे पर विस्तार से बात करते हुए, डॉ. रोमन याम्पोल्स्की ने कहा कि आने वाले बदलाव पिछले इंडस्ट्रियल बदलावों से बिल्कुल अलग होंगे।

बता दें कि कम्प्यूटर साइंटिस्ट डॉ. याम्पोल्स्की लातविया से आते हैं और वे फिलहाल लुइसविले यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर हैं। उन्होंने एआई सुरक्षा और जोखिम पर 100 से ज्यादा एकेडमिक पेपर पब्लिश किए हैं। उन्होंने हाल ही में स्टीवन बार्टलेट द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'द डायरी ऑफ ए सीईओ' में यह बातें कही हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया लाइक रिपोर्ट के मुताबिक बातचीत के दौरान, डॉ. याम्पोल्स्की ने कहा, 'पांच सालों में किसी भी तरह के फिजिकल लेबर को ऑटोमेट किया जा सकता है। तो हम एक ऐसी दुनिया देख रहे हैं जहां बेरोजगारी का स्तर ऐसा होगा जो हमने पहले कभी नहीं देखा। मैं 10 प्रतिशत बेरोज़गारी की बात नहीं कर रहा हूं, बल्कि 99 प्रतिशत की बात कर रहा हूं।' डॉ. याम्पोल्स्की ने बताया है कि कौन सी नौकरियां बचने की संभावना है। उन्होंने इंटरव्यू में कहा, 'आपके पास सिर्फ वही नौकरियां बचेंगी जहां किसी भी वजह से आप चाहेंगे कि कोई दूसरा इंसान आपके लिए वह काम करे। कुछ नौकरियां ऐसी होती हैं जहां इंसान की जरूरत होती है। हो सकता है आप अमीर हों और किसी भी वजह से आप एक इंसानी अकाउंटेंट चाहते हों।'

उन्होंने कहा कि इंसानों द्वारा बनाए गए सामानों के लिए शौक की वजह से भी कुछ नौकरियां बीच सकती हैं। उन्होंने कहा, 'आपको ऐसे लोगों के लिए एक छोटा सा मार्केट मिल सकता है जो अभी भी हाथ से बनी चीज़ों को पसंद करते हैं।' वहीं एआई की निगरानी और रेगुलेशन का जॉब भी बचा हुआ रहेगा। हालांकि डॉ. याम्पोल्स्की ने कहा कि लंबे समय में एआई को पूरी तरह से कंट्रोल करना शायद नामुमकिन हो, लेकिन उन्होंने कहा है कि इंसानी निगरानी बदलाव की गति को धीमा कर सकती है।

# सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा फैसला, डीटीसी के वेतन और पेंशन के लिए 1,200 करोड़ मंजूर

### ● मुख्यमंत्री का कहना है कि यह केवल सरकारी अनुदान नहीं है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के हजारों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देने के अलावा आधुनिक तकनीक से यातायात को सुगम बनाने के लिए 1,200 करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। इस राशि का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह केवल सरकारी अनुदान नहीं है, बल्कि अपने उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार है जो हर मौसम में दिल्ली को थमने नहीं देते। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि हमारे बुजुर्ग पेंशनभोगियों को कभी अपनी मेहनत की कमाई के लिए इंतजार न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए 1,200 करोड़ रुपये के अनुदान में से 1,100 करोड़ रुपये सीधे तौर पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, पेंशन और अन्य देयताओं के लिए आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीटीसी और उसके कर्मचारी दिल्ली की लाइफलाइन



हैं। यह राशि उनके और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करेगी ताकि उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि कर्मचारी कल्याण के साथ-साथ, परिवहन व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत दो महत्वपूर्ण रणनीतिक परियोजनाओं पर काम होगा। इनमें एडवांस्ड ट्रैफिक सिस्टम (एटीएस): यातायात को सुगम बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग और राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए विशेष सहायता योजना (एसएएससीआई) के अंतर्गत कमर्शियल ई-व्हीकल चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास शामिल है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि यह कदम दिल्ली को प्रदूषण मुक्त और तकनीक-संचालित भविष्य की ओर ले जाने की दिशा में बड़ा संकल्प है। सरकार का यह भी लक्ष्य है कि दिल्ली की सड़कों पर सुरक्षित, प्रदूषण मुक्त और विश्वस्तरीय परिवहन उपलब्ध हो।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि डीटीसी केवल बसों का बेड़ा नहीं है, बल्कि यह दिल्ली के लाखों नागरिकों के जीवन को गति देने वाली धमनियां हैं। इस व्यवस्था को सुचारू रखने वाले हमारे हजारों चालक, परिचालक और कर्मचारी दिन-रात मेहनत करते हैं। हमने सुनिश्चित किया है कि हमारे बुजुर्ग पेंशनभोगियों और वर्तमान कर्मचारियों को कभी अपनी मेहनत की कमाई के लिए इंतजार न करना पड़े।

## मोती नगर के डीडीए पार्क में चाकूबाजी; नाबालिग की मौत, एक युवक घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के मोती नगर के डीडीए पार्क में रविवार को चाकूबाजी की घटना में एक नाबालिग की मौत हो गई और एक अन्य युवक घायल हो गया। घायल युवक का एम्स में इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है। दिल्ली पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को मोती नगर इलाके में चाकूबाजी की दो घटनाओं में एक नाबालिग की मौत हो गई और एक अन्य युवक घायल हो गया। दोनों घटनाएं डीएलएफ मोती नगर के पास डीडीए पार्क में हुईं। रविवार शाम 6-37 बजे मोती नगर थाना पुलिस को एक नाबालिग को मृत हालत में अस्पताल लाए जाने की सूचना मिली। उसके दाहिने कंधे के नीचे चाकू का घाव था। वहीं, शाम 7-50 बजे 25 साल के मोहम्मद दानिश नाम के एक और घायल व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली, जिसे पीठ में चाकू मारा गया था। उसे शुरू में आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# नौवीं के छात्र ने रूस में किया भारतीय छात्रों पर चाकू से हमला, गिरफ्तारी के दौरान पुलिस पर भी वार

**मास्को, एजेंसी।** रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य में एक विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के छात्रावास में शनिवार को चाकू से हमला स्थानीय स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाले 15 वर्षीय छात्र ने किया था।

चाकू से लैस हमलावर ने बश्कोर्तोस्तान के ऊफा स्थित स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्रावास में घुसकर वहां रहने वाले छात्रों पर हमला किया था। इस हमले में चार भारतीयों समेत छह लोग घायल हो गए थे। भारतीय मिशन ने रविवार को कहा कि इस हमले में घायल भारतीय छात्रों की हालत सुधर रही है। भारतीय मिशन ने कहा, वे स्वस्थ हो रहे हैं। हमारे काउंसलर अधिकारी ने अस्पताल में उनसे मुलाकात की और हास्टल में अन्य छात्रों से भी मिले। हम उनके साथ नियमित संपर्क में हैं। इस बीच बाश्कोर्तोस्तान की आधिकारिक समाचार एजेंसी



बाशइंफार्म ने बताया कि गिरफ्तारी का विरोध करते हुए हमलावर ने दो पुलिस अधिकारियों और हास्टल के गार्ड को भी घायल कर दिया। हमलावर किशोर ने आत्महत्या करने की कोशिश की और गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती है।

बश्कोर्तोस्तान के अभियोजक कार्यालय और संघीय जांच समिति की स्थानीय शाखा ने शैक्षणिक संस्थान के अधिकारियों के खिलाफ गंभीर लापरवाही का मामला दर्ज किया है। किशोर अपराध की रोकथाम के लिए संबंधित एजेंसियों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।

# लेबनान में जर्जर इमारत ढहने से 5 लोगों की मौत, मलबे में अभी भी दबे हैं लोग

**त्रिपोली, एजेंसी।** उत्तरी लेबनान के त्रिपोली में रविवार को हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। यहां एक पुरानी जर्जर इमारत अचानक गिर गई।

जिससे वहां रह रहे लोग उसकी चपेट में आ गए। हफ्ते भर में इस तरह की यह दूसरी घटना है। घटनास्थल पर फिलहाल बचाव दल बचे हुए लोगों की तलाश कर रहे हैं।

सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी ने त्रिपोली के बाब अल-तब्बानेह इलाके में एक पुरानी बिल्डिंग के गिरने की खबर दी थी, जो इस गरीब शहर का सबसे गरीब इलाका है। एजेंसी ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने और बिल्डिंग गिरने के डर से आस-पास की



इमारतों को खाली करा लिया है।

अब तक आठ लोगों को बचाया गया है, जबकि पांच शव बरामद किए गए हैं, जिनमें एक बच्चा और एक बुजुर्ग महिला शामिल हैं। सिविल डिफेंस प्रमुख इमाद ख्रीश ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बिल्डिंग में दो ब्लॉक थे, जिनमें से हर एक में छह अपार्टमेंट थे।

राष्ट्रपति जोसेफ औन के कार्यालय के एक बयान में कहा गया, इमरजेंसी सेवाओं से रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद करने और बिल्डिंग के निवासियों और एहतियात के तौर पर खाली कराई गई पड़ोसी इमारतों के लोगों को आश्रय देने के लिए तैयार रहने का अनुरोध किया है। लेबनान में कई पुरानी और टूटी-फूटी इमारतें हैं। इनमे से कई बहुत खराब हालत में हैं।

# एपस्टीन फाइल्सः दुनिया भर में कई इस्तीफे

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के कुख्यात सेक्स अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज जैसे-जैसे सामने आ रहे हैं, दुनिया भर में हलचल तेज हो गई है।

इन खुलासों में पैसों की लेन-देन, सोशल संपर्क और निजी मुलाकातों से जुड़ी जानकारी है। हजारों ईमेल्स, फोटो और वीडियो में एपस्टीन और उससे जुड़े लोगों के काले कारनामे का खुलासा हो रहा है।

इसी वजह से दुनियाभर में कई ऊंचे पदों पर बैठे लोग दबाव में आकर इस्तीफा दे रहे हैं। हाल ही में ब्रिटेन और नोर्वे में भी कई हस्तियों ने इस्तीफा दिया है। इन खुलासों के बाद ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी को इस्तीफा देना पड़ा। मॉर्गन पर दबाव इसलिए बढ़ा क्योंकि उन्होंने पीटर मैंडेलसन को अमेरिका में ब्रिटेन का राजदूत बनाने की सलाह दी थी। मॉर्गन ने अब माना कि उनकी यह सलाह गलत थी, इसी की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

इस कड़ी में नॉर्वे में भी कई बड़े नेताओं ने इस्तीफा दिया। विदेश मंत्रालय के मुताबिक वरिष्ठ राजनयिक मोना जूल भी एपस्टीन से संबंधों के चलते जल्द ही पद छोड़ेंगी।

66 साल की मोना इससे पहले नॉर्वे की सरकार में मंत्री रह चुकी हैं, साथ ही इजरायल, ब्रिटेन और यूएसए में नॉर्वे की राजदूत भी रह चुकी हैं।

एपस्टीन फाइल्स का सबसे भयानक असर अमेरिका में दिखा. फरवरी 2026 में, ब्रैड कार्प ने एक प्रमुख लॉ फर्म के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया, क्योंकि उनके एपस्टीन से ईमेल संपर्क उजागर हो गए थे।

दिसंबर 2025 में, एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बोंजिनो ने भी विवाद के बीच अपना पद छोड़ दिया। हालांकि उनके मामले में सीधे संबंध साबित नहीं हुए, लेकिन फाइलों से जुड़े विवाद ने उन पर दबाव बढ़ा दिया। यूरोप में एपस्टीन फाइल्स का प्रभाव स्पष्ट रूप से नजर आया। फ्रांस के पूर्व मंत्री जैक लैंग ने एक सांस्कृतिक संस्थान के प्रमुख पद से इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मिरोस्लाव लाजचाक ने ईमेल विवाद के बाद अपना पद छोड़ दिया।

# नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को ईरान ने साढ़े सात साल की सजा सुनाई

**तेहरान एजेंसी।** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को साढ़े सात की सजा सुनाई है। इसके बाद एक बार फिर उनकी चर्चा हो रही है। ईरानी सरकार और नरगिस मोहम्मदी के बीच पिछले कई दशकों से संघर्ष चला आ रहा है।

उनके वकील का कहना है कि इस सजा ने ईरानी अधिकारियों के साथ दशकों से चल रही उनकी लड़ाई को और आगे बढ़ा दिया। तो आइए जानते हैं कि...

**कौन हैं नरगिस मोहम्मदी?:** 53 साल की नरगिस मोहम्मदी एक जानी-मानी ईरानी मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हैं, जो ईरान में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और राजनीतिक दमन के खिलाफ अभियान चलाने के लिए जानी जाती हैं। ईरानी



अधिकारी उन पर विरोध प्रदर्शन आयोजित करने और राज्य के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने का आरोप लगाते हैं। वहीं वह और उनके समर्थक इन आरोपों से इनकार करते हैं और कहते हैं कि उन्हें शांतिपूर्ण एक्टिविज्म के लिए सजा दी जा रही है। नरगिस एक इंजीनियर और लेखिका के साथ-साथ मानवाधिकार रक्षक केंद्र (डीएचआरसी) की उपाध्यक्ष भी हैं। डीएचआरसी की स्थापना नोबेल पुरस्कार विजेता शिरीन एबादी ने की थी। उन्होंने बीते एक दशक का ज्यादातर समय जेल में बिताया है। नरगिस फाउंडेशन का कहना है कि इस नए फैसले के बाद उनके खिलाफ कुल जेल की सजा 44 साल हो गई है। 2021 से वह राष्ट्रीय सुरक्षा के आरोपों में 13 साल की सजा काट रही हैं।

उन्हें 2023 में ईरान में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ लड़ाई और सभी के लिए मानवाधिकार और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया। जब वह तेहरान जेल में बंद थीं, तब उनके बच्चों ने ये पुरस्कार लिया था। नरगिस मोहम्मदी को 12 दिसंबर, 2025 को मशहद में मानवाधिकार वकील खोसरो अलीकोर्डी के लिए आयोजित की गई शोक सभा से गिरफ्तार किया गया था। उनके ऊपर भड़काऊ बयानबाजी, नियम तोड़ने वाले नारे और शांति भंग करने के आरोप लगाए गए।

# जिले में संपूर्णता अभियान 2.0 डीसी - डीडीसी ने संयुक्त रूप से किया लांच

**विकास क्यों जरूरी है, पृष्ठभूमि पता हो तो काम करने का तरीका बदल जाता है : डीसी**

**संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ लक्ष्य करें निर्धारित, तीन दिनों में एक्शन प्लान करें समर्पित : डीडीसी**





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 का जिले में शुभारंभ के अवसर पर जिला परिषद स्थित कांफ्रेंस हाल में एक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा - उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार व अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के चयनित प्रखंडों एवं पंचायतों में विकास के सभी सूचकांकों (इंडिकेटर) को पूर्ण रूप से संतृप्त करना है, ताकि ब्लाक/जिला का समावेशी, संतुलित एवं सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

**विकास की दिशा तय करने में पृष्ठभूमि की भूमिका अहम : उपायुक्त**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि विकास क्यों आवश्यक है, यदि क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक एवं भौगोलिक पृष्ठभूमि की स्पष्ट समझ हो, तो कार्य करने की रणनीति स्वतः प्रभावी हो जाती है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अंतर्गत निर्धारित सभी आयामों में लक्ष्य अनुरूप प्रगति करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**योजनाओं के क्रियान्वयन में स्थानीय पुलिस की सहभागिता अनिवार्य**

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि संपूर्णता अभियान के तहत संचालित प्रत्येक गतिविधि में स्थानीय पुलिस प्रशासन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं विश्वास का माहौल बने।

**केवल पुरस्कार नहीं, जमीनी बदलाव हो लक्ष्य**

उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल पुरस्कार प्राप्त करने के उद्देश्य से कार्य नहीं करना है। हमारा वास्तविक लक्ष्य उग्रवाद और पिछड़ेपन की जड़ों को जमीन से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि जब आम लोगों में तरक्की के प्रति ललक और सरकारी योजनाओं के प्रति विश्वास पैदा होगा, तभी यह अभियान अपने उद्देश्य में सफल माना जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान आगामी 14 अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा। लेकिन, हमें इसे 08 मार्च 2026 तक का लक्ष्य निर्धारित कर काम करना है। ताकि हम लक्ष्य से ज्यादा उपलब्धि हासिल कर सकें।

**विभागीय समन्वय के साथ तय हों लक्ष्य : डीडीसी**

उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय के साथ स्पष्ट एवं मापनीय लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग तीन दिनों के भीतर विस्तृत एक्शन प्लान तैयार कर समर्पित करें, जिससे अभियान का समयबद्ध, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

**संपूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटरों को संतृप्त करने की दिलाई प्रतिज्ञा**

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को ब्लाक एवं जिला स्तर पर संपूर्णता अभियान 2.0 के सभी इंडिकेटरों को पूर्ण रूप से संतृप्त करने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले को एक प्रेरणादायक, आत्मनिर्भर एवं विकासोन्मुख ब्लाक/जिला के रूप में स्थापित करना है, जिसे अन्य जिले भी अनुकरण कर सकें। मौके पर डीपीएलआर मेनका, सिविल सर्जन डा. ए बी प्रसाद, अस्पताल उपाधीक्षक डा. एन पी सिंह, डीईओ जगरनाथ लोहरा, डीपीओ राज शर्मा, डीएसडब्ल्यूओ डा. सुमन गुप्ता, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. अशिम कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे, डाटा प्रबंधक कंचन कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# मानव - हाथी संघर्ष की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन गंभीर : उपायुक्त

**ग्राम रक्षा दल -पशु रक्षा समिति के गठन का उपायुक्त ने दिया निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में लगातार हो रहे मानव - हाथी संघर्ष की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में सोमवार को गोपनीय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, हाथियों के प्राकृतिक विचरण मार्ग को संरक्षित रखना तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना रहा।

**सामुदायिक वन अधिकार को मिलेगा बल**

बैठक में अनुमंडल स्तरीय समिति से प्राप्त सामुदायिक वन पट्टा से संबंधित आवेदनों की अनुशंसा पर विचार करते हुए उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि संबंधित पंचायतों एवं ग्राम सभाओं को वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देने हेतु विशेष कार्यशालाओं का आयोज किया जाए, ताकि समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

**हाथी प्रभावित पंचायतों में सुदृढ़ होगी आधारभूत संरचना**

हाथियों के विचरण क्षेत्रों एवं प्रभावित पंचायतों में रात्रिकालीन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सोलर लाइट, हाई मास्क लाइट एवं सोलर फेंसिंग व्यवस्था स्थापित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने वन विभाग को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक स्थलों की सूची तैयार कर प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए।

**हाथी विचरण रूट का संरक्षण प्राथमिकता**

हाथियों के पारंपरिक विचरण मार्गों के दोनों ओर बांस एवं अन्य उपयुक्त वनस्पतियों का व्यापक स्तर पर पौधारोपण कराया जाएगा, जिससे हाथियों को प्राकृतिक आवरण एवं भोजन उपलब्ध हो सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इन पौधों की कटाई किसी भी स्थिति में व्यापारिक या निजी उपयोग हेतु नहीं की जाएगी। इसकी निगरानी ग्राम रक्षा दल एवं पशु रक्षा समिति द्वारा की जाएगी।

**डीएमएफटी के माध्यम से सुरक्षा कार्यों को मिलेगी गति**

मानव - वन्यजीव संघर्ष से संबंधित सुरक्षा, संरचना एवं अन्य आवश्यक कार्यों पर डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में चर्चा व निर्णय लिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी निर्णयों का केंद्र बिंदु आम जनता की सुरक्षा होगी।

**हाईवे परियोजनाओं में हाथी रूट से छेड़छाड़ नहीं**

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसी भी सड़क या निर्माण परियोजना के दौरान हाथियों के पारंपरिक विचरण रूट में परिवर्तन नहीं किया जाए। आवश्यकता पड़ने पर हाथियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए पुल या अंडरपास का निर्माण सुनिश्चित किया जाएगा।

**अवैध माइनिंग एवं वन अपराधों पर कड़ा रुख**

बैठक में साइलेंसर हटाकर ट्रैक्टरों के माध्यम से की जा रही अवैध माइनिंग एवं पेड़ों की अवैध कटाई पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई। उपायुक्त ने तत्काल संबंधित थाना/ अंचलाधिकारी/ वन विभाग को निर्देश दिया कि दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**संयुक्त निगरानी तंत्र को करें सक्रिय**

जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग संयुक्त रूप से इसकी सतत निगरानी करेंगे। बिना साइलेंसर वाले ट्रैक्टरों एवं अन्य वाहनों को दिन के समय ही जब्त करने का निर्देश दिया गया, ताकि रात्रिकालीन अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

**हाथी हमले में मृतकों के प्रति शोक संवेदना**

उपायुक्त अजय नाथ झा ने हाल के दिनों में हाथियों के हमले से मृत व्यक्तियों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिजनों को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

# निर्वाचन कार्य में सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम: डीईओ






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से डीपीआरसी सभागार में आयोजित सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा द्वारा निरीक्षण किया गया।

**मतदान केंद्रों का संयुक्त भ्रमण सुनिश्चित करें**

प्रशिक्षण सत्र के दौरान डीईओ सह डीसी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सेक्टर दंडाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मतदान केंद्रों का भ्रमण अवश्य करें।

**रूट चार्ट एवं मूलभूत सुविधाओं का करें आंकलन**

डीईओ सह डीसी ने निर्देश दिया कि भ्रमण के दौरान रूट चार्ट, मार्ग की स्थिति, संकेतक, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे - पेयजल, शौचालय, बिजली, रैंप आदि का बारीकी से आंकलन किया जाए।

**समयबद्ध प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश**

उन्होंने कहा कि भ्रमण उपरांत सभी सेक्टर दंडाधिकारी निर्धारित प्रारूप में विस्तृत प्रतिवेदन समयबद्ध रूप से समर्पित करें, ताकि आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई समय रहते सुनिश्चित की जा सके।

**निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव है प्राथमिकता**

डीईओ सह डीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई तथा उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया गया।

**बैलेट बॉक्स के साथ मतदान केंद्र के अलावा कहीं नहीं रुकेंगे कर्मी**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) ने स्पष्ट कहा कि बैलेट बॉक्स के साथ कोई भी कर्मी मतदान केंद्र के अलावा किसी अन्य स्थान पर नहीं रुकेगा। इस आदेश का सख्ती से अनुपालन सेक्टर दंडाधिकारी झ पुलिस पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान सामग्री के साथ निर्धारित मतदान केंद्र तक सीधी एवं सुरक्षित आवाजाही अनिवार्य है तथा किसी भी परिस्थिति में अनधिकृत स्थान पर ठहराव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लिया जाएगा एवं संबंधित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# डीडीसी ने मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डीडीसी द्वारा प्लस टू हाई स्कूल लकड़ाखंदा चास, प्लस टू हाई स्कूल सतनपुर स्थित परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों, वीक्षण व्यवस्था, सीसीटीवी, केंद्र पर तैनात दंडाधिकारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीडीसी ने केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को अनुशासित एवं सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा के तीसरे दिन आयोजित विषयों की जानकारी ली। इस क्रम में मैट्रिक परीक्षा में विज्ञान तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में जीव विज्ञान, बिजनेस स्टडी एवं समाज शास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न कराई गई। डीडीसी ने केंद्राधीक्षक से छात्रों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा समेत अन्य उपस्थित थे।

# चास नगर निगम चुनाव में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए तैयार प्रशासन : निवार्ची पदाधिकारी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निर्वाची पदाधिकारी, चास नगर निगम एवं सह अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा ने सोमवार को अनुमंडल कार्यालय चास के सभागार में नगरपालिका आम चुनाव को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। बैठक में चुनाव प्रक्रिया, सुरक्षा और मतदाताओं की सुविधा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री रवि कुमार भी उपस्थित थे।

**सभी प्रत्याशियों से आचार संहिता का पालन करने की अपील**

निवार्ची पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आचार संहिता का पालन करने की अपील की और बताया कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा पुख्ता रहेगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। महापौर पद हेतु चास नगर निगम में कुल 31 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि मतदान दिनांक 23 फरवरी, 2026 को प्रातः 07:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक संपन्न होगा। सेक्टर 8 स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है, जहाँ से मतदान कर्मियों को 22 फरवरी, 2026 को बूथ के लिए रवाना किया जाएगा। मतदान के बाद सभी बैलेट और सामग्री मतगणना केंद्र एवं बज्रगृह स्थल, कृषि बाजार समिति चास में जमा की जाएगी। मतगणना 27 फरवरी, 2026 प्रातः 08:00 बजे से शुरू होगी। मतदान बैलेट पेपर से किया जाएगा। निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। इसके अलावा किसी भी शिकायत या समस्या के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।

## सामान्य प्रेक्षकों ने निर्वाचन से जुड़े विभिन्न कोषांगों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक सुझाव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के मद्देनजर सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर एवं श्याम नारायण राम द्वारा सोमवार को निर्वाचन से संबंधित विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निर्वाचन सामग्री, मतपत्र-मतपेटी प्रबंधन, परिवहन कोषांग, निर्वाचन कोषांग, मीडिया कोषांग सहित अन्य संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक चास नगर निगम श्याम नारायण राम एवं फुसरो नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर ने निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी प्रत्येक गतिविधि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों एवं आदर्श आचार संहिता के अनुरूप होनी चाहिए।

# अनुमंडल पुलिस मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन



**पेटरवार (बोकारो)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय, तेनुघाट स्थित सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह द्वारा की गई। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने सभी अंचल पुलिस निरीक्षक, थाना एवं ओपी प्रभारियों को लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई, लंबित पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के मामलों के शीघ्र निपटारे, माननीय न्यायालय से संबंधित कार्यों के समयबद्ध निष्पादन तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों एवं आम जनता से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त आगामी महाशिवरात्रि पर्व एवं फुसरो नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर अनुमंडल में विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु विशेष तैयारी करने का भी निर्देश दिया गया। आगे बताया कि आने वाले होली, रामनवमी और ईद त्योहार को लेकर भी सभी को चाक चौबंद रह रहने का निर्देश दिया गया है। आगे अनुमंडल पदाधिकारी श्री वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि मासिक अपराध गोष्ठी में विगत माह और पिछले पूरे वर्ष जितने भी मामलों का निष्पादन किया गया है, उस पर चर्चा की गई। साथ ही जो भी आपराधिक मामला घटी है उसमें बहुत सारे मामलों का निष्पादन किया जा चुका है और बहुत जल्द ही अन्य मामलों का भी निष्पादन हो जाएगा। साथ में अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। गोष्ठी में क्षेत्र में शांति व्यवस्था व्यवस्था बनाए रखने और अपराधिक गतिविधि पर नजर बनाए रखने की बात कही गई। गोष्ठी में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी लंबित कांडों को शीघ्र निष्पादन तय समय में करें। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सिंह ने अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को उनके कार्य के प्रति की गई मेहनत पर हौसला बढ़ाते हुए सराहना की और निष्ठा पूर्वक कार्य करने की सलाह दी।

# आपदा प्रबंधन और आपात परिस्थितियों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें : डीडीसी



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को चास स्थित फर्स्ट एंड प्रशिक्षण केंद्र आकाश अस्पताल चास में छः दिवसीय बेसिक सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा एवं डिविजनल वार्डेन डॉ एस पी वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों एवं स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, बचाव कार्य तथा आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को दुर्घटना या आपदा के समय घायलों को सुरक्षित तरीके से प्राथमिक उपचार देना, राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग करना, आग लगने, प्राकृतिक आपदा या अन्य आपात स्थितियों में सही प्रतिक्रिया देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों द्वारा बताया गया कि सिविल डिफेंस स्वयंसेवक आपातकालीन सेवाओं में सहयोग कर समाज की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पर मुझे खुशी इस बात पर है कि मुझे भी प्रशिक्षण में बहुत कुछ सीखने का मौका मिला। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त एवं एसडीओ चास को पायल कुमारी एवं अनिता सोनी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही बोकारो स्टील प्लांट के सेवानिवृत जी एम अंजनी कुमार सिन्हा ने डॉ एस पी वर्मा को पुष्प गुच्छ अर्पित कर स्वागत किया।

**आपदा प्रबंधन और आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें-**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि सिविल डिफेंस प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन और आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ती है और वे दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा या अन्य संकट के समय तुरंत एवं प्रभावी तरीके से राहत एवं बचाव कार्य कर सकते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को समाज सेवा की भावना के साथ प्रशिक्षित कौशल का उपयोग करने और जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तैयार रहने का आह्वान किया।

**सीखी गई जानकारी को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और समाज में जागरूकता फैलाने में सक्रिय योगदान दें-**

अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम लोगों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सक्षम बनाता है। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे दुर्घटना या संकट की स्थिति में सही निर्णय लेकर राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# फरवरी माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों हेतु 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र से फरवरी-2026 में सेवानिवृत होने वाले कुल 56 कार्मिकों को सेवानिवृत्ति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा उसके उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया, जिसमें सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को जीवन के अगले पड़ाव के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया. कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना ने सभी आगंतुकों एवं सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम के विभिन्न चरणों एवं इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने सेवानिवृत्ति के पश्चात के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे स्वास्थ्य, वित्तीय नियोजन और अन्य गतिविधियों पर प्रकाश डाला. वित्त एवं लेखा विभाग से वरीय प्रबंधक (वेतन लेखा) विनीता ने सेवानिवृत्ति के उपरांत प्राप्त होने वाली विभिन्न निधियों एवं वित्तीय लाभों के बारे में विस्तार से बताया. इसके पश्चात उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, चास शाखा की ओर से क्लस्टर मैनेजर श्री प्रांजल कुमार एवं शाखा प्रबंधक महेश्वर साहू ने अपनी टीम के साथ कर्मियों को वित्तीय जागरूकता, निवेश के विकल्पों तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए उपलब्ध बैंकिंग योजनाओं के बारे में सुझाव दिए. कर्मियों के स्वास्थ्य प्रबंधन पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ विभाग की चिकित्सा अधिकारी डॉ. जया लक्ष्मी ने सेवानिवृत्ति के बाद स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु उपयोगी टिप्स साझा किए. नगर प्रशासन विभाग से कनीय प्रबंधक श्री प्रणव कुमार विद्रोही ने आवास एवं भू-संपदा से जुड़ी विभिन्न औपचारिकताओं की जानकारी दी. साथ ही, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के वेल्थ मैनेजर ऋतु रंजन कुमार ने एनपीएस से बाहर निकलने की प्रक्रिया एवं संबंधित गतिविधियों से सुधिजनों को अवगत कराया. शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग गुरु के. बी. मिश्रा ने उपस्थित कर्मियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया और जीवन में योग के महत्व पर चर्चा की. कार्यक्रम के अंतिम सत्र में मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ की सुश्री अनीता झा ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया. कार्यक्रम का सफल संचालन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) श्रीमती कल्पना के द्वारा किया गया तथा उन्हीं के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ. यह आयोजन बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने कर्मियों के प्रति संवेदनशीलता और उनके कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है. सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मियों को मानसिक, शारीरिक और वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की यह पहल न केवल एक सुगम ट्रांजिशन सुनिश्चित करती है, बल्कि एक जिम्मेदार कॉरपोरेट इकाई के रूप में बीएसएल के सामाजिक और मानवीय मूल्यों को भी सुदृढ़ करती है.

**समाहरणालय परिसर से बाल विवाह मुक्त रथ रवाना**

# बोकारो जिले को बाल विवाह मुक्त बनाना है: डॉ सुमन गुप्ता



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो उपायुक्त के निदेर्शानुसार सहयोगिनी तथा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के बाल विवाह मुक्त भारत रथ यात्रा को बोकारो उपायुक्त कार्यालय परिसर से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता के द्वारा हरा झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता ने कहा कि बोकारो को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए सरकारी तथा गैर सरकारी स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक तथा बाल विवाह मुक्त रथ के माध्यम से जिले के सभी प्रखंडों में जन जागरूकता का कार्य किया जा रहा है । सहयोगिनी का यह प्रयास काफी अच्छा है। नाटक का उद्देश्य बोकारो जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है। बाल विवाह मुक्त रथ बोकारो जिले के कसमार, पेटरवार, बेरमो, नावाडीह, चंद्रपुरा, चंदनकियारी, चास, गोमिया, जरीडीह, प्रखंड कार्यालय तथा जिले विभिन्न पंचायत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन जागरूकता का कार्य करेगी। आज जागरुकता रथ द्वारा उपायुक्त कार्यालय बोकारो, बाल संरक्षण कार्यालय बोकारो, सदर अस्पताल, चास प्रखंड कार्यालय, नारायणपुर चास में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com